आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 127 | उज्जैन, शनिवार 23 मई, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 7 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

प्रदेश की नई तबादला नीति, 15 जून तक ट्रांसफर, महिलाओं और रिटायर होने वाले कर्मचारियों को राहत

## टारगेट पूरा नहीं करने वाले अफसर-कर्मचारियों को हटाया जाएगा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मध्यप्रदेश सरकार ने तबादला नीति-2026 जारी कर दी है। नई नीति में बड़ा बदलाव करते हुए सरकार ने तय लक्ष्य पूरे नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशासनिक आधार पर प्राथमिकता से हटाने का प्रावधान किया है। ऐसे कर्मचारी तीन साल की अवधि पूरी होने से पहले भी तबादले की सूची में शामिल किए जा सकेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने कैबिनेट की मंजूरी के बाद आदेश जारी कर 1 जून से 15 जून तक विभागों को तबादले की अनुमति दी है। महिलाओं और रिटायरमेंट में कम समय बचने वालों कर्मचारियों को राहत दी गई है।



### रिक्त पदों के लिए श्रृंखलाबद्ध तबादलों पर रहेगी रोक

सरकार ने विभागों को यह भी निर्देश दिए हैं कि निर्माण और नियामक प्रकृति वाले विभागों को छोड़कर केवल तीन वर्ष की अवधि को तबादले का आधार न बनाया जाए। न्यायालय के आदेश, गंभीर शिकायत, रिक्त पदों की पूर्ति, पदोन्नति और प्रतिनियुक्ति से वापसी जैसे मामलों में भी तय प्रक्रिया के तहत तबादले किए जा सकेंगे। हालांकि रिक्त पदों की पूर्ति के लिए श्रृंखलाबद्ध तबादलों पर रोक रहेगी।

### तीन साल से पहले भी हो सकेगा तबादला

- नई नीति के तहत प्रथम और द्वितीय श्रेणी के कार्यपालिक अधिकारियों को एक ही जिले में तीन वर्ष पूरे होने पर जिले से बाहर स्थानांतरित किया जा सकेगा। वहीं तृतीय श्रेणी कर्मचारियों का भी एक स्थान पर तीन वर्ष या उससे अधिक समय पूरा होने पर तबादला किया जा सकेगा।
- हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि तीन वर्ष की अवधि तबादले की अनिवार्य शर्त नहीं होगी। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी पिछले वित्तीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्य पूरे नहीं कर पाया है तो उसका तबादला तय अवधि से पहले भी किया जा सकेगा। प्रशासनिक आधार पर ऐसे मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**महिलाओं को गृह जिले में पदस्थ करने का प्रावधान-** नई नीति में महिला कर्मचारियों और सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके कर्मचारियों को राहत दी गई है। अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्ता महिलाओं को गृह जिले में पदस्थ करने का प्रावधान रखा गया है। वहीं जिन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति में एक वर्ष या उससे कम समय बचा है, उनका सामान्य परिस्थितियों में तबादला नहीं किया जाएगा।

**पति-पत्नी को एक स्थान पर पदस्थ करने के भी आवेदन-** पति-पत्नी को एक स्थान पर पदस्थ करने के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, लेकिन अंतिम निर्णय प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार होगा। स्वयं के खर्च पर या परस्पर स्थानांतरण के आवेदन ऑनलाइन अथवा कार्यालय प्रमुख के सत्यापन के बाद स्वीकार किए जाएंगे।

**गंभीर बीमारी से पीड़ित कर्मचारियों को राहत-** गंभीर बीमारियों से पीड़ित कर्मचारियों को भी राहत दी गई है। कैंसर, डायलिसिस और ओपन हार्ट सर्जरी जैसे मामलों में जिला मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा पर स्थानांतरण किया जा सकेगा।

भोजशाला के मुख्य याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने माँ सरस्वती मंदिर भोजशाला में शुक्रवार को

## लंदन से माँ वाग्देवी की प्रतिमा लाने के संकल्प के साथ किया पूजन

**एजेंसी ▶▶ जयपुर**

धार। भोजशाला प्रकरण के धार के एकमात्र मुख्य याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद शुक्रवार को पहली बार 'माँ सरस्वती मंदिर' भोजशाला में दर्शन पूजन किया। इसके साथ ही मां वाग्देवी की प्रतिमा को लाकर पूनः स्थापित करने का संकल्प भी इस दौरान लिया गया। आज हिंदू समाज के लिए बड़ा ही गौरव का दिन था कि 721 वर्षों के संघर्ष के बाद ऐसा शुक्रवार आया जिस दिन भोजशाला में नमाज नहीं हुई अपितु सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक



पूजा अर्चना चली।

गर्भगृह में माँ की प्रतिमा के सामने गोयल ने संकल्प लिया कि जिस प्रकार उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद भोजशाला में हिंदू समाज को पूजा का अधिकार मिला है, उसी प्रकार से रणनीति बनाकर ब्रिटिश संग्रहालय लंदन में कैद माँ वाग्देवी की प्रतिमा को शीघ्र ही ससम्मान भोजशाला में गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। इस हेतु हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजना अग्निहोत्री,सनातनी योद्धा विष्णु शंकर जैन और इंदौर हाई कोर्ट के एडवोकेट विनय जोशी के माध्यम से विभिन्न मंत्रालयों में पत्राचार और कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। मुख्य याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने माँ वाग्देवी और मंदिर के सभी देवी देवताओं से सर्वे भवंतु सुखिनः और समाज के सभी वर्गों की जनता को सुख, समृद्धि,शांति,आरोग्यता मिलने की कामना की।

### अंतिम चेतावनी के साथ सुरक्षा का चक्रव्यूह

उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद सुरक्षा व्यवस्था अत्यधिक कड़ी कर दी गई है। गुरुवार शाम से ही जिले के पुलिस कप्तान आईपीएस सचिन शर्मा ने कड़े शब्दों में मुनादी जारी कर दी है। उन्होंने शांति व्यवस्था भंग करने वालों को स्पष्ट लहजे में चेतावनी दी है कि जो अदालत के निर्णय को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं या सोशल मीडिया पर गलत तरह से प्रस्तुत रहे हैं, वह संभल जाएं और अपनी हरकतों से बाज आ जाएं, अब तक का समय उनका था, यानी कि उन्हें गुरुवार शाम अंतिम बार समझाइश दी जा रही है, अगर किसी में हिम्मत है और उसे लगता है कि वह ऐसा कर सकता है, तो वह मान के चले कि उसके ऊपर ऐसी कार्यवाही की जाएगी जो उसने आज तक नहीं देखी होगी।

## प्रदेश में तेज लू का रेड अलर्ट

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मध्य प्रदेश में नौतपा शुरू होने से पहले ही भीषण गर्मी पड़ रही है। सुबह 9 से 11 बजे के बीच पारा 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 12 से तीन बजे तक बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।

मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, अगले 10 दिन यानी 31 मई तक गर्मी का यह दौर अपने पीक पर रहेगा। शुक्रवार को निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना और सतना में तीव्र लू का रेड अलर्ट



जारी किया गया है। इन जगहों पर पारा 46 डिग्री के पार जाने की आशंका है। गर्मियों में पानी पीने, नहाने, खाना पकाने और साफ-सफाई में भी पानी की खपत बढ़ जाती है।

## देश विदेश

### पीएम को झालमुड़ी खिलाने वाले को पाकिस्तान-बांग्लादेश से धमकियां

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी को पश्चिम बंगाल में झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। यह जानकारी दुकानदार बिक्रम कुमार ने शुक्रवार को दी। उसने बताया, 'पाकिस्तान और बांग्लादेश से फोन कॉल आ रहे हैं। कॉल करने वाले लोग उनकी दुकान उड़ाने की धमकी दे रहे हैं।' बिक्रम ने बताया कि एक वीडियो कॉल में कुछ लोग उन्हें हथियार भी दिखा रहे थे। इसके चलते वे और उनका परिवार काफी तनाव में है। मोदी ने 20 अप्रैल को चुनाव प्रचार के दौरान झाड़ग्राम में चुनावी रैली की थी। रोड शो के दौरान उन्होंने बिक्रम की दुकान से झालमुड़ी खरीदकर खाई थी। पीएम ने बिक्रम से हुई इस मुलाकात का करीब 40 सेकेंड का वीडियो और फोटोज अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की थीं।

### आतंकी हमजा बुरहान की हत्या का आरोपी हथियार समेत गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पुलवामा हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की हत्या के मामले में मुजफ्फराबाद के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट ने अब्दुल्ला कमाल नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है। अब्दुल्ला कमाल पाकिस्तान के वाह कैंट का रहने वाला है। कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से हथियार भी बरामद किया गया। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि हत्या में इसी हथियार का इस्तेमाल हुआ था या नहीं। दो अन्य संदिग्ध मौके से भाग निकले। आरोपी अब्दुल्ला कमाल की फोटो भी सामने आई है। हमजा बुरहान 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में शामिल था। जिसमें सीआरपीएफ काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें 40 जवान शहीद हुए थे। हमजा बुरहान को इस्लामाबाद के फातिमा स्कूल में दफनाया गया।

### मंगलसूत्र-हरी चूड़ियों में दिखीं कंगना रनौत



**गुपचुप शादी की खबरों पर एक्ट्रेस ने दी सफाई बोलीं- शूटिंग लुक था, सीक्रेट मैरिज नहीं करूंगी**

**मुंबई।** एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद कंगना रनोट का हाल ही में एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में कंगना मांग में सिंदूर, गले में मंगलसूत्र और हाथों में हरी चूड़ियां पहने नजर आ रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद फैंस के बीच कंगना के गुपचुप शादी करने की अफवाहें चल रही हैं। हालांकि, यह उनके किसी असल शादी का लुक नहीं है। अब कंगना ने खुद इस अफवाह पर सफाई दी है। कंगना का यह पारंपरिक लुक उनकी आने वाली फिल्म 'क्वीन 2' की शूटिंग का हिस्सा है, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। कंगना ने कहा है की वे गुपचुप शादी नहीं करेंगी। कंगना ने इन अफवाहों पर स्पष्टीकरण देते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा मैं हर दिन शहर में और उसके आसपास शूटिंग कर रही हूं, किसी ने कैरेक्टर मेकअप के साथ यह रैंडम तस्वीर क्लिक कर ली और अब मुझे इतने सारे फोन कॉल्स आ रहे हैं, लेकिन शादीशुदा महिला के लुक में ऐसी क्या बड़ी बात है? एक्टर्स हर तरह के रोल निभाते हैं, मैं गुपचुप शादी नहीं करूंगी, मैं वादा करती हूं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कई इंस्टाग्राम पेजेस ने कंगना रनोट का यह वीडियो शेयर किया था। इसमें कंगना पिंक कलर के पारंपरिक सूट में एक शादीशुदा महिला के रूप में दिखाई दे रही हैं। वीडियो के साथ कोई कैप्शन या जानकारी नहीं दी गई थी। इसके बाद इंस्टाग्राम और एक्स पर यूजर्स ने कमेंट करना शुरू कर दिया कि कंगना ने गुपचुप शादी कर ली है। कंगना या उनकी टीम की तरफ से तुरंत कोई सफाई नहीं आने से यह चर्चा इंटरनेट पर और बढ़ गई।

### पाकिस्तान-बांग्लादेश सीमा पर स्मार्ट बॉर्डर सुरक्षा सिस्टम लागू होगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार अगले एक साल के भीतर पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगी करीब 6 हजार किलोमीटर लंबी सीमा पर स्मार्ट बॉर्डर सुरक्षा सिस्टम लागू करेगी। इसके तहत ड्रोन, रडार, स्मार्ट कैमरे और दूसरी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सीमा की निगरानी मजबूत की जाएगी, ताकि घुसपैठ और तस्करी को पूरी तरह रोका जा सके। दिल्ली में बीएसएफ के रुस्तमजी मेमोरियल लेक्चर और बीएसएफ इन्वेस्टिचर सेरेमनी को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सरकार की अवैध घुसपैठ को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति है। उन्होंने कहा कि देश में मौजूद हर अवैध घुसपैठिए की पहचान की जाएगी और उसे वापस भेजा जाएगा।

### माउंट एवरेस्ट से उतरते वक्त दो भारतीयों की मौत

**नई दिल्ली।** माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले 2 भारतीय पर्वतारोहियों की उतरते समय मौत हो गई। यह जानकारी शुक्रवार को नेपाल अभियान संचालक संघ के महासचिव ऋषि भंडारी ने दी। उन्होंने बताया कि अरुण कुमार तिवारी और संदीप अरे नामक पर्वतारोही एवरेस्ट से उतरते समय बुरी तरह थक गए थे। इससे उनकी सांसें फूल गई थीं। भंडारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि आरे ने बुधवार को, जबकि अरुण तिवारी ने गुरुवार को शाम करीब 5.30 बजे एवरेस्ट को फतह किया था। अरुण तिवारी की मौत हिलेरी स्टेप के पास हुई। वहीं, संदीप अरे को शेरपा रेस्क्यू टीम कैंप-2 तक ले आई थी। कैंप पहुंचने के कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई। तीन भारतीयों ने एवरेस्ट फतह किया बुधवार को संदीप रे समेत तीन भारतीय पर्वतारोहियों ने 8 हजार 848 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे थे।

## आज से एसबीआई बैंक 6 दिन तक रहेंगे बंद

### 23 से 28 मई तक कामकाज होगा प्रभावित

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**



देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई लगातार 6 दिनों तक बंद रह सकते हैं। 23 मई से 28 मई 2026 के बीच एसबीआई की ब्रांचों में कामकाज प्रभावित होगा। इसकी मुख्य वजह वीकेंड, कर्मचारियों की प्रस्तावित दो दिन की हड़ताल और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से बकरीद (ईद-उल-अजहा) के लिए घोषित दो दिन की छुट्टियां हैं।

### क्यों बंद रह सकते हैं एसबीआई बैंक

23 मई से 28 मई के बीच बैंकों में कामकाज प्रभावित होने के अलग-अलग कारण हैं

- **वीकेंड की छुट्टियांः** 23 मई को महीने का चौथा शनिवार है और 24 मई को रविवार है। नियम के मुताबिक, देश के सभी बैंकों में हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को छुट्टी रहती है, जिसके कारण इन दो दिनों में बैंक बंद रहेंगे।
- **एसबीआई स्टाफ की हड़तालः** ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन ने अपनी कई मांगों को लेकर 25 और 26 मई (सोमवार और मंगलवार) को देशभर में दो दिन की हड़ताल का प्रस्ताव दिया है। इससे बैंकों के कामकाज पर सीधा असर पड़ेगा।
- **बकरीद की छुट्टीः** भारत के अलग-अलग राज्यों में बकरीद का त्योहार अलग-अलग दिन मनाया जाएगा, जिसके लिए आरबीआई ने दो दिन की छुट्टियां तय की हैं। देश के अधिकांश हिस्सों में 27 मई को बकरीद के कारण एसबीआई बंद रहेगा, जबकि कुछ हिस्सों में 28 मई को छुट्टी रहेगी। वहीं जम्मू-कश्मीर में 27 और 28 मई दोनों दिन बैंक बंद रहेंगे।

कॉकरोच जनता पार्टी फाउंडर बोले

## शिक्षामंत्री प्रधान इस्तीफा दें

### अभिजीत के माता-पिता बोले- 2 रातों से नहीं सोए, डर है बेटा गिरफ्तार न हो जाए




**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके शुक्रवार को सोशल मीडिया पेज बनाने के 7 दिन बाद पहली बार ऑनलाइन आए। उन्होंने नीट पेपर लीक मामले में शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है।

दीपके ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा- आज हम एक पिटीशन शुरू करने जा रहे हैं। जिसमें शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग की है। आप सब लोग ज्यादा से ज्यादा इस पिटीशन पर साइन कीजिए, ताकि सिस्टम की गलती पर सवाल उठ सके। अभिजीत ने कॉकरोच जनता पार्टी सीजेआई सूर्यकांत की टिप्पणी के विरोध में बनाई है। सीजेआई ने 15 मई को सुनवाई के दौरान कुछ बेरोजगारों को कॉकरोच कहा था।

उधर 'कॉकरोच जनता पार्टी' पेज के इंस्टाग्राम पर अचानक लोकप्रिय होने से उसके फाउंडर अभिजीत दीपके के माता-पिता बहुत ज्यादा परेशान हो गए हैं। उन्हें डर है कि उनका बेटा किसी मुसीबत में पड़ सकता है। उसे गिरफ्तार भी किया जा सकता है। अभिजीत के पेरेंट्स भगवान और अनीता दीपके महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में रहते हैं। दोनों ने गुरुवार को एक मराठी न्यूज चैनल को बताया- हम अपने बेटे को राजनीति में नहीं भेजना चाहते थे।

## जन्मदिन पर पक्षी जल पात्र वितरित



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच**

दैनिक अविन्तका अभियान के तहत बुधवार को शहर के (40) भारत माता चौराहे पर पक्षियों के लिए जल पत्र सकोरा वितरण कार्यक्रम में नीमच पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने भी जल पात्र वितरण किया।

व्यास ने सिर्फ औपचारिकता पूरी नहीं की बल्कि पात्र लेने वाले राहगीर लोगों को पात्र में नियमित रूप से पानी भरने और पक्षियों के पहुंच वाले उचित स्थान पर रखना को कहा जो आपकी संवेदनशीलता दर्शाती है। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. जीवन कौशिक, दैनिक अवन्तिका ब्यूरो, नीमच एवं असेंबली आफ एमपी जर्नलिस्ट जिलाध्यक्ष के जन्मदिन के अवसर पर भीषण गर्मी के मौसम में जीव दया पक्षियों के लिए जलपात्र, सकोरे वितरण का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक व्यास ने अच्छे आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कर कार्यक्रम में उपस्थिति दी। इसके पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश पप्पू जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत हरित, वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक सुरेंद्र सेठी, बेनाडिक कपूर, पत्रकार व संपादक, पत्रकार पुरुषोत्तम शर्मा, सत्येंद्र सक्सेना, मदन सिह धानुका, रघुवीर बैरागी, महेंद्र भरानिया, जनसंपर्क अधिकारी जगदीश मालवीय भी उपस्थित हुए। अंत में संयोजक रघुवीर बैरागी सभी का आभार व्यक्त किया।

## एक्ट्रेस की डेडबॉडी का फिर से पोस्टमॉर्टम होगा

### दिल्ली एम्स की टीम भोपाल आएगी, सीबीआई जांच को मंजूरी, आरोपी पति सरेंडर करेगा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

एक्ट्रेस-मॉडल ट्विशा शर्मा की डेडबॉडी का फिर से पोस्टमॉर्टम होगा। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने इसके आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली एम्स के डायरेक्टर के नेतृत्व में टीम भोपाल एम्स में पोस्टमॉर्टम करेगी। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। कोर्ट ने तब तक पुलिस को शव को सुरक्षित रखने को भी कहा है।

मध्य प्रदेश सरकार ने सीबीआई जांच के लिए सहमति दे दी है। 20 मई को ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा रिटायर्ड सैनिकों के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलने पहुंचे थे, तब उन्होंने इसका आश्वासन दिया था।

उधर, ट्विशा के पति समर्थ सिंह ने हाईकोर्ट में लगाई गई अपनी अग्रिम जमानत याचिका वापस ले ली है। जस्टिस ए.के. सिंह की वेकेशन बेंच के सामने उसके वकील ने कहा है कि समर्थ जिला अदालत में सरेंडर करेंगे।

वहीं, सरकार ने हाईकोर्ट में अपील दायर कर ट्विशा की सास रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को दी गई जमानत रद्द करने की मांग की। मामले की सुनवाई शुक्रवार को जस्टिस अवनींद्र सिंह की अदालत में होनी थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मामले को डिवीजन बेंच को रेफर कर दिया है।



### समर्थ के वकील बोले- सरेंडर कब कहां करेंगे, नहीं मालूम

- समर्थ के वकील जयदीप कौरव ने जबलपुर में कहा- कोर्ट के सामने ट्विशा के मामले में चार केस एक साथ लगे हुए थे। एक समर्थ की अग्रिम जमानत का आवेदन था। दूसरा ट्विशा के पिता की तरफ से दोबारा पोस्टमॉर्टम के लिए रिट याचिका थी। दो बेल कैंसिलेशन याचिका लगी थी, जो गिरिबाला की जमानत के खिलाफ थी।
- कोर्ट ने इस मामले में नोटिस जारी किया है। उनसे जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 25 मई को दोपहर 2.30 बजे होगी। उनको कोर्ट के सामने जवाब देना है। समर्थ की याचिका हमने वापस ले ली है। समर्थ ने कहा कि वे सरेंडर करना चाहते हैं। समर्थ कब और कहां सरेंडर करेंगे इसकी जानकारी हमें नहीं है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## न्यूज कॉलम

### पांच ट्रेनें उज्जैन होकर चलाने की मांग, सुझाव पत्र भेजा



**उज्जैन।** उज्जैन जंक्शन से रेलवे सुविधाएं बढ़ाने की मांग को लेकर वरिष्ठ नागरिक जीएल जेठवानी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सुझाव पत्र भेजा। इसमें डॉ. आंबेडकरनगर-कटरा मालवा एक्स., इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस, इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्स., इंदौर-पटना एक्स., को इंदौर-फतेहाबाद-उज्जैन होकर चलाने का सुझाव दिया है। ये ट्रेनें अभी इंदौर-देवास मार्ग से उज्जैन आती हैं। इससे यात्रा का समय बढ़ जाता है।

### का. यंत्री भार्गव मामले में निगम समेत सभी पक्षों को नोटिस

**उज्जैन।** नगर निगम के पूर्व कार्यपालन यंत्री पीयूष भार्गव पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों के मामले में कोर्ट ने नगर निगम सहित सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए हैं। अदालत ने सभी पक्षों को जांच से संबंधित अपना जवाब प्रस्तुत करने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया है। इसके बाद ही मामले की अगली सुनवाई की जाएगी। प्रारंभिक सुनवाई में कोर्ट ने पाया कि जांच प्रक्रिया में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों का पूरी तरह पालन नहीं किया गया। कोर्ट ने कहा कि इस अधिनियम के तहत दोनों पक्षों को सुनवाई, गवाहों को प्रस्तुत करने और जिरह का पूरा अवसर दिया जाना आवश्यक है, जबकि वर्तमान जांच में प्रक्रिया पूरी नहीं की गई थी। इसी आधार पर कोर्ट ने 9 अप्रैल 2026 को समिति की जांच रिपोर्ट पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी थी। अब कोर्ट ने सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर 4 सप्ताह के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद मामले की अगली सुनवाई होगी। पहली रिपोर्ट मान्य नहीं की, नई समिति बनाई थी 13 मार्च 2025 का है, जब नगर निगम की महिला अधिकारी ने पीयूष भार्गव पर अभद्र व्यवहार, अश्लील चैटिंग और मानसिक दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे। शिकायत के बाद नगर निगम की आंतरिक परिवाद समिति (आईसीसी) ने मामले की जांच की और रिपोर्ट में आरोपों को सही पाया था। यह रिपोर्ट 17 मार्च 2026 को निगम आयुक्त को सौंप दी थी। मामले में इससे पहले गठित जांच समिति की रिपोर्ट को मान्य नहीं किया था। कोर्ट के निर्देश पर एक नई जांच समिति का गठन किया, जिसकी अध्यक्षता सहायक लेखाधिकारी सरिता मांडरे कर रही हैं। समिति में चार वरिष्ठ अधिकारियों को सदस्य के रूप में शामिल किया था।

### शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के लिए निगम ने सफाई व व्यवस्थाएं तेज की

**उज्जैन।** गंगा दशमी पर 25 और 26 जून को क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा निकाली जाएगी। परिक्रमा प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सान्निध्य में होती है। श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता व्यवस्था को देखते हुए नगर निगम ने परिक्रमा मार्ग पर तैयारियां तेज कर दी हैं। निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर निगम सीमा में आने वाले पूरे परिक्रमा मार्ग पर विशेष साफ-सफाई कराई जा रही है। मरम्मत, पेचवर्क के साथ ही मार्ग की धुलाई की जा रही है। सौंदर्यीकरण के लिए रंगाई-पुताई करने के साथ ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी जारी है। निगमायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए हैं। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं को परेशानी न हो, इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती की गई है। वे अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग करेंगे। निगम के अनुसार जनसंपर्क, स्वास्थ्य, उद्यान, प्रकाश, शिल्पज्ञ, पीएचई, अन्य कर, पशु गैंग, फायर, वर्कशॉप विभागों की आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

### सद्गुरु कबीर प्राकट्य संत समागम समारोह कल, जुटेंगे संत-महंत

**उज्जैन।** श्री सद्गुरु कबीर धर्मदास जी वंशावली सेवा समिति उज्जैन के तत्वावधान में रविवार, 24 मई को 'सद्गुरु कबीर प्राकट्य संत समागम समारोह' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम पंच कोशी मार्ग स्थित नक्षत्र होटल के पास राज विलास पैलेस में संपन्न होगा। कार्यक्रम संयोजक प्रहलाद मालवीय भगतजी ने बताया कि समारोह की शुरूआत सुबह 9 बजे से होगी। इसमें विभिन्न संत-महंतों द्वारा सत्संग, भजन और प्रवचन दिए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान बांधवगढ़ के महंत हरिदास जी साहब के करकमलों द्वारा आनंदी चोका आरती संपन्न की जाएगी। इसके पश्चात सुंदर लाल मालवीय सुवासा और भजन मंडल द्वारा कबीर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, अनाज तिलहन व्यवसायी संघ उज्जैन के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, संघ के सचिव हजारीलाल मालवीय और तराना के पूर्व राज्यमंत्री बाबूलाल मालवीय उपस्थित रहेंगे।



---

दो विभागों के असमन्वय से उलझी उज्जैन-इंदौर ग्रीनफील्ड कॉरिडोर की कहानी

# पहले जमीन पर कॉलोनी का लायसेंस, अब रोड निकालने का प्रस्ताव

## न्यायालय ने जमीन अधिग्रहण पर स्थगन आदेश जारी किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



इंदौर-उज्जैन के बीच प्रस्तावित ग्रीन फील्ड कारिडोर प्रोजेक्ट में दो विभागों का असमन्वय उजागर हुआ है। इंदौर क्षेत्र के सगवाल गांव की डेढ़ हेक्टेयर से अधिक जमीन में बड़ा पेंच फंस गया है। इसे लेकर उच्च न्यायालय इंदौर खंड पीठ की एकलपीठ ने स्थगन आदेश दिया है। इसमें जमीन अधिग्रहण को लेकर व्यवस्था दी गई है कि संबंधित जिन किसानों ने मुआवजा नहीं लिया है, उनकी जमीनों का कब्जा फिलहाल नहीं लिया जा सकेगा। कोर्ट ने यह भी कहा है कि जिन किसानों ने मुआवजा ले भी लिया है और वे मुआवजा लौटाते हैं तो उनकी जमीन अधिग्रहण पर स्टे लागू हो जाएगा।

शासन ने इंदौर-उज्जैन के बीच 48.1 किमी फोरलेन सड़क की योजना तैयार की है। इसे ग्रीन फील्ड कारिडोर नाम दिया गया है। यह सड़क इंदौर के पितृ-पर्वत से शुरू होकर सीधे उज्जैन के श्री चिंतामण गणेश मंदिर के पास बायपास तक बनना है। दावा किया जा रहा है कि इस सड़क से इंदौर और उज्जैन के बीच की दूरी 30 मिनट में पूरी हो जाएगी। योजना के तहत इंदौर जिले की हातोद तहसील में आने वाले ग्राम सागवाल की 16.496 हेक्टेयर जमीन भी अधिग्रहित की कार्रवाई शुरू की गई थी, लेकिन अधिग्रहण के विरुद्ध नाराज किसानों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। आरोप है कि जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई कानूनी रूप से गलत है। जमीन अधिग्रहण के लिए जो नोटिफिकेशन जारी किया गया है, उसमें याचिका प्रस्तुत होने के बाद महाधिवक्ता ने 13 फरवरी 2026 को हाई कोर्ट में कहा था कि शासन भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुर्नस्थापन कानून के सभी प्रावधानों का पालन करेगी। इन प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए कोई कदम नहीं उठाया जाएगा। इसके बावजूद किसानों की जमीनों को अधिग्रहित करने का प्रयास किया जा रहा है। याचिकाकर्ता ने इसकी फोटो सहित जानकारी कोर्ट के समक्ष रखी और कार्रवाई रोकने की मांग की थी।

सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने कहा कि याचिका दायर करने वाले किसानों के मामले में जो भी कार्रवाई की जाएगी, वह कानून के अनुसार ही की जाएगी। कोर्ट को यह भी जानकारी दी गई कि याचिका दायर करने वाले कुछ किसान पहले ही मुआवजा ले चुके हैं और कुछ मुआवजा लेने को तैयार भी हैं। कोर्ट ने माना कि चूंकि याचिकाओं पर सुनवाई जारी है और इस बीच जमीनों का कब्जा ले लिया जाता है तो याचिकाओं का कोई मतलब नहीं रहेगा।

### एक विभाग ने अनुमति दी दुसरे ने सड़क निकाल दी

प्रकरण के अधिवक्ता धर्मेन्द्र प्रताप सिंह रघुवंशी के अनुसार सागवाल गांव की करीब 11.5 हेक्टेयर से अधिक जमीन पर में.शिल्प कुटी किसानों के साथ अनुबंध के आधार पर कॉलोनी विकसित कर रहा है। इसके लिए टी एंड सी से नक्शा पास करवा कर नवंबर 2024 में अनुमति ली गई। कालोनी विकास की अनुमति के साथ शासन में पंजीयन वगैरह सभी करवा लिए गए थे। करीब 6 माह बाद मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम ने यहां से सडक बनाने की अधिसूचना जारी की,लेकिन उसमे भी इस जमीन एवं सर्वे नंबर का कालोनी उल्लेख नहीं किया गया। कॉलोनी की डेढ़ हेक्टेयर से अधिक भूमि प्रस्तावित ग्रीन फील्ड कारिडोर प्रोजेक्ट के तहत ली जा रही है। रघुवंशी के अनुसार शासन के दो विभाग में समन्वय एवं सामंजस्य के अभाव की स्थिति इससे सामने आई है और उसमें किसानों एवं कॉलोनाइजर का नुकसान हो रहा है। यह प्रकरण न्यायालय के समक्ष है। कुछ दिनों पूर्व एमपीआरडीसी के लोगों ने यहां अधिग्रहण की कोशिश की थी जिसे लेकर हमने न्यायालय के समक्ष अपनी बात रखी थी इस पर यह स्थगन आदेश हमें मिला है।

---

25 मई को मनाया जाएगा गंगा दशहरा का त्योहार

# गंगा स्नान और पूजा से पापों का नाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गंगा दशहरा का त्योहार 25 मई को मनाया जाएगा। माना जाता है कि इस दिन गंगा स्नान और पूजा से दस प्रकार के पापों का नाश होता है। कहा जाता है कि भगीरथ के कठोर तप से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने मां गंगा को अपनी जटाओं के माध्यम से पृथ्वी पर प्रवाहित किया था।

हर वर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पावन पर्व मनाया जाता है। इसी पवित्र दिन पर मां गंगा का स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। सनातन धर्म में गंगा नदी को केवल एक नदी नहीं, बल्कि मां का दर्जा दिया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि गंगा नदी में स्नान करने से व्यक्ति के सभी पाप और दोष धुल जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी कारण गंगा नदी को पापमोचनी और मोक्षदायिनी भी कहा जाता है।

पंचांग के अनुसार, इस वर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि का आरंभ और उदया तिथि के आधार पर गंगा दशहरा का महापर्व 25 मई 2026, सोमवार को मनाया जाएगा। **दशमी तिथि का प्रारंभः** 25 मई 2026 को सुबह 04:30 बजे से, **दशमी तिथि का समापनः** 26 मई 2026 को सुबह 05:10 बजे तक, **ब्रह्म मुहूर्तः** सुबह 04:40 बजे से 05:23 बजे तक, **अभिजित मुहूर्तः** दोपहर 12:17 बजे से 01:10 बजे तक



- **कपिल मुनि का श्राप-** पौराणिक कथा के अनुसार, सतयुग में सूर्यवंश के प्रतापी राजा सगर ने चक्रवर्ती सम्राट बनने के लिए अश्वमेध यज्ञ का आयोजन किया। इंद्रदेव ने यज्ञ को भंग करने के लिए यज्ञ का घोड़ा चुराकर महर्षि कपिल के आश्रम में छिपा दिया। जब राजा सगर के 60,000 पुत्र घोड़े की खोज करते हुए कपिल मुनि के आश्रम पहुंचे, तो उन्होंने ऋषि पर चोरी का आरोप लगा दिया। ध्यानमग्न कपिल मुनि ने क्रोध में जैसे ही अपनी आंखें खोलीं, उनके तेज से राजा सगर के सभी 60,000 पुत्र भस्म हो गए।
- **भगीरथ की कठिन तपस्या-** राजा सगर के वंशज राजा भगीरथ को जब यह ज्ञात हुआ कि उनके पूर्वजों की आत्माओं को तब तक मोक्ष नहीं मिलेगा, जब तक स्वर्ग से मां गंगा आकर उनकी भस्म को स्पर्श नहीं करतीं, तब उन्होंने अपने राज्य का त्याग कर हिमालय पर ब्रह्मा जी की घोर तपस्या की। हजारों वर्षों की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी प्रकट हुए और उन्होंने गंगा को पृथ्वी पर भेजने की अनुमति दी। लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि मां गंगा का वेग अत्यंत प्रचंड है, जिसे पृथ्वी सहन नहीं कर पाएगी और वह पाताल में समा सकती है। इस वेग को केवल भगवान शिव ही नियंत्रित कर सकते हैं।

### भगवान शिव की जटाओं में समाई गंगा

इसके बाद भगीरथ ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए तप किया। भगवान शिव ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर ली। जब गंगा स्वर्ग से तीव्र वेग के साथ पृथ्वी की ओर आईं, तो भगवान शिव ने उन्हें अपनी जटाओं में समाहित कर लिया। गंगा जी कई दिनों तक शिव की जटाओं से बाहर निकलने का मार्ग खोजती रहीं, जिससे उनका अहंकार समाप्त हो गया।

### पृथ्वी पर अवतरण और पूर्वजों का उद्धार

भगीरथ की विनम्र प्रार्थना पर भगवान शिव ने अपनी जटा की एक लट खोली, जिससे मां गंगा शांत होकर सात धाराओं में विभाजित होकर पृथ्वी पर प्रवाहित हुईं। रास्ते में जाह्नु ऋषि के आश्रम को नुकसान पहुंचाने पर ऋषि ने गंगा को अपने जल में समाहित कर लिया, लेकिन भगीरथ की प्रार्थना पर उन्होंने गंगा को अपनी कान से पुनः बाहर निकाल दिया। इसी कारण गंगा का एक नाम जाह्नवी भी है। अंत में भगीरथ मां गंगा को उस स्थान पर ले गए जहां उनके पूर्वजों की भस्म थी। पवित्र गंगा जल के स्पर्श मात्र से सभी 60,000 पूर्वजों को मोक्ष प्राप्त हुआ।

### गंगा दशहरा का धार्मिक महत्व

ह्यदशहराह्न शब्द का अर्थ है दस प्रकार के पापों का नाश करने वाला। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान से मनुष्य के दस प्रकार के पाप, 3 कायिक यानी शारीरिक पाप, 4 वाचिक यानी वाणी के पाप और 3 मानसिक पाप का नाश होता है।

---

आधी रात बजा सायरन रेलवे में मचा हडकंप

# राजधानी एक्स. आग की घटना के बाद रेलवे ने जांची राहत सक्रियता



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गुरूवार मध्य रात को आकस्मिक उज्जैन सहित अनेक स्टेशनों पर रेलवे के आपतकालीन सायरनों की आवाज सूनकर लोगों में दुर्घटना की आशंका का भय समा गया। काफी देर तक उज्जैन से लेकर रतलाम तक भगदड मची रही। बाद में यह सामने आया कि यह रात्रिकालीन दुर्घटना प्रबंधन को जांचने के लिए माक ड्रिल किया गया था।

देर रात आपातकालीन सायरन की आवाज सूनकर कई लोग अज्ञात दुर्घटना आशंका से भयभीत हुए। एक साथ उज्जैन सहित रतलाम तक स्टेशनों पर सायरन बज रहे थे। शुक्रवार सुबह पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल की और से स्पष्ट किया गया कि यह माक ड्रिल था। जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि रेल दुर्घटना जैसी आपात परिस्थितियों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तत्परता, समन्वय एवं राहत-बचाव कार्यों की तैयारी का आकलन करने हेतु मध्यरात्रि में एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह मॉक ड्रिल रतलाम मंडल के नागदा-पिपलोदा बागला खंड के मध्य समपार फाटक क्र. 3 पर आयोजित की गई। मॉक ड्रिल के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की।

---

महापौर ई-रिक्शा से पहुंचे निगम कंट्रोल कक्ष

# जनसमस्याओं का किया निराकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



पेट्रोल-डीजल के मितव्ययी उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई अपील एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के आवाहन पर उज्जैन नगर पालिक निगम में भी विशेष पहल की गई। इसी क्रम में शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल ई-रिक्शा में सवार होकर निगम कंट्रोल कक्ष पहुंचे तथा वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर मुकेश टटवाल ने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शव वाहन के लिए किसी भी नागरिक को परेशान नहीं होना चाहिए। कंट्रोल कक्ष में जहां से भी सूचना प्राप्त हो, निर्धारित समय पर शव वाहन संबंधित स्थान पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि कंट्रोल कक्ष में सभी वाहन चालकों के नाम, मोबाइल नंबर एवं उपस्थिति का नियमित अभिलेख रखा जाए। साथ ही पर्याप्त संख्या में वाहन चालक उपलब्ध रहें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सेवा दी जा सके।

महापौर मुकेश टटवाल ने उज्जैन शहर के पार्षदों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सप्ताह में कम से कम एक दिन निजी वाहनों का उपयोग न करें। उन्होंने लोगों से डीजल एवं पेट्रोल की खपत कम करने तथा ई-रिक्शा एवं अन्य विद्युत चालित वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

---

प्रधानमंत्री और सुप्रीम कोर्ट की पहल का असर

# सीनियर एडवोकेट शर्मा ने घर बैठे सुप्रीम कोर्ट में की पैरवी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



देश के प्रधानमंत्री और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया द्वारा 'पेट्रोल बचाने और पर्यावरण संरक्षण' को लेकर की गई विशेष पहल का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। इसी कड़ी में न्याय जगत से जुड़ा एक बेहद सराहनीय और अनुकरणीय उदाहरण सामने आया है, जहाँ नगर के प्रतिष्ठित सीनियर एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा ने दिल्ली जाए बिना, उज्जैन स्थित अपने निवास से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश की सर्वोच्च अदालत में एक पुलिस थाना नानाखेड़ा के एक महत्वपूर्ण मामले में पैरवी की।

इस महत्वपूर्ण प्रकरण की सुनवाई के दौरान तकनीक का बेहतरीन समन्वय देखने को मिला। जब उज्जैन से शर्मा अपने निवास से वर्चुअली सुप्रीम कोर्ट से जुड़े, तो उसी समय देश के जाने-माने वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। कानूनविदों ने बिना किसी यात्रा के, अपने-अपने स्थानों से अदालत के समक्ष प्रभावी रूप से पक्ष रखा और मामले पर विस्तृत बहस हुई।

### पीएम और सीजेआई की मुहिम को मिला बल

हाल ही में प्रधानमंत्री और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने देश के अधिवक्ताओं और न्याय प्रणाली से जुड़े लोगों से अपील की थी कि वे छोटे-मोटे मामलों या नियमित सुनवाइयों के लिए लंबी यात्राएं करने के बजाय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का अधिक से अधिक उपयोग करें। इस पहल का मुख्य उद्देश्यः

**ईंधन (पेट्रोल/डीजल) की बचत करनाः** वकीलों और पक्षकारों को दिल्ली आने-जाने के लिए हवाई या ट्रेन यात्रा नहीं करनी पड़ती, जिससे देश के संसाधनों की बचत होती है।

**समय और धन का सदुपयोगः** कोर्ट की कार्यवाही में गति आती है और अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलती है।

**पर्यावरण को लाभः** यात्राएं कम होने से कार्बन फुटप्रिंट घटता है, जो सीधे तौर पर पर्यावरण को बेहतर बनाने में मददगार है।

### अधिवक्ताओं ने की इस पहल की सराहना

उज्जैन के सीनियर एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा द्वारा उठाया गया यह कदम अन्य वकीलों के लिए भी प्रेरणादायी है। न्याय जगत और स्थानीय प्रबुद्ध जनों ने इस ऐतिहासिक पैरवी की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल माध्यमों का ऐसा उपयोग न सिर्फ वकीलों का समय और पैसा बचाता है, बल्कि देश के पर्यावरण के हित में भी एक बड़ी क्रांति है।

---

शहर को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से

# नगर निगम ने रखा 10 लाख से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा आगामी समय में 10 लाख से अधिक पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में वर्तमान तक विभिन्न क्षेत्रों में 3 लाख से अधिक गड्ढे तैयार किए जा चुके हैं।

इस संबंध में शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर आयुक्त योगेंद्र सिंह पटेल ने आगामी पौधारोपण कार्यक्रम एवं कार्य योजना की विस्तृत समीक्षा की।



### वर्षा ऋतु में शुरू होगा विशेष अभियान

बैठक में अपर आयुक्त पटेल ने निर्देश दिए कि पौधारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारियां प्रारंभ कर दी जाएं। वर्षा ऋतु के आरंभ होते ही बड़े स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इसके लिए अधिक से अधिक संख्या में गड्ढे तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

**सभी पौधों की होगी जियो टैगिंग-** अभियान में नगर निगम के साथ विभिन्न शासकीय कार्यालय, सामाजिक संस्थाएं, संगठन, पर्यावरण प्रेमी, वृक्ष मित्र एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही लगाए जाने वाले सभी पौधों की जियो टैगिंग करने और अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया गया, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इससे जुड़ सकें।

### ये अधिकारी रहे उपस्थित

बैठक में सहायक आयुक्त पवन कुमार फुलफकीर, कार्यपालन यंत्री दीपक शर्मा, सभी जोनल अधिकारी, उपयंत्री तथा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम से सुश्री वर्षा जोशी उपस्थित रहीं।

### इन प्रमुख स्थानों पर होगा वृहद पौधारोपण

नगर निगम द्वारा जिन प्रमुख स्थानों का चयन पौधारोपण के लिए किया गया है, उनमें –

- विक्रम विश्वविद्यालय परिसर
- एमआर-5 ट्रांसफर स्टेशन
- मेघदूत पार्किंग के पीछे का क्षेत्र
- चकोर पार्क
- शक्तिपथ रोड

शहर के 400 से अधिक उद्यान, विभिन्न सड़कें एवं मार्ग किनारे क्षेत्र, संस्थानिक भूमि एवं शासकीय कार्यालय परिसर सभी जलाशयों के किनारे

- पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर
- कपिला गौशाला
- काल भैरव मंदिर क्षेत्र
- गोंदिया टीचिंग ग्राउंड सहित अन्य स्थान शामिल हैं।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

उज्जैन | शनिवार 23 मई, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों के लिए नवीन छात्रावास भवन जी+3 का होगा निर्माण

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में आज संभागायुक्त कार्यालय में शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय लोकमान्य नगर इंदौर की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिसर में नये भवन के निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर किया जाए। नये सत्र से तीन विषयों (क्रिया शरीर, रचना शरीर और शालाक्य तंत्र) में शुरू होने जा रहे पीजी पाठ्यक्रम की तैयारियां सुनिश्चित की जाए। साथ ही विद्यार्थियों के लिए प्रस्तावित नवीन छात्रावास भवन जी+3 के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू किया जाए। महाविद्यालय एवं छात्रावास में भोजन व्यवस्था हेतु नवीन पीएनजी पाईपलाइन कनेक्शन का कार्य समयसीमा में पूर्ण किया जाए। महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की एनसीआईएमएस से मान्यता हेतु आवश्यक चिकित्सा उपकरण एवं औषधि के निर्माण हेतु कच्ची औषधियां एवं उपकरण क्रय किए जाए। स्नातक विद्यार्थियों के लिए तीन माह के स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम को शुरू किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजीतपाल सिंह चौहान, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री अजय यादव, जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया, समिति सदस्य डॉ. धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. एस के दास एवं डॉ. जगदीश पंचोली सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

### बन रहे 19 बड़े ब्रिज और आरओबी; काम में आई तेजी

# सिंहस्थ-2028 से पहले बदलेगा उज्जैन शहर का नक्शा

### दिसंबर-2026 तक 6 कार्य, मार्च-2027 तक 6 कार्य, जुलाई-2027 तक 4 कार्य, अक्टूबर-2027 तक 1 कार्य और दिसंबर-2027 तक 1 कार्य पूर्ण होने की संभावना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में सिंहस्थ-2028 महापर्व को लेकर उज्जैन में अधोसंरचना विकास कार्य तेज गति से किए जा रहे हैं। शहर को विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित करने के उद्देश्य से 19 महत्वपूर्ण पुल और रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) बनाए जा रहे हैं, जिनमें से 18 कार्यों पर निर्माण शुरू हो चुका है।

संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि दिसंबर 2026 तक 6 ब्रिजों का निर्माण पूरा होने की संभावना है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से उज्जैन की यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी और शिप्रा नदी के दोनों किनारों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित होगी। साथ ही धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों तक पहुंच आसान बनेगी।

निमार्णाधीन प्रमुख परियोजनाओं में हरिफाटक से रिंग रोड वाकणकर तक पैरेलल हाई लेवल ब्रिज, तपोभूमि से हामुखेड़ी हाई लेवल ब्रिज, दुगार्दास की छतरी (केडी गेट) से गोंसा रोड तक 4-लेन सबमर्सिबल ब्रिज तथा कार्तिक चौक से शंकराचार्य चौक तक सबमर्सिबल ब्रिज शामिल हैं। इसके अलावा नरसिंह घाट, लाल पुल, ओखलेश्वर, भैरोगढ़ और अन्य घाट क्षेत्रों में भी समानांतर एवं सबमर्सिबल पुल बनाए जा रहे हैं।

इंदौर-देवास-उज्जैन रेलखंड पर फ्रीगंज, पंचक्रोशी और आईटीआई क्षेत्र में रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण भी किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार दिसंबर-2026 तक 6, मार्च-2027 तक 6, जुलाई-2027 तक 4 और वर्ष 2027 के अंत तक शेष परियोजनाएं पूरी होने की संभावना है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी लगातार निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं ताकि सभी परियोजनाएं तय समयसीमा और उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूरी की जा सकें। इन विकास कार्यों के बाद उज्जैन का स्वरूप आधुनिक मेट्रो शहर जैसा दिखाई देगा और सिंहस्थ-2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल सकेंगी।



### यहां के पुल इस साल बनकर तैयार होंगे

- विक्रम नगर-कड़छा के बीच एलसी नंबर 7/19-21 पर रेलवे ओवरब्रिज।
- मंगलनाथ मंदिर के पीछे नाले पर मौजूदा ब्रिज के समानांतर सबमर्सिबल ब्रिज।
- शिप्रा नदी पर कर्कराज पार्किंग से भूखी माता लालपुल मार्ग तक ब्रिज।
- काल भैरव मंदिर से गढ़ कालिका मार्ग (ओखलेश्वर) पर समानांतर ब्रिज।
- सिद्धवट-अंगारेश्वर मार्ग पर शिप्रा नदी पर सबमर्सिबल ब्रिज।
- पिपलीनाका चौराहा से भैरवगढ़ मार्ग पर मौजूदा ब्रिज के समानांतर ब्रिज।

### उज्जैन में 19 नए पुल बनाने को 440 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं

बता दें कि सिंहस्थ- 2028 की तैयारी जोरशोर से चल रही है। ऐसे में सिंहस्थ से पहले प्रदेश सरकार ने उज्जैन में 19 नए पुल बनाने को 440 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। एक पुल का निर्माण अभी निविदा प्रक्रिया में चल रहा है, जबकि शेष का काम प्रगति पर है। सरकार 4814 करोड़ रुपये से शहर में 276 किलोमीटर लंबी 52 सड़कों को चौड़ा भी कर रही है। यही नहीं 8719 करोड़ रुपये से 304 किलोमीटर लंबी 26 नई सड़कें भी बना रही है। सरकार सिंहस्थ से पहले शहर में बुनियादी ढांचा खड़ा करना चाहती है। ऐसे में निर्माण कार्यों में तेजी लाई गई है।



### महिदपुर रोड पर पुलिस-आयकर विभाग की कार्रवाई

# बोलेरो वाहन से 19 लाख से अधिक की नकदी बरामद





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन से करीब 48 किमी दूर महिदपुर रोड पर एक बोलेरो गाड़ी से 19.53 लाख रुपये नकद मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक से पूछताछ शुरू कर दी। मामले की जानकारी उज्जैन आयकर विभाग को भी दे दी गई है। पुलिस के अनुसार, बोलेरो गाड़ी नागदा की गोल्डन केमिकल कंपनी की है। वाहन में दो लोग सवार थे, जिनसे पूछताछ जारी है। रुपए कहां से लाए गए थे और कहां ले जाए जा रहे थे, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम उज्जैन से महिदपुर रोड के लिए रवाना हो गई है। टीम के पहुंचने के बाद ही मामले में विस्तृत जानकारी सामने आ सकेगी। सूत्रों के मुताबिक, जिस बोलेरो गाड़ी से नकदी बरामद हुई है, वह नागदा की गोल्डन केमिकल कंपनी की बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। नागदा की गोल्डन केमिकल कंपनी की बोलेरो से 19.53 लाख रुपए जब्त किए गए हैं।

### वाहन में अवैध तरीके से कुछ ले जाया जा रहा है था

पुलिस ने बताया कि नागदा मार्ग स्थित शनि मंदिर के पास कार्रवाई करते हुए बोलेरो वाहन से लाखों रुपये नकद जब्त किए गए। सूचना मिली थी कि वाहन में अवैध तरीके से कुछ ले जाया जा रहा है। इसके बाद पुलिस टीम सक्रिय हुई और संदिग्ध वाहन को रोक लिया। बोलेरो की तलाशी लेने पर बड़ी मात्रा में नकदी मिली। रकम की गिनती के बाद करीब 19.53 लाख रुपए होना बताया गया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि वाहन से 19.53 लाख रुपए मिलने की सूचना है। मामले में आगे की कार्रवाई आयकर विभाग द्वारा की जाएगी। वहीं, टीआई रामसिंह भाबोर ने बताया कि उन्हें मामले की पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन इस संबंध में उन्हें फोन पर सूचना मिली थी।


## विभागीय कार्रवाई के बाद कर्मचारी ने खाया जहर, अस्पताल में भर्ती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम के सहायक सीएसआई महेंद्र सिंह चौहान ने बुधवार को कथित रूप से जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में खजराना चौराहा स्थित नोबल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में उनका उपचार जारी है और चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। अस्पताल अथॉरिटीज ने फिलहाल मरीज की स्थिति को गंभीर बताया है, पर विस्तृत मेडिकल बुलेटिन अभी साझा नहीं किया गया है।

परिजनों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में गंदगी मिलने से जुड़ी शिकायत के बाद महेंद्र सिंह चौहान के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई थी। परिजनों का कहना है कि कार्रवाई के दौरान चौहान को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया, जिससे वे मानसिक तनाव में थे। परिवार का सुझाव है कि इसी तनाव के कारण उन्होंने यह कदम उठाया होगा। मामले के असली कारणों की आधिकारिक पुष्टि अभी होना बाकी है।

वही घटना की जानकारी मिलते ही नगर निगम प्रशासन ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए चौहान के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। निगम ने कहा है कि कर्मचारी की स्थिति की जानकारी मिलने पर उन्हें प्राथमिकता के साथ इलाज मुहैया कराया जा रहा है और अस्पताल में सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## न्यूज कालम



### शुद्ध के लिए युद्ध अभियान तेज: जावद में खाद्य प्रतिष्ठानों पर प्रशासन का छापा

**नीमच।** वर्तमान भीषण गर्मी के दौर में खाद्य पदार्थ की अशुद्धता और मिलावट की वजह से कई लोग बीमारी की चपेट में आ जाते हैं ऐसे मे जिला कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं अस्वच्छता के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को एसडीएम जावद श्रीमती श्री प्रीति संघवी तहसीलदार जावद श्री नवीन गर्ग एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा की संयुक्त टीम ने जावद शहर एवं फोरलेन केसरपुरा क्षेत्र में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत समोसा-कचौरी एवं मिठाई विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर तलने वाले खाद्य तेल, मसालों की गुणवत्ता एवं साफ-सफाई की जांच की गई। जिसमे पवन मिष्ठान्न, बस स्टैंड जावद से मूंगफली का तेल एवं कचौरी का नमूना लिया गया। श्री मीनाक्षी मिष्ठान, जावद से मिल्क केक एवं लस्सी का नमूना जांच हेतु लिया गया। श्री बालाजी होटल एंड ढाबा की रसोई में अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य निर्माण एवं संग्रहण पाया गया।

### सचिन सिहोते जिला अध्यक्ष नियुक्त



**सनावद।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन कोर कमेटी की बैठक में शहर के सचिन सिहोते को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष गुड् संजय वाल्मीकि ने बताया बैठक में नियुक्त किए गए पदाधिकारियों को सफाई कर्मचारियों व स्वच्छकार समाज की दिन प्रतिदिन बढ रही समस्याओं को हल कराने व वैधानिक अधिकार दिलाने के लिए ईमानदारी व कर्मठता से कार्य करेंगे। यह नियुक्ति आगामी एक वर्ष के लिए प्रभावी होगी। सचिन की नियुक्ति पर यूनियन के सदस्यों ने हर्ष जताया।

### नवीन गुप्ता भाजपा जिला सोशल मीडिया विभाग के संयोजक नियुक्त

**बड़वानी।** भारतीय जनता पार्टी संगठन में सोशल मीडिया की भूमिका को और मजबूत करते हुए बुधवार रात बड़ा निर्णय लिया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव ने राजपुर निवासी नवीन गुप्ता को भाजपा जिला बड़वानी के सोशल मीडिया विभाग का जिला संयोजक नियुक्त किया है।यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल के निर्देश पर की गई। इस निर्णय पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी, जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल यादव तथा सोशल मीडिया निमाड़ संभाग प्रभारी भूपेंद्र बोडा की सहमति रही। जिला अध्यक्ष अजय यादव द्वारा बुधवार रात्रि में नियुक्ति की घोषणा करते ही पार्टी कार्यकताओं में उत्साह दिखा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर नवीन गुप्ता को बधाई देने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

### बिना अनुमति हरे-भरे पेड़ काटने पर लगा 50 हजार का जुर्माना

**मन्दसौर।** पर्यावरण नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से वृक्षों की कटाई करने के एक मामले में सीतामऊ एसडीएम न्यायालय ने सख्त कार्रवाई की है। उपखण्ड सीतामऊ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवानी गर्ग द्वारा आरोपी राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम लखवा, सुवासरा पर पचास हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। राजेंद्र सिंह द्वारा शासकीय भूमि सर्वे नंबर १७७ एवं निजी भूमि पर स्थित इमली, महुआ तथा बबूल सहित कई फलदार वृक्षों की बिना अनुमति अवैध कटाई की गई थी। मामले की सुनवाई के बाद मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता १९५९ की धारा २४१ के तहत यह जुमार्ना लगाया गया। एसडीएम ने आमजन से अपील की है कि वे हरे-भरे वृक्षों की सुरक्षा करें और अवैध कटाई की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

### कपास बीज की बुआई अधिक तापमान में न करे

**बड़वानी।** खरीफ सीजन में कपास की खेती मालवा क्षेत्र के अलावा बडवानी जिले में भी की जा रही है । गत वर्ष कपास फसल के अच्छे दाम/कीमत मिलने से जिले में इस वर्ष ८० हजार हेक्टर से अधिक क्षेत्र में कपास की बुआई करने की संभावना है । इस वर्ष कपास फसल की बुआई ॥छक्कस् (सघन पौधरोपण) पद्धति से किये जाने हेतु एवं श्वरुस् (लंबे रेशे वाली) किस्में उपयोग करने हेतु किसानों भाईयों को प्रेरित किया जा रहा है । साथ ही देशी कपास की किस्मो को बढावा देने के लिए कपास की देशी किस्मो के प्रदर्शन भी आयोजित किये जा रहे है ।

### बाढ़ नियंत्रण और आपदा प्रबंधन की तैयारियों के संबंध में बैठक 25 मई को

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में वर्षा ऋतु में बाढ़ नियंत्रण और आपदा प्रबंधन की तैयारियों के संबंध में बैठक सोमवार 25 मई को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में टीएल बैठक के उपरांत आयोजित की जाएगी। इसमें संबंधित विभागों को संपूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

### 25 मई तक मिलेगा राशन हितग्राहियों से समय पर वितरण लेने की अपील

**उज्जैन।** जिला आपूर्ति नियंत्रक ने जानकारी दी कि नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट (हस्न्फ्र) अंतर्गत पात्र परिवारों को शासन द्वारा मई एवं जून 2026, दोनों माह की राशन सामग्री एकसाथ वितरित की जा रही है। राशन वितरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 25 मई 2026 कर दी गई है।ऐसे हितग्राही जो अभी तक राशन प्राप्त नहीं कर सके हैं, उनसे अपील की गई है कि वे 25 मई 2026 के पूर्व अपनी संबंधित उचित मूल्य दुकान पर पहुंचकर दो बार बॉयोमेट्रिक सत्यापन (अंगूठा लगाकर) कराएं तथा दोनों माह की पात्रतानुसार राशन सामग्री एवं मशीन से निकली दोनों पावतियां प्राप्त करें।

# गांधी प्रतिमा के सामने फूटा जल संकट का जनआक्रोश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने गुरुवार को उस समय जनआक्रोश खुलकर सामने आया, जब नागरिक अधिकार मंच (रजि.) ने सनावद में लगातार गहराते जल संकट को लेकर बस स्टैंड परिसर में जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया। भीषण गर्मी, एक दिन छोड़कर हो रही जल आपूर्ति और दूषित पानी की शिकायतों से परेशान नागरिकों की आवाज अब सड़कों पर उतरती दिखाई दे रही है।

कार्यक्रम की शुरूआत गांधी प्रतिमा के जल अभिषेक एवं माल्यार्पण से हुई। मंच के पदाधिकारियों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि जनता से नियमित नल कर वसूला जा रहा है, लेकिन बदले में मूलभूत जल सुविधा तक नहीं मिल रही।वक्ताओं ने कहा कि 42 डिग्री से अधिक






तापमान में महिलाएं, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग पानी के लिए घंटों इंतजार करने को मजबूर हैं। कई वार्डों में कम दबाव से पानी पहुंच रहा है, जबकि कुछ क्षेत्रों में दूषित पानी की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। सवाल यह भी उठा कि जब मां नर्मदा किनारे बसे आसपास में प्रतिदिन जल आपूर्ति हो सकती है, तो आखिर सनावद ही जल संकट का स्थायी शिकार क्यों बना हुआ है? मंच ने च्च्अमृतधारा 0.2 योजना के अधूरे कार्य को भी कटघरे में खड़ा किया। आरोप लगाया गया कि संबंधित एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण करोड़ों की योजना का लाभ जनता तक नहीं पहुंच पा रहा। योजना में हुई देरी और कार्यों की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच की मांग भी उठाई गई।जनजागरण कार्यक्रम में नगर के पुराने कुएं, बावड़ियां और पारंपरिक जल स्त्रोतों की उपेक्षा का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा।

मंच पदाधिकारियों ने पूछा कि क्या नगर पालिका के पास भू-जल स्तर बढ़ाने, वर्षा जल संचयन लागू करने और भविष्य के जल संकट से निपटने की कोई ठोस कार्ययोजना है या नहीं? सरकारी भवनों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली लागू नहीं होना भी प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा उदाहरण बताया गया।कार्यक्रम में मंच के संयोजक दिनेश सोनी, संरक्षक गुलाम अली, अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष हबीब खान एवं जयेश राठौर, संगठन मंत्री जयराम चौधरी, सचिव संजय सोनी, कोषाध्यक्ष ऋषि एरन, विधि सलाहकार अभिनव मिश्रा तथा सदस्य दिलीप सिंह पवार, ललित शर्मा, आदित्य मिश्रा, राहुल मुनव्वर, छोटेलाल धीमान, डॉ. रितेश जाचपुरे, सुधीर चौखड़े सहित बड़ी संख्या में मंच कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र सिंह पवार द्वारा किया गया।

नागरिक अधिकार मंच ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही प्रतिदिन नियमित जल आपूर्ति, पारदर्शी टैंकर व्यवस्था और स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में यह आंदोलन और व्यापक रूप ले सकता है।

# अजमेर-बांद्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन प्रारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलोट

यात्रियों की सुविधा एवं बढ़ती यातायात माँग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा पूर्व में संचालित विशेष गाड़ी संख्या 09621/22 को नियमित करते हुए अजमेर बांद्रा टर्मिनस अजमेर के मध्य साप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ी का स्थायी संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 19625 (अजमेर बांद्रा टर्मिनस) दिनांक 24 मई से प्रत्येक रविवार को अजमेर से 6.35बजे प्रस्थान कर उसी दिन सवाई माधोपुर जंक्शन 11.10 बजे, कोटा जंक्शन 12.50 बजे, रामगंज मंडी 13.48 बजे, भवानी मंडी 14.08 बजे, विक्रमगढ़ आलोट 15.23 बजे होते हुए अगले दिन सुबह 4.20 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19626 (बांद्रा टर्मिनसझ्अजमेर) दिनांक 25 मई से प्रत्येक सोमवार को बांद्रा टर्मिनस से 8.35 बजे प्रस्थान कर उसी दिन विक्रमगढ़ आलोट 22.23 बजे, भवानी मंडी 23.23 बजे, रामगंज मंडी 23.48 बजे तथा अगले दिन मंगलवार को रात्रि कोटा जंक्शन 55 बजे, सवाई माधोपुर जंक्शन 3.25 बजे होते हुए 9 बजे अजमेर पहुँचेगी। यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, सवाई माधोपुर, कोटा , रामगंज मंडी, भवानी मंडी, विक्रमगढ़ आलोट, रतलाम, वडोदरा जंक्शन, सूरत, वलसाड, वापी, बोरिवली तथा बांद्रा टर्मिनस स्टेशनों पर ठहराव लेगी7 इस गाड़ी में 1 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 4वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 1 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकॉनॉमी, 8 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य श्रेणी सहित कुल 18 डिब्बे होंगे।

# सांसद पाटील ने एनएचएआई अधिकारियों संग किया इंदौर-इच्छापुर हाईवे का निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने बुधवार को इंदौरझ्इच्छापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के निमार्णाधीन खातला फाटा से शाहपुर तक के हिस्से का राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ विस्तृत मैदानी निरीक्षण किया। करीब 50 किलोमीटर लंबे मार्ग का यह निरीक्षण लगभग चार घंटे तक चला।

निरीक्षण के दौरान सांसद ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, पुल निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था एवं जनसुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने खातला फाटा, असीरगढ़, झीरी, निम्बोला रेलवे ओवर ब्रिज, ताप्ती एवं मोहना नदी पर बन रहे पुलों सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्माण कार्य तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के किसानों एवं ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। किसानों ने खातला फाटा, निम्बोला आरओबी के पास, सुखपुरी एवं उमरदा क्षेत्र में सर्विस रोड निर्माण



तथा शाहपुर फाटे पर संपर्क मार्ग बनाए जाने की मांग की। दापोरा क्षेत्र में खेतों में पानी निकासी की समस्या भी ग्रामीणों ने उठाई।

सांसद पाटील ने एनएचएआई अधिकारियों को इन समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, "सड़क निर्माण के साथ-साथ किसानों और ग्रामीणों की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाए।" सांसद ने असीरगढ़ क्षेत्र में कटी घाटी में बाहर निकले पहाड़ी हिस्से को कम करने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में दुर्घटना की आशंका न रहे। साथ ही असीरगढ़ की बोलती पहाड़ी क्षेत्र में निमार्णाधीन फ्लाईओवर के एक हिस्से को यातायात के लिए शीघ्र प्रारंभ करने को कहा।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि इंदौरझ्इच्छापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के पूर्ण होने से बुरहानपुर जिले को विकास की नई गति मिलेगी। इस मार्ग से इंदौर, खंडवा, बुरहानपुर और महाराष्ट्र के बीच आवागमन अधिक सुगम और तेज होगा। उन्होंने बताया कि हाईवे बनने से व्यापार एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, किसानों को कृषि उपज परिवहन में सुविधा मिलेगी, पर्यटन स्थलों पर आवागमन बढ़ेगा और जिले में निवेश व रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा पेट्रोल व समय की बचत होगी। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई परि योजना संचालक आशुतोष सोनी, अमित गुप्ता सहित जन प्रतिनिधि गण, क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में दो आर्यिका माताजी के असामयिक देवलोकगमन पर सकल जैन समाज ने विनयांजलि दी

## संतों की सुरक्षा की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**मन्दसौर।** मध्य प्रदेश के रीवा में एक वाहन चालक की लापरवाही के कारण दिगंबर जैन समाज की पूज्य आर्यिका श्री श्रुतमति माताजी एवं पूज्य आर्यिका उपशममति माताजी का सड़क दुर्घटना में असामयिक देवलोकगमन हो गया। जैन संतों और साध्वीगणों की सुरक्षा हेतु कड़े नियम बनाने तथा दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर सकल जैन समाज द्वारा शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर व एसपी के प्रतिनिधि को सौंपा गया।

इस विरोध प्रदर्शन से पूर्व, आर्यिकाद्वय के देहावसान पर



दिगंबर जैन मुनि श्री निर्णय सागरजी व क्षुल्लक श्री तत्व सागरजी महाराज के पावन सानिध्य में जीवन विलास जनकपुरा पर प्रातः ८.३० बजे एक भावभीनी विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की शुरूआत सामूहिक णमोकार मंत्र के साथ हुई। महिला मंडल द्वारा मुनिश्री को जिनवाणी भेंट की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने दिवंगत आर्यिकाद्वय की आत्म-शांति के लिए नौ बार णमोकार मंत्र का सामूहिक जाप किया।

सभा के समापन के पश्चात जैन समाजजन मौन रैली के रूप में घंटाघर स्थित शहर थाने पहुंचा। वहाँ सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला ने ज्ञापन का वाचन किया और उसे प्रशासनिक प्रतिनिधियों को सौंपा। इस दौरान संयोजक सुरेन्द्र लोढा ने भी समाजजनों को संबोधित किया। इस दौरान समाज के अशोक कुमार मारू, अरविन्द मेहता, संजय मुरड़िया, मनीष सेठी, प्रताप कोठारी, अनिल जैन नगरीवाला, विजयेन्द्र फांफरिया, विनाली मेहता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंदा कोठारी ने किया तथा आभार महामंत्री शेखर कासमा ने माना।

# विधायक ने ली विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महेश्वर

जनपद पंचायत सभागृह महेश्वर में आज क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव की अध्यक्षता में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों, जनपद पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी एवं महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान विधायक राजकुमार मेव ने सभी विभागों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कहा कि शासन की योजनाएं आमजन के हितों को ध्यान में रखकर संचालित की जा रही हैं, इसलिए इनके संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखी जाए।विधायक ने विशेष रूप से विद्युत विभाग एवं पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम को देखते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति एवं पेयजल व्यवस्था निरंतर एवं सुचारू रूप से बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होना चाहिए तथा शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।बैठक में विकास कार्यों की प्रगति, विभिन्न विभागों की योजनाओं की स्थिति तथा जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को लेकर भी चर्चा की गई। विधायक ने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में तेजी लाने एवं पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, जनपद अध्यक्ष अशोक डावर, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि लालसिंह पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# रोगी कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई

**मंडलेश्वर।** नए सिविल अस्पताल भवन में हुई लाखों रुपयों की चोरी की गंभीर वारदात के बाद गुरुवार शाम को रोगी कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। विधायक राजकुमार मेव की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में नए अस्पताल भवन की सुरक्षा, अन्य व्यवस्थाओं और चिकित्सा सेवाओं को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। अस्पताल परिसर में सुरक्षा और प्रबंधन की कमियों को दूर करने के लिए बुलाई गई इस बैठक में विधायक मेव के साथ एसडीएम पूर्वा मंडलोई, वरिष्ठ भाजपा नेता और समिति सदस्य सतीश मोयदे, नायब तहसीलदार संजय बावेल, बीएमओ डॉ गौर और थाना प्रभारी पंकज तिवारी, समिति सदस्य अनिरुद्ध हलवे सहित अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे।बैठक के दौरान मुख्य रूप से 7 सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा की गई। हाल ही में हुई चोरी की घटना को देखते हुए अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने पर सबसे ज्यादा जोर दिया गया। नए सिविल अस्पताल भवन में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। विधायक मेव ने मरीजों को समय पर इलाज मिल सके, इसके लिए डॉक्टरों की ड्यूटी और उनकी उपस्थिति को लेकर कड़े निर्देश दिए। साथ ही साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर सहमति बनी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे विधायक मेव ने कहा कि अस्पताल में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलना और अस्पताल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

# 19 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन यज्ञ में दी आहुति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडलेश्वर

अधिक मास के पावन अवसर पर मां नर्मदा तट स्थित ब्राह्मण घाट पर आयोजित गया है जो की करीब दो बीघा जमीन का यज्ञ पांडाल एवं परिक्रमा मार्ग परिसर बनाया गया है सात दिवसीय बैकुंठनाथ श्री लक्ष्मीनारायण ग्यारह कुंडात्मक महायज्ञ का तृतीय दिवस श्रद्धा, भक्ति और वैदिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न हुआ।

वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक वातावरण के मध्य तृतीय दिवस की पूणार्हुति में 19 जोड़ों ने हवन यज्ञ में आहुति देकर धर्म लाभ प्राप्त किया। यज्ञ में प्रतिदिन 15 से 20 जोड़े भाग ले रहे हैं महायज्ञ के दौरान प्रातःकाल भगवान श्री लक्ष्मीनारायण भगवान,भोलेनाथ चौसठ योगिनी,काल भैरव सहित सभी देवी देवताओं का विधि-विधान से पूजन, अभिषेक एवं यज्ञ हवन संपन्न कराया गया। संपूर्ण अनुष्ठान आचार्य पं. दिपेश उपाध्याय, उपाचार्य पं. दिलीप जी त्यागी ब्रह्मा ,पं. दिलीप जी सोहनी , श्री रामेश्वरदास फलाहारी उज्जैन, श्री केशवदास , श्री जगदीशदास जी (राजस्थान) के वैदिक मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। यह दिव्य आयोजन उज्जैन के श्री श्री 1008 राघवदास महाराज ( वर्तमान स्थान चिनगुन करही वालें) के सानिध्य में एवं श्री हनुमान जी महाराज एवं ब्रह्मलीन संत श्री सियाराम बाबा जी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में संपन्न कराया जा रहा है।तृतीय दिवस के अवसर पर रणथंभौर तिरला धाम सनावद के श्री प्रभु जी महाराज एवं महेश्वर के सनातनी विधायक राजकुमार मेव भी महायज्ञ स्थल पहुंचे। उन्होंने श्री लक्ष्मी नारायण ग्यारह कुंडात्मक हवन यज्ञ में सहभागिता करते हुए श्री श्री १००८ राघवदास जी महाराज ( वर्तमान स्थान चिनगुन करही वालें )के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही श्री लक्ष्मीनारायण भगवान हवन यज्ञ शाला का दर्शन किया और श्री प्रभु जी महाराज ने आशीर्वचन कहे इस दौरान उनके साथ अन्य भक्त मंडल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संत श्री 1008 राघवदास जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि अधिक मास सनातन धर्म में अत्यंत पुण्यदायी माना गया है, जिसमें विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य नहीं किए जाते, बल्कि यह माह विशेष रूप से धर्म-कर्म, जप, तप, दान और ईष्ट आराधना के लिए समर्पित होता है।

# अकादमी ने शिप्रा महिमा और शिप्रा स्तोत्रम् ग्रन्थ प्रकाशित किए

**उज्जैन,।** कालिदास संस्कृत अकादमी ने उज्जयिनी की पहचान मोक्षदायिनी शिप्रा पर दो महत्त्वपूर्ण पुस्तकों शिप्रा महिमा और शिप्रास्तोत्रम् का प्रकाशन किया है। शिप्रा के महत्त्व को दशार्नें वाले पर इस प्रकार के ग्रन्थों के प्रकाशन की आवश्यकता कई दिनों से अनुभव की जा रही थी। कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने बताया कि स्कन्द पुराण के अवन्ती क्षेत्र महात्म्य में उज्जयिनी का विस्तार के साथ वर्णन प्राप्त होता है। इसी पुराण में उज्जैन के देवालयों, जलतीर्थों और शिप्रा नदी का विस्तार से वर्णन है। स्कन्द पुराण के आधार पर सन 1940 में श्री मार्तण्ड नारायण बर्डे के द्वारा मराठी भाषा में श्री शिप्रा नदी महात्म्य नाम से एक लघु पुस्तिका प्रकाशित की थी। चूँकि यह पुस्तक मराठी भाषा में सन्-1940 में प्रकाशित हुई थी और वर्तमान में हिंदी में अनुपलब्ध है। उक?त पुस्?तक में शिप्रा नदी की उत्पत्ति की कथाएँ, महत्त्व, शिप्रा परिक्रमा वर्णन आदि का स्कन्द पुराण में विस्तार के साथ विवेचन है। जनसामान्य के लिए इतने महत्त्व की जानकारी संस्कृत मूल श्लोकों के हिन्दी अनुवाद के साथ उपलब्ध हो सके इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन ने मूल स्कन्द पुराण के अंशों के साथ उनका हिन्दी अनुवाद-तथा पूर्व में प्रकाशित मराठी पुस्तिका को भी हिन्दी अनुवाद सहित इस ग्रन्थ में प्रकाशित किया है। साथ ही स्कन्द पुराण के अनुसार अत्यन्त सरल श्लोकों में 'शिप्रा स्तोत्रम् भी प्रकाशित किया है। इसी पुस्तिका में दो शिप्राअष्टकम् भी प्रकाशित किये गए हैं।

# पत्रकार स्व. खंडेलवाल की पुण्यतिथि पर चिकित्सा शिविर का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

शहर में विभिन्न सामाजिक संस्थाएं कई कार्यक्रम करती आ रही है जिसमें एक संस्था नगर समस्या एवं सुझाव ग्रुप द्वारा वरिष्ठ पत्रकार एवं मीसाबंदी स्व. गोपाल खण्डेलवाल की पुण्यतिथि पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर में 65 न्यूरोलॉजी एवं 60 यूरोलॉजी मरीजों सहित कुल 125 मरीजों ने विशेषज्ञों से स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त किया।

संयोजक विवेक खण्डेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह से ही पंजीकृत मरीजों की लंबी कतारें लग गई थीं। मरीज अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए तथा विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा दिए गए निःशुल्क एवं सटीक परामर्श से संतुष्ट दिखाई दिए। शिविर को संबोधित करते हुए पारस हॉस्पिटल उदयपुर के डॉ. तरुण माथुर ने कहा कि वर्तमान समय में तनाव, अनियमित दिनचर्या एवं लापरवाही के कारण न्यूरोलॉजी से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। समय पर जांच एवं उपचार से गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। वहीं डॉ. मुकेश सेवाग ने यूरोलॉजी संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक रहने की सलाह देते हुए कहा कि किडनी एवं यूरिन संबंधी बीमारियों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। प्रारंभिक अवस्था में उपचार कराने से बेहतर परिणाम मिलते हैं। शिविर को वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अशोक जैन, विपुल गर्ग, कमलेश पाटीदार एवं श्रीमती वीणा खण्डेलवाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पारस हॉस्पिटल के डॉ. तरुण माथुर एवं डॉ. मुकेश सेवाग का दुपट्टा एवं शॉल पहनाकर तथा सिंहल हॉस्पिटल के डॉ. दीपक सिंहल को स्मृति चिन्ह भेंट कर चिकित्सकों एवं एनएसएसजी टीम द्वारा सम्मानित किया गया।

## न्यूज -कॉलम

### बाइक सवार युवकों के पास झोले में मिली अवैध शराब

**उज्जैन।** रात में सर्कल भ्रमण के दौरान भाटपचलाना थाना पुलिस ने ग्राम रूनिजा तिराहा पर बाइक क्रमांक एमपी 43 झेडए 8853 पर सवार 2 युवकों को रोका और उनके पास विमल के झोले की तलाशी ली। जिसमें देशी शराब के क्वार्टर और बीयर की बोतले भरी हुई थी। शराब परिवहन संबंधित नहीं होने पर अवैध शराब का मामला सामने आते ही दोनों युवकों को हिरासत में लिया गया और बाइक जप्त कर थाने लाया गया। जहां पूछताछ में युवकों के नाम लक्ष्मण पिता कालू निवासी सज्जनगढ़ बिलपांक रतलाम और भंवरसिंह पिता ढोलू निवासी अमरपुरा रावटी रतलाम सामने आये। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। एएसआई राजीव चौहान के अनुसार बाइक और बरामद शराब की कीमत 55 हजार से अधिक होना पाई गई है। दोनों को जमानत पर रिहा किया गया है। दस्तावेजों की कार्रवाई पूरी कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

### बागरी समाज के 2 परिवारों में प्लाट को लेकर हुआ विवाद

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलिया डाबी में ईश्वर पिता कनीराम बागरी और हटेसिंह पिता प्रभुलाल बागरी के बीच प्लाट को लेकर विवाद हो गया। दोनों के परिवार भी आमने-सामने हो गये। जिनके बीच लकड़ी-डंडों से मारपीट हुई और जान से मारने की धमकी दी गई। मामला थाने पहुंचने पर ईश्वर बागरी ने आरोप लगाया कि उसके प्लाट पर आरोपी पक्ष कब्जा करना चाहता है। जिसके चलते मारपीट की गई है। वहीं हटेसिंह का आरोप था कि प्लाट पर सामान रखा होने पर रास्ता से निकले पर परेशानी होती है। ईश्वर से सामान हटाने के लिये कहा तो उसके परिवार द्वारा मारपीट की गई। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### गाड़ी धीरे चलाने का बोला तो पत्थर से किया हमला

**उज्जैन।** आगररोड मोहननगर में रहने वाला तेजर्प्रकाश पिता रामप्रसाद सिसौदिया बाइक से हीरामिल मार्ग से गुजर रहा था। तभी तेजगति से आये बाइक चालक ने टक्कर मार दी। तेजप्रकाश की बाइक का संतुलन बिगड़ा और गिर गया। उसने टक्कर मारने वाले बाइक चालक से गाड़ी धीरे चलाने की बात कहीं तो उक्त बाइक चालक ने गाली-गलौच करते हुए पत्थर से हमला करने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। देवासगेट थाना पुलिस ने तेजप्रकाश की शिकायत पर मामला दर्ज कर टक्कर मारने वाले बाइक चालक की तलाश मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से शुरू की है।

### कार चालक ने मारी थी बाइक सवार को टक्कर

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के धुवाखेड़ी और नांदेड फंटे के बीच 6 मई को सडक दुर्घटना में बाइक सवार रोहित पिता भैरूलाल मालवीय निवासी ग्राम बरोठिया की मौत हो गई थी। दुर्घटना के बाद सामने आया था कि चार पहिया वाहन ने टक्कर मारी है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर रोहित का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू की थी। इस दौरान पता चला कि चार पहिया वाहन टाटा टियागो कंपनी की कार थी। जिसको ट्रेस करने के बाद पुलिस ने मामले में 18 दिन बाद चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक सवार को टक्कर मारने का प्रकरण दर्ज कर लिया। नानाखेडा थाना पुलिस ने भी इंदौररोड स्थित ग्राम रामवासा में 20 मई को दुर्घटना में राधेश्याम जाट 60 साल निवासी दंगवाडा इंगोरिया की मौत होने पर कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जो दुर्घटना के बाद मौके से भाग निकला था। सीसीटीवी कैमरों की मदद से उक्त कार का नम्बर ट्रेस किया गया है।

### कानीपुरा मार्ग से गिरफ्त में आया बाइक चोर

**उज्जैन।** गरोठ ब्रिज से बाइक चोरी कर भागे 2 बदमाशों में से एक को शुक्रवार शाम कानीपुरा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया गया। जिससे बाइक बरामद की गई है। पूछताछ कर उसके दूसरे साथी का पता लगाया जा रहा है। चिमनगंज थाना एसआई दिनेश भट्ट ने बताया कि 23 मार्च को पंवासा क्षेत्र का रहने वाला अजय पिता रमेशचंद्र मालवीय गरोठ ब्रिज से पंवासा की ओर आ रहा था। तभी लघुशंका के लिये रूका, उसने बाइक ब्रिज पर खडी की और चला गया। वापस आया तो बाइक गायब थी। बाइक चोरी होने की शिकायत अजय ने थाने आकर दर्ज कराई। पुलिस बदमाशों का पता लगाने का प्रयास कर रही थी। शुक्रवार शाम सूचना मिली कि गरोठ ब्रिज से चोरी हुई बाइक के साथ एक युवक कानीपुरा मार्ग पर खडा है। तत्काल बाइक के साथ आये युवक को पकड़ने के लिये घेराबंदी की गई और उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने साथी के साथ मिलकर बाइक चोरी करना कबूल कर लिया। आरोपी का नाम राकेश पिता प्रहलाल भाटी जाति मोंगिया निवसाी ग्राम नांदेड सामने आया है। जिससे पूछताछ कर उसके साथी की जानकारी जुटाई जा रही है। गिरफ्त में आये आरोपी के खिलाफ पूर्व में चोरी के कई मामले दर्ज है। जिसे शनिवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 127-0 | 190-0 |
| मेन बाजार | 289-9 | |
| कल्याण नाइट | 377-7 | 389-0 |
| मिलन डे | 257-4 | 138-2 |
| मिलन नाइट | 668-0 | 466-6 |
| मधुर डे | 690-5 | 459-8 |
| मधुर नाइट | 789-4 | 470-1 |
| शुभांक | 3 5 | 8 |

# गोलीकांड की साजिश रचने वाला बदमाश हिरासत में

## जिंदा कारतूस के साथ मिला कट्टा, घटना की कराई गई तस्दीक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



फर्जी गोलीकांड की साजिश रचने वाले कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर को पुलिस ने 40 दिन बाद हिरासत में ले लिया। उसके पास से जिंदा कारतूस और देशी कट्टा मिला है। शुक्रवार शाम ढांचा भवन में बदमाश से घटना की तस्दीक कराई गई। शनिवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

चिमनगंज थाना एसआई आर.आर. चौहान ने बताया कि 11 अप्रैल को ढांचा भवन क्षेत्र में फर्जी गोली कांड की साजिश रचने वाले कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर की पिछले 40 दिनों से तलाश की जा रही थी। जिसे सूचना मिलने पर पांड्याखेडी ब्रिज के पास तेजाजी मंदिर से हिरासत में लिया गया है। बदमाश के पास से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। बदमाश के हिरासत में आने पर शुक्रवार देर शाम उसे ढांचा भवन ले जाया गया, जहां घटनाक्रम की तस्दीक कराई गई। फिलहाल बदमाश से पूछताछ जारी है, जिसे शनिवार दोपहर न्यायालय में पेश किया जायेगा। बदमाश के खिलाफ ढाई दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज है। विदित हो कि 11 अप्रैल की रात चिमनगंज थाने घायल हालत में अतिक पिता विपिन माहूरकर पहुंचा था और बताया था कि उसे आला बाथम ने गोली मारी है। प्रथमदृष्टता मामला संदिग्ध होना सामने आया था। पुलिस ने उसे उपचार के लिये भर्ती कराया था।

अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर पूछताछ में मामला फर्जी होना पाया गया था। वहीं बदमाश रौनक गुर्जर के कारखाने में खून फैला मिला था। पुलिस ने अतिक माहूरकर को गिरफ्तार कर साथी राहुल चौहान को पकड़ा था। जिसने फर्जी गोलीकांड की साजिश में शामिल होकर अतिक के अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान फर्जी घटनास्थल पर खून फैलाया था। जिसके बाद पता चला था कि फर्जी गोलीकांड की साजिश रौनक गुर्जर ने रची थी।

### अनमोल गुर्जर ने भी चलाई थी गोली

ढांचा भवन में हुई फर्जी गोलीकांड की घटना के बाद 13-14 अप्रैल की रात देवासगेट थाना क्षेत्र के हीरामिल की चाल में ब्रिज के नीचे लव पिता चंद्रकांत निर्मल निवासी विष्णुपुरा को गोली मारी गई थी। उक्त गोलीकांड में पुलिस ने कुछ घंटों बाद अनमोल गुर्जर से साथ मिलकर गोली चलाने वाले जय उर्फ बच्चा को गिरफ्तार कर लिया था। अनमोल गुर्जर घटना के बाद से फरार है। जिसकी देवासगेट थाना पुलिस को तलाश है। गुर्जर गैंग फिर से शहर में दहशत का पर्याय बन रही है। पूर्व में गैंग का आतंक था, जिस पर पुलिस ने अंकुश लगाया था, लेकिन फिर से गुर्जर गैंग के बदमाश सक्रिय हो रहे है।

# पिता का नाम बदलकर मृतक की जमीन का बना वारिस

## लोकसेवकों सहित 6 पर ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया केस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

अकेले रहने वाले वृद्ध की मौत के बाद गांव के व्यक्ति ने अपने पिता का नाम बदला और मृतक वृद्ध का नाम जोड़कर उसकी 2 हेक्टयर जमीन का वारिस बन गया। फर्जी वारिस बनने में आरोपी का सहयोग सरपंच, सचिव, पटवारी और तत्कालीन तहसीदार ने किया। मामला सामने आने पर ईओडब्ल्यू ने मामले में 6 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

मामला नीमच के ग्राम बैसला का होना सामने आया है। ईओडब्ल्यू से मिली जानकारी अनुसार ग्राम में रहने वाला वृद्ध केदार मीणा अकेला रहता था। जिसके स्वामित्व की 2 हेक्टेयर भूमि थी। वृद्ध की मौत के बाद गांव के रहने वाले भगवान पिता भैरूलाल मीणा ने अपने पिता का नाम बदला और मृतक वृद्ध का नाम जोड़ उसकी जमीन का वारिस बन गया। मामला उजागर हुआ और शिकायत भोपाल पहुंची तो जांच ईओडब्ल्यू उज्जैन ईकाई को सौंपी गई। जिसमें सामने आया कि भैरूलाल मीणा की फर्जी वसीयत बनाने में तत्कालीन सरपंच ग्राम पंचायत बैसला प्रेमलता अमर रावत, तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत बैसला आनंद सक्सेना से स्वयं के लिए केदार का वैध वारिस और पुत्र होने संबंधी असत्य वारिसान प्रमाण पत्र बनवा कर जारी करवाया।

उक्त भूमि का फौती नामान्तरण अपने पक्ष में कराने के लिए न्यायालय तहसीलदार रामपुरा में आवेदन प्रस्तुत किया। उसके बाद तत्कालीन पटवारी बैसला अनुराग पाटीदार से स्वयं के लिए केदार का वैध वारिस और पुत्र होने संबंधी असत्य वंशावली, पंचनामा एवं प्रतिवेदन तैयार करवाकर प्रकरण में प्रस्तुत करवाया। तत्कालीन तहसीलदार रामपुरा बालकृष्ण मकवाना ने मृतक केदार के वैध वारिसान के संबंध में जांच किए बगैर असत्य एवं कूटरचित प्रमाण पत्र, पंचनामा, वंशावली एवं प्रतिवेदन को आधार बनाकर अनावेदक भगवान के पक्ष में फौती नामान्तरण आदेश पारित कर दिया। जिसके चलते वैध वारिसों के साथ धोखाधड़ी की गई है। जांच में आये तथ्यों के आधार पर ईओडब्ल्यू ने शुक्रवार को मामले में सभी को आरोपी बनाते हुए भारतीय दण्ड संहिता की 420, 467, 468, 471, 120-बी और भ्रष्टाचारनिवारण अधिनियम 1988 भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधि. 2018 की धाराओं 7 (ग) और 12 में अपराध पजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# स्कार्पियों-ट्राले की भिड़ंत पत्नी की मौत पति घायल

**उज्जैन।** गरोठ मार्ग पर शुक्रवार तड़के स्कार्पियों और ट्राले के बीच सीधे भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कार्पियों सवार महिला की मौत हो गई। पति गंभीर घायल हुआ है। दुर्घटना में 6 साल का मासूम सुरक्षित बच गया।

झारडा थाना क्षेत्र के गरोठ मार्ग पर स्कार्पियों और ट्राले की आमने-सामने हुई भिड़ंत की खबर मिलते ही एम्बुलेंस और पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। स्कार्पियों में पति-पत्नी और 6 साल का बच्चा सवार था। तीनों का बाहर निकाला गया। बच्चा पिछली सीट पर बैठा होने पर सुरक्षित बच गया था। गंभीर रूप से घायल पति-पत्नी को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सामने आया कि पत्नी की मौत हो चुकी है। पति की हालत नाजुक थी। पहचान करने पर सामने आया कि ताजपुर का रहने वाला परिवार है।

परिजनों को सूचना दी गई। जिनके आने पर घायल का नाम जुबेर लाला और मृतक पत्नी का नाम रूबैया सामने आया। सुरक्षित बालक उबैद था। परिजनों ने बताया कि तीनों कुछ दिन पहले कश्मीर घूमने गये थे। जहां से वापस लौट रहे थे। मामले में अस्पताल कोतवाली चौकी पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया और मृतक रूबैया का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजन घायल जुबेर को उपचार के लिये निजी अस्पताल ले गये थे। चौकी पुलिस के अनुसार दुर्घटना की जांच झारडा थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

# रेड सेंड बोआ की तस्करी करते 5 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पुलिस के सहयोग से वन विभाग की वन्यजीव शाखा ने रेड सेंड बोआ सर्प की तस्करी करते पांचा आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 3 किलो वजनी मादा सर्प बरामद की किया है। पकडे गए आरोपियों का स्वास्थ्य परिक्षण करवाकर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील के अनुसार क्राईम ब्रांच ने सूचना के आधार पर कृषक मुकेश पिता भेरूलाल एवं उसके चार साथी सलमान पिता अय्यूब खान, हफीज पिता गुलाब, अजहर पिता अबरार और गुलरेज पिता बाबू सभी निवासी कोकलाखेडी उज्जैन को रेड सेंड बोआ सर्प के साथ नीलगंगा थाना क्षेत्र से पकडा था। मामला वन्यजीव से संबंधित होने पर वन विभाग को सौंपा गया था। एसडीओ वन सोलंकी के अनुसार सभी आरोपी मिलकर रेड सेंड बोआ (आम बोल चाल में दो मुंहा चकलोन सर्प) को बेचने की तैयारी कर रहे थे। इसमें कोकलाखेडी निवासी मुकेश सर्प को अपने खेत से पकडकर लाया था। शेष आरोपी 20-20 हजार की कमीशन के लिए काम कर रहे थे। ग्राहक तलाशी के दौरान ही सभी आरोपी सर्प के साथ पकडे गए। वन विभाग ने आरोपियों के विरूद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 9,39, 40, 41 में शिकार, शासकीय संपत्ति के नुकसान, स्वामित्व प्रमाण पत्र का अभाव, अवैध परिवहन की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियो का स्वास्थ्य परिक्षण करवाकर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया था जहां से सभी आरोपियों को 5 जून तक के लिए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। सर्प को भी न्यायालय में पेश किया गया था। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत सर्प को न्यायालय की अनुमति पर जंगल में छोडा जाएगा।

### घर में सीढियों से गिरे युवक की हुई मौत

**उज्जैन।** घर में सीढियों से गिरे युवक को सिर में गंभीर चोंट लगी। उसे परिजन उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन युवक की मौत हो चुकी थी। मृतक युवक की पत्नी गर्भवती है, 2-3 दिनों में ही घर में खुशियां आने वाली थी। लेकिन माहौल गमगीन हो गया। इंगोरिया के ग्राम दंगवाड़ा से जावेद पिता रूस्तम शाह 25 साल को गंभीर हालत में शुक्रवार शाम चरक अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। ड्युटी कंपाउंडर द्वारा कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामने आया कि जावेद घर में सीढियों से गिरा था। वह घर के पास कमरे में भूसा भरने के बाद ऊपरी मंजिल पर जा रहा था, तभी संतुलन बिगड़ गया था। परिजनों ने बताया कि कुछ समय पहले ही शादी हुई थी। पत्नी गर्भवती है, जो मायके गई हुई है। 2-3 दिन में डिलेवरी होने वाली है। परिवार के खुशियों का माहौल था, लेकिन माहौल गम में बदल गया है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा। जिसे दंगवाड़ा ले जाया गया है।

### मोबाइल हैक कर खाते से निकले 1.36 लाख

**उज्जैन।** सायबर फ्रॉड में शामिल बदमाशों द्वारा बिना ओटीपी, पासवर्ड मांगे मोबाइल हैक कर खातों से रूपये निकाले जा रहे है। ऐसा ही मामला नीलगंगा थाना पुलिस ने दर्ज कर जांच में लिया है। अलखधाम स्थित द्वारकामाई अपार्टमेंट में रहने वाला जयवर्धन पिता स्व. राधाकृष्ण तिवारी 39 साल प्रायवेट जॉब करता है। 13 मई को अचानक मोबाइल हैक गया था। जो कुछ देर बाद वापस चलने लगा। लेकिन 16 मई को पता चला कि उसके खाते से 1.36 लाख का ट्रांजेक्शन हो चुका है। बैंक से जानकारी लेने के बाद जयवर्धन ने मामले की शिकायत नीलगंगा थाना पुलिस को दर्ज कराई और बताया कि बिना ओटीपी और पासवर्ड के उसके खाते से रूपये निकले है। पुलिस ने जांच शुरू की तो सामने आया कि मोबाइल में हाइट एप्प डाउनलोड हुआ था। जो मोबाइल स्क्रीन पर दिखाई नहीं देता है। उसके माध्यम से सायबर फ्रॉड करने वालों ने मोबाइल हैक कर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया है। मामले में एएसआई उद्यमसिंह राठौर ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। जिस खाते में रूपयों का ट्रांजेक्शन हुआ है, उसका पता लगाकर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें।

### मारपीट का 11 दिन बाद वायरल हुआ वीडियो

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के पिपलियाहामा मार्ग भैरू महाराज मंदिर के पास ग्राम ढाबाला धुता में 11 मई को संदीप पिता दिनेश कुमावत के साथ रास्ता रोककर शराब पीने के लिये 5 हजार रूपये नहीं देने पर कुछ युवकों द्वारा बुरी तरह मारपीट की गई थी। पुलिस ने मामले में अवैध वसूली का प्रकरण दर्ज कर घायल संदीप का मेडिकल परीक्षण कराया था। उस दौरान संदीप ने बताया था कि कुछ समय पहले लखन और अर्जुन के बीच विवाद हुआ था। उसने बीच-बचाव किया था। जिसके चलते लखन, रूपेश, बंटी, कुलदीप, धर्मेन्द्र और अन्य ने हमला किया है। 11 दिन बाद उक्त घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें संदीप को 8 से 10 लोग बुरी तरह पीटते दिखाई दे रहे है। मामले में भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि पूर्व में ही चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।


## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा ऑफिस न. 103 प्रथम मंजिल स्मार्ट ट्रेड भोज मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 135 स्थित दमदमा विश्वविद्यालय मार्ग उज्जैन म.प्र. में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 39.80 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- भवन मांगीलाल का, पश्चिम में- सड़क दमदमा, उत्तर में- सड़क दमदमा एवं दक्षिण में- भवन भगवान सिंह का स्थित है। उक्त सम्पत्ति मोहम्मद हफीज कुरैशी पिता मोहम्मद हनीफ कुरैशी ने इसके पूर्वस्वामी गौरव सक्सेना पिता श्री ब्रह्मा शंकर सक्सेना से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022023ए11507976 दिनांक 21/02/2023 के माध्यम से क्रय कि। तथा उक्त संपत्ति से संबंधित पूर्व का दान पत्र क्रमांक क्रमांक एमपी 432022022ए 1325107 दिनांक 27/03/2022 एवं विक्रय पत्र क्रमांक 294 दिनांक 25/04/1990 गुम हो गई है। जिसकी प्रथम सुचना रिपोर्ट पुलिस थाना माधव नगर जिला उज्जैन में दिनांक 21/05/2026 को कर दि गई है। एवं मोहम्मद हफीज कुरैशी ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड में आवेदन किया है, तथा मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का उक्त संपत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त संपत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त संपत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त दोनों मूल दस्तावेज कही जमा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 22/05/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मो. 9301860352**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी 01- श्री महेश चन्द्रवंशी पिता श्री बद्रीलालजी चन्द्रवंशी, 02-श्रीमती सुनीता चन्द्रवंशी पति श्री महेश चन्द्रवंशी, निवासी-1/10 थाना नीलगंगा पुलिस कॉलोनी, उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में भवन क्रमांक-51 का दक्षिणी भाग एवं म्यु. क्रमांक-30/8/1 जो कि केशवनगर उज्जैन (म. प्र.) में मुख्य सड़क से अंदर की ओर स्थित हैं। भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-48.51 वर्गमीटर है। पैमाईश में लम्बाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण समान-08.84 मीटर एवं चौड़ाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम समान 05.48 मीटर। भवन की चर्तु:सीमा-पूर्व दिशा में-भवन क्रमांक-51 का शेष भाग, पश्चिम दिशा में सडक कॉलोनी की, उत्तर दिशा में-भवन क्रमांक-51 का शेष भाग एवं दक्षिण दिशा में-शेलेन्द्र यादव का मकान स्थित हैं। उक्त पैंमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य के भवन को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भवन स्वामियों से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का ई पंजीयन करवाना बाकी रहा हैं। उक्त भवन पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन भवन स्वामियों से करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक-22.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन मो. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने सोहनलाल पिता श्री बालू जी, निवासी-पुरी खेडा, पोस्ट रूई तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 250 (एस) रकबा 0.4000 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम सारोला प.ह.न. 00079 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन का क्रय किया है जिसकी चर्तु:सीमा में पूर्व में-सर्वे नम्बर 247 (एस), पश्चिम- नाला, उत्तर में सर्वे नम्बर 248 (एस), दक्षिण में- सर्वे नम्बर 249 (एस) के मध्य स्थित है का मेरे पक्षकार ने सौदा कर सौदा राशि अदा कर स्वयं के हित में दस्तावेज सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया हैं तथा जाहिर सुचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में सोदा चिट्ठी के परिपालन मे शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से पन्द्राह दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो।

इति दिनांक-22.05.2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी काम्पलेक्स देवास रोड, उज्जैन**

# प्रेम को तुम क्या जानो



संतों के वचन गुलाब के फूल होते हैं। विज्ञान, गणित, तर्क और भाषा की कसौटी पर उन्हें मत कसना, नहीं तो अन्याय होगा। वे तो अर्चनाएं हैं, प्रार्थनाएं हैं। वे आकाश की तरह उठी हुई आंखें हैं। वे पृथ्वी की आकांक्षाएं हैं- चांद-तारों को छू लेने के लिए। उस अभीप्सा को पहचानना। वह अभीप्सा समझ में आने लगे, तो संतों का हृदय तुम्हारे सामने खुलेगा।

संतों के हृदय में परमात्मा का द्वार है। जीसस के हृदय को समझो, तो द्वार मिल जाएगा; चर्च में नहीं। पैगंबर मोहम्मद के प्राण को पहचान लो, तो द्वार मिल जाएगा; मस्जिद में नहीं। ऐसे ही एक अद्भुत संत दरिया के वचनों में हम आज उतरते हैं। इसे फूलों की तरह लेना। सम्हाल कर। नाजुक बात है। ख्याल रखना। फूलों को, सोना जिस पत्थर पर कसते हैं, उस पर नहीं कसा जाता। फूलों को सोने की कसने की कसौटी पर कस-कसकर मत देखना, नहीं तो सभी फूल गलत हो जाएंगे।

एक बाउल फकीर से बड़े शास्त्रज्ञ पंडित ने पूछा कि निरंतर प्रेम... प्रेम का जप किए जाते हो, यह प्रेम है क्या? मैं भी तो समझूं। इस प्रेम का किस शास्त्र में उल्लेख है, इसे किन वेदों का समर्थन है?

बाउल फकीर हंसने लगा। उसका इकतारा बजने लगा। खड़े होकर वह नाचने लगा। पंडित ने कहा, नाचने और इकतारा बजाने से क्या होगा? व्याख्या होनी चाहिए प्रेम की। शास्त्रों का समर्थन होना चाहिए। कहते हो कि प्रेम परमात्मा का द्वार है, मगर यह कहां लिखा है? इकतारा बंद करो, मेरे पास बैठो। तुम मुझे धोखे में न डाल सकोगे। औरों को धोखे में डाल देते हो नाचकर। औरों को लुभा लेते हो, मगर मुझको न लुभा सकोगे!

उस बाउल फकीर ने फिर भी एक गीत गाया। उसने कहा- गीतों के सिवाय हमारे पास कुछ और है नहीं। यही गीत हमारे वेद, हमारे उपनिषद, हमारे कुरान हैं। क्षमा करें। नाचूंगा, इकतारा बजाऊंगा, गीत गाऊंगा, यही हमारी व्याख्या है। अगर समझ में आ जाए, तो आ जाए; न समझ में आए, तो दुर्भाग्य तुम्हारा। पर हमसे और कोई व्याख्या न पूछो। कोई उसकी व्याख्या है ही नहीं।

जो गीत उसने गाया, उसका अर्थ था- एक बार सुनार माली के पास आया और कहा, तेरे फूलों की बड़ी प्रशंसा सुनी है, तो आज मैं जांचने आया हूं कि फूल सच्चे हैं, असली है या नकली? सुनार उस गरीब माली के गुलाबों को पत्थर पर कस-कसकर फेंकने लगा कि सब झूठे हैं, कोई सच्चा नहीं।

बाउल फकीर ने कहा- जो उस गरीब माली के प्राणों पर गुजरी, वही तुम्हें देखकर मेरे प्राणों पर गुजर रही है। तुम प्रेम की व्याख्या पूछते हो? और मैं प्रेम नाच रहा हूं। अंधे हो तुम। तुम प्रेम का शास्त्रीय समर्थन पूछते हो? मैं प्रेम को संगीत दे रहा। बहरे हो तुम।



सम्पादकीय

## प्रधानमंत्री की यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताजा विदेश यात्रा काफी उपयोगी और चर्चित रही है। उनकी यात्रा की शुरूआत संयुक्त अरब अमीरात से हुई और समापन इटली में हुआ। स्पष्ट रूप से उनकी इस यात्रा का मकसद जितना आर्थिक है, उतना ही रणनीतिक भी है। यूएई, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली भारत के लिए महत्वपूर्ण देश हैं और इन देशों की सरकारों ने भारतीय प्रधानमंत्री को जो सम्मान दिया है, वह उल्लेखनीय है। इन सभी देशों के साथ भारत ने नए समझौते किए हैं। यूएई के साथ ऊर्जा और उसके भंडार संबंधी सहमति जरूरी थी, तो यूरोपीय देशों से स्वच्छ ऊर्जा, एआई, व्यापार, तकनीक, स्थिरता और डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों में भारत को निश्चित ही लाभ होगा। ये यूरोपीय देश भारत के साथ लोकतंत्र, कानून के शासन और बहुपक्षीय नीतियों को साझा करते हैं। ये बहुत सुलझे हुए लोकतंत्र हैं, लेकिन विविधताओं से भरा लोकतांत्रिक भारत भी कुछ कम नहीं है। फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो ने बिल्कुल ठीक कहा है कि नॉर्डिक देशों के उद्देश्य भारत के समान हैं, तो डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने भी कहा है कि तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में, लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले देशों का मिलकर काम करना महत्वपूर्ण है।

यूरोप के पांच देश नॉर्डिक समूह में गिने जाते हैं और प्रधानमंत्री मोदी का भारत-नार्डिक शिखर सम्मेलन में भाग लेना मायने रखता है। ध्यान रहे, पिछले एक दशक में नॉर्डिक देशों से भारत में होने वाले निवेश में 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने नॉर्वे, स्वीडन, आइसलैंड, फिनलैंड और डेनमार्क के अपने समकक्षों के साथ कारगर मुलाकात की है। ये ऐसे देश हैं, जो अमेरिकी रवैये से बहुत निराश हैं और स्वतंत्र रूप से दुनिया में खुद को मजबूत करना चाहते हैं। इस कार्य में उन्हें भारत जैसे विशाल देश की जरूरत पड़ेगी। नॉर्डिक देश एक मिसाल हैं, ये बहुत कम आबादी वाले देश हैं, लेकिन जब ये पांचों मिल जाते हैं, तो उनकी आबादी 2.83 करोड़ हो जाती है। अकेले दिल्ली में तीन करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। अगर हम अपेक्षाकृत सबसे कम संपन्न नॉर्डिक देश फिनलैंड से दिल्ली की तुलना करें, तो दिल्ली में प्रति व्यक्ति सालाना आय 5 लाख रुपये से कुछ ज्यादा है, तो फिनलैंड में 45 लाख रुपये है। ये देश भारत के लिए संपन्न बाजार हो सकते हैं, पर इन देशों में उत्पादों की गुणवत्ता सोलह आना दुरुस्त है।

लाखों संघर्षरत युवाओं के आत्मसम्मान पर चोट

# बेरोजगार 'कॉकरोच नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माणक



शुभम दुबे
(दैनिक अविन्तका)

किसी भी लोकतांत्रिक समाज में शब्दों का महत्व केवल अभिव्यक्ति तक सीमित नहीं होता, बल्कि वे समाज की सोच और संवेदनशीलता को भी दर्शाते हैं। हाल ही में बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच जैसी अपमानजनक उपाधि देने की घटना ने न केवल करोड़ों युवाओं की भावनाओं को आहत किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि सत्ता और समाज के कुछ वर्ग बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्या को किस नजर से देखते हैं। यह केवल एक शब्द नहीं, बल्कि उन लाखों संघर्षरत युवाओं के आत्मसम्मान पर चोट है, जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने और देश के बेहतर भविष्य के लिए प्रयासरत हैं।

भारत दुनिया के सबसे युवा देशों में गिना जाता है। यहां की युवा शक्ति को देश की सबसे बड़ी पूंजी माना जाता है। ऐसे में यदि यही युवा रोजगार के अभाव में निराश और हताश हैं, तो यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चिंता का विषय है। बेरोजगारी किसी व्यक्ति की योग्यता का प्रमाण नहीं होती, बल्कि यह आर्थिक नीतियों, अवसरों की कमी और व्यवस्था की विफलताओं का परिणाम भी हो सकती है। इसलिए बेरोजगारों का उपहास उड़ाना समस्या का समाधान नहीं, बल्कि सामाजिक विभाजन को और गहरा करना है।

आज देश का युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में वर्षों लगा देता है। कई बार परीक्षाएं रद्द हो जाती हैं, पेपर लीक हो जाते हैं या भर्तियां वर्षों तक लंबित रहती हैं। इसके बावजूद युवा धैर्य बनाए रखते हैं और संघर्ष करते रहते हैं। ऐसे युवाओं को अपमानित करना उनके मनोबल को तोड? जैसा है। राष्ट्र निर्माण केवल सत्ता या उद्योगपतियों से नहीं होता, बल्कि मेहनतकश युवाओं, किसानों, मजदूरों, शिक्षकों और आम नागरिकों के सामूहिक प्रयास से होता है। बेरोजगार युवा भी इसी राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया का हिस्सा हैं, क्योंकि वे भविष्य की संभावनाओं और ऊर्जा के प्रतीक हैं।

यह भी समझना होगा कि बेरोजगारी केवल आंकड़ों का खेल नहीं है। इसके पीछे टूटते सपने, बढ़ता मानसिक तनाव और परिवारों की आर्थिक परेशानियां छिपी होती हैं। जब समाज या नेता ऐसे युवाओं के प्रति असंवेदनशील भाषा का प्रयोग करते हैं, तो इससे युवाओं में व्यवस्था के प्रति अविश्वास बढ़ता है। लोकतंत्र में असहमति और आलोचना का अधिकार सभी को है, लेकिन किसी वर्ग की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली भाषा कभी स्वीकार्य नहीं हो सकती।

सरकारों की प्राथमिकता युवाओं को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराना होना चाहिए। इसके लिए शिक्षा व्यवस्था को रोजगारोन्मुख बनाना, उद्योगों में निवेश बढ़ाना, छोटे और मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहन देना तथा पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करना आवश्यक है। साथ ही, राजनीतिक दलों और सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को भी अपनी भाषा की मर्यादा बनाए रखनी चाहिए। शब्दों से समाज बनता भी है और बिगड़ता भी।

भारत का युवा बोझ नहीं, बल्कि देश की सबसे बड़ी ताकत है। बेरोजगार युवक-युवतियां कॉकरोच नहीं, बल्कि वे नागरिक हैं जो अवसर मिलने पर देश की अर्थव्यवस्था, विज्ञान, शिक्षा और विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। इसलिए आवश्यकता उन्हें अपमानित करने की नहीं, बल्कि उनके सपनों और संघर्षों को सम्मान देने की है। यही एक संवेदनशील और मजबूत राष्ट्र की पहचान भी होगी।

बेरोजगारों को सही दिशा की जरूरत

भारत आज दुनिया के सबसे युवा देशों में गिना जाता है। देश की बड़ी आबादी युवाओं की है, जिसे राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत माना जाता है। लेकिन जब यही युवा बेरोजगारी की समस्या से जूझता है, तो यह केवल आर्थिक संकट नहीं रह जाता, बल्कि सामाजिक और मानसिक चुनौती भी बन जाता है। आज लाखों शिक्षित युवा डिग्री हाथ में लेकर नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं। ऐसे समय में बेरोजगारों को निराशा नहीं, बल्कि सही दिशा और अवसर की आवश्यकता है। बेरोजगारी का सबसे बड़ा कारण केवल नौकरियों की कमी नहीं, बल्कि कौशल और रोजगार के बीच बढ़ती दूरी भी है। आज के दौर में उद्योगों और कंपनियों को तकनीकी ज्ञान, व्यावहारिक अनुभव और नई सोच वाले युवाओं की जरूरत है, जबकि हमारी शिक्षा व्यवस्था अभी भी काफी हद तक पारंपरिक ढांचे में फंसी हुई है। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में युवा डिग्री तो प्राप्त कर लेते हैं, लेकिन रोजगार के लिए जरूरी कौशल से वंचित रह जाते हैं।इसके साथ ही समाज में सरकारी नौकरी को ही सफलता का पर्याय मानने की सोच भी युवाओं को सीमित कर रही है। लाखों युवा वर्षों तक केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगे रहते हैं और असफल होने पर निराशा के शिकार हो जाते हैं। जबकि आज स्वरोजगार, स्टार्टअप, डिजिटल प्लेटफॉर्म, कृषि आधारित उद्योग और छोटे व्यवसाय भी रोजगार के बड़े माध्यम बन सकते हैं। जरूरत है युवाओं को नई संभावनाओं के प्रति जागरूक करने की।

सरकार ने कौशल विकास, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी कई योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। लेकिन इन योजनाओं का लाभ तभी मिलेगा, जब उन्हें गांव-गांव और छोटे शहरों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। साथ ही प्रशिक्षण केंद्रों की गुणवत्ता और रोजगार से जुड़ाव सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

परिवार और समाज की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। बेरोजगार युवाओं को तानों और उपहास का नहीं, बल्कि सहयोग और प्रेरणा का वातावरण मिलना चाहिए। लगातार असफलता व्यक्ति के आत्मविश्वास को कमजोर कर देती है। ऐसे में सकारात्मक मार्गदर्शन और मानसिक समर्थन युवाओं को नई ऊर्जा दे सकता है।

यह भी सच है कि केवल सरकार के भरोसे बेरोजगारी की समस्या समाप्त नहीं हो सकती। युवाओं को भी बदलते समय के अनुसार स्वयं को तैयार करना होगा। नई तकनीक सीखना, छोटे कार्यों को सम्मान देना और आत्मनिर्भर बनने की सोच अपनाना समय की मांग है।

बेरोजगार युवा देश पर बोझ नहीं, बल्कि अपार संभावनाओं का स्त्रोत हैं। यदि उन्हें सही दिशा, उचित अवसर और सकारात्मक वातावरण मिले, तो वही युवा भारत के विकास की सबसे बड़ी शक्ति बन सकते हैं। इसलिए आज आवश्यकता बेरोजगारों को हतोत्साहित करने की नहीं, बल्कि उन्हें सही मार्ग दिखाने और उनके सपनों को नई उड़ान देने की है।

## खादी पंखों वाली आत्मा

सत्ता की रीढ़ जितनी लचीली होती है, चापलूसी के सुर उतने ही मधुर सुनाई देते हैं। उस दोपहर महामहिम की कचहरी में एक ऐसी ही जादुई चिड़िया लाई गई, जिसके पंख पूरी तरह खादी के रंग में रंगे थे। राजा को हमेशा से ऐसे ही वफादारों की तलाश थी जो बिना कुछ सोचे-समझे वही कहें जो सिंहासन सुनना चाहता है। राजा ने अपनी मूछों पर ताव देते हुए उस नन्हें जीव की तरफ देखा और अपनी प्रशासनिक धाक जमाने के लिए पूछा कि कहो मियां, हुकूमत का क्या हाल है। चिड़िया ने एक बार अपनी गर्दन घुमाई, दरबारियों की सूनी आँखों में झांका और सीधे सच का तेजाब उगल दिया। उसने कहा कि हुजूर, आपके महलों की चमक असल में झोपड़ियों के अंधेरे की कतरन से बनी है और आपकी नीतियां जनता की जेब काटने का सबसे सुसंस्कृत औजार हैं। राजा का चेहरा गुस्से से लाल हो गया क्योंकि सिंहासन कभी भी यथार्थ का नग्न नृत्य बर्दाश्त नहीं करता। राजा ने तुरंत मालिक की तरफ देखा और गरजते हुए पूछा कि क्या यही मेरे मन की बात है जो यह बदतमीज जीव सरेआम बोल रहा है। मालिक ने बहुत ही मखमली मुस्कान के साथ कहा कि हुजूर, आप इसके स्थान का भूगोल बदल कर देखिए, इसका वैचारिक इतिहास तुरंत बदल जाएगा।

जैसे ही उस जीव को मंत्रियों की कतार में एक मखमली और खाली कुर्सी पर बिठाया गया, उसके भीतर का विद्रोही अचानक आत्मसमर्पण कर बैठा। उसकी आँखों में वह दिव्य श्रद्धा तैरने लगी जो केवल मुफ्त के भत्तों और मलाईदार विभागों को देखकर पैदा होती है। राजा ने दोबारा वही सवाल दोहराया तो इस बार चाटुकारिता की ऐसी गंगा बही कि पूरा दरबार उस कीचड़ में नहा गया। उसने कहा कि अन्नदाता, आपके पैरों की धूल चंदन से ज्यादा पवित्र है और आपके शासन में भुखमरी भी एक आध्यात्मिक साधना जैसी लगती है। राजा इस जादुई परिवर्तन को देखकर हैरान था क्योंकि उसने अपनी पूरी जिंदगी में इतनी जल्दी निष्ठा बदलते केवल इंसानों को देखा था। व्यवस्था का यह चरित्र देखकर राजा ने अपनी उत्सुकता शांत करने के लिए उसे एक छोटे सिपाही के लकड़ी के स्टूल पर रखवा दिया।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 23 मई 2026 शनिवार
सूर्योदय - 05:47 सूर्यास्त 19:01
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - अष्टमी 04:26 उपरांत नवमी
नक्षत्र - मघा 02:09 उपरांत पूर्वाफाल्गुनी
योग - ध्रुव 06:13 उपरांत व्याघ्र 04:43 उपरांत हर्षण
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण सिंह में रहेगा ।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 05 तारिख

**मेष-** नौकरी में कार्यभार रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आय में निश्चितता रहेगी। जोखिम न लें। काम में मन नहीं लगेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**वृषभ-** एकाएक स्वास्थ्य खराब हो सकता है, लापरवाही न करें। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यर्थ दौड़धूप होगी।

**मिथुन-** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। फिजूलखर्ची ज्यादा होगी।

**कर्क-** शत्रु भय रहेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। दूर यात्रा की योजना बनेगी। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में चैन रहेगा।

**सिंह-** स्वयं के काम पर ध्यान दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

**कन्या-** कार्यकुशलता कम होगी। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आएगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें।

**तुला-** सुख के साधन जुटेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। थकान महसूस होगी।

**वृश्चिक-** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**धनु-** भागदौड़ होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। लाभ के लिए प्रयास करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।


**मकर-** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**कुंभ-** स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**मीन-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक का प्रयोग करें। समस्याएं कम होंगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा।

समसामयिक

## पक्षी की सहायता की ये भी तो सेवा है



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

आँवला नवमी के दिन सुबह मेरा पुत्र घूमने गया। रास्ते में काबर पक्षी गिरा हुआ मिला शायद बिजली के तारों से उसे करंट लगा हो या और कोई कारण रहा।काबर पक्षी अक्सर जोड़े में ही रहते है।उसी के समीप उसका साथी कलरव कर रहा था।शायद वो उसे बचाने की गुहार कर रहा हो उसकी वेदना बेहोश पड़े अपने साथी के प्रति थी।जो उसके आसपास मंडरा रहा था।ऐसा लग रहा था कि कोई मेरे साथी को बचालो।आसपास कुत्ते आ गए थे।कुत्तो को ये लग रहा था कि ये इंसान हटे और इसे हम खा ले। इंसान इनके हाव भाव जानता है।मूक पशु पक्षी भले ही इंसानी बोली ना बोल पाते हो।आसपास वाहन और लोग बाग भी गुजर रहे थे। लेकिन जीवन की भाग दौड़ में पशु पक्षियों की सेवा,सुरक्षा की फुर्सत कहाँ? कुछ ही सेवाभावी लोग होते है जो इस और ध्यान देते है। इंसान का जिस तरह पृथ्वी पर रहने का अधिकार है।ठीक उसी प्रकार पशु पक्षियों का भी है।गिरे हुए काबर पक्षी को पुत्र घर ले आया।उसकी धड़कन चल रही थी।पत्नी और पुत्र ने चम्मच से पानी पिलाया।छत पर धूप में ले जाकर ऊर्जा दी।पीड़ित पक्षी उल्टा पड़ा रहा।तकरीबन एक घण्टे बाद उसमें कुछ हलचल हुई।उसको आहार चम्मच से दिया।पक्षी के शरीर पर स्पर्श कर उसे स्नेह दिया।उसके बाद वो अपने पैर पर खड़ा हुआ। मगर ऊँचाई से गिरने से उसका एक पाव काम नही कर रहा था।उस पक्षी को पशु चिकित्सक के पास ले जाकर उसकी टूटी टांग पर मरहम पट्टी करवाई।कुछ दिनों में वो ठीक हुआ।मगरउस समय उड़ ना सका।कुछ दिनों के बाद उड़कर सामने पेड़ पर जा बैठा उसका दूसरा साथी भी वहाँ आ पहुँचा।ऐसा लगा मानो वो हमारा शुक्रिया कर रहा हो।खैर इससे हमें प्रेरणा मिलती है कि इंसान हो या पशु पक्षी । दुर्घटना,या बीमार की सहायता अवश्य करनी चाहिए।

## चुटकी- हास-परिहास

बांग्लादेश बॉर्डर 'बंद' होगा, इसके लिए 45 दिन में जमीन बीएसएफ को पूरी तरह सौंप दी जाएगी। शुभेंदु सरकार ने सत्ता संभालते ही पहला बड़ा निर्णय लिया।

रोक सके सरकार जो, सीमा पर घुसपैठ।
लोगों के दिल में वही, अब सकती है बैठ॥

डीएमके विधायक व विपक्ष के नेता उदयगिरि स्टालिन ने विधानसभा में फिर सनातन के खिलाफ विष-वमन करते हुए कहा- सनातन धर्म लोगों को बाँटता है, इसलिए इसे खत्म किया जाना चाहिए।

कोस सनातन धर्म को, पाई तगड़ी हार।
बिना रवादारी यहाँ, लग न सकोगे पार॥

धार की भोजशाला विवाद पर हाईकोर्ट ने एएसआई रिपोर्ट में मिले साक्ष्यों के आधार पर भोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना और हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार देते हुए मुस्लिम पक्ष की नमाज को प्रतिबंधित किया।

न्यायालय का फैसला, सभी करें स्वीकार।
नहीं किसी की जीत यह, नहीं किसी की हार॥

ढाई घंटे की यूएई यात्रा पर पीएम मोदी की मेगा डील; यूएई से 48 हजार करोड़ निवेश, एलपीजी करार भी। पीएम के विमान को यूएई एयरफोर्स के एफ-16 फाइटर जेट्स ने एयर एस्कॉर्ट किया।

अमेरिका ईरान जब, नहीं रहे जिद छोड़।
होर्मुज संकट का मिला, लाजवाब यह तोड़॥

आंध्रप्रदेश के सीएम चंद्राबाबू नायडू ने 'घटती जन्मदर' रोकने के लिए बड़ा फैसला लेते हुए घोषणा की कि तीसरे बच्चे पर 30 हजार और चौथे बच्चे पर 40 हजार रु. देने की घोषणा की।

चंद्राबाबू मत चलो, जग में उलटी चाल।
छोटा हो कुनबा तभी, बने देश खुशहाल॥



ओम वर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

# इमली को रेग्युलर डाइट में करें शामिल, सेहत के लिए है बेहद फायदेमंद

इमली का नाम सुनते ही हम सभी के मुंह में पानी आ जाता है. शायद ही कोई होगा जिसने बचपन या अपने यंग ऐज में इमली के चटकारे नहीं लिए होंगे. लेकिन क्या आप जानते हैं की खट्टी इमली हमारी सेहत को कई प्रकार से फायदें पहुंचा सकती है. आज हम आपको इसके फायदों के बारे में बताएंगे।

**इमली खाने के 5 चौंकाने वाले फायदे**

**1. वजन घटाती है इमली**

इमली का सेवन हमारा वजन कम करने में मदद करती है. इमली में हाइड्रोसिट्रिक एसिड पाया जाता है जो शरीर में जमे फैट को कम करने का काम करता है. इमली खाने से भूख ज्यादा नहीं लगती, इससे वजन नियंत्रण में रहता है।

**2. कैंसर से करती है बचाव**

इमली का सेवन कैंसर के मरीजों के लिए अच्छा होता है. इमली में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और टैरट्रिक एसिड शरीर में कैंसर सेल्स को बनने से रोकते हैं. हर किसी को कैंसर से बचने के लिए इमली का सेवन करना चाहिए।



**3. डायबिटीज कंट्रोल करने में मददगार**

इमली खाने से डायबिटीज के मरीजों को भी फायदा होता है. ये ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करती है. शुगर के मरीजों को एक छोटा ग्लास इमली के जूस का सेवन करना चाहिए।

**4. ब्लड प्रेशर रखती है कंट्रोल**

इमली के सेवन से ब्लड प्रेशर भी नियंत्रित रहता है. इमली में आयरन और पोटेशियम की भरपूर मात्रा होती है, जो ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने और रेड ब्लड सेल को बनाने में मदद करती है।

**5. इम्यूनिटी बढ़ाती है इमली**

इमली का सेवन हमारे इम्यून सिस्टम के लिए फायदेमंद होता है. जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर होती है, उन्हें इमली जरूर खानी चाहिए. इन्में पाये जाने वाली विटामिन-सी और एंटी ऑक्सीडेंट इम्यूनिटी को बूस्ट करते हैं।

धर्म-आस्था

# गंगा दशमी पर गंगा जल स्नान करने का काफी महत्व है

गंगा दशमी के दिन माँ गंगा की पूजा और दान-पुण्य करना अत्यंत लाभकारी माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगीरथ के तप से प्रसन्न होकर मां गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थी। माँ गंगा का वेग इतना तेज था कि अगर वह सीधे पृथ्वी पर आती तो काफी परेशानी हो सकती थी। तब गंगा के वेग को भगवान शिव ने अपनी जटाओं में समाहित कर लिया था। गंगा दशमी के दिन गंगा में स्नान शुभ फलदायी माना जाता है। 25 मई को आने वाले गंगा दशमी का काफी महत्व है। गंगा नदी का प्राचीन ग्रंथों में उल्लेख है`राजा भगीरथ ने कठोर तपस्या कर धरती पर लाकर पुनीत कार्य किया। गंगा नदी का अवतरण शुक्ल पक्ष,माह ज्येष्ठ की दशमी तिथि को हुआ` इसी से इस दिन को गंगा दशमी कहते है। कई क्षेत्रों में इसे गंगा दशहरा भी कहते है। गगा दशहरा के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। इसके बाद दान-पुण्य करना चाहिए। ऐसा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और पितृ भी संतुष्ट होते हैं। गंगा के घाट पर जाकर पिंडदान, तर्पण, दान, श्राद्ध और दीपदान करना चाहिऐ जो गंगा नदी में स्नान करने जा नहीं सकते वे घर पर गंगाजल डाल कर स्नान कर लेंगें तो फल की प्राप्ति होती है` श्रद्धा और आस्था, विश्वास के साथ की गई पूजा ,स्नान ,दान से सभी पापों से मुक्ति मिलती है यही भाव माँ गंगा जी की आरती करते समय प्रार्थना के रूप में होते है।

**गंगा आरती**

ओम जय गंगे माता, श्री जय गंगे माता ।
जो नर तुमको ध्याता, मनवांछित फल पाता ॥
चंद्र सी जोत तुम्हारी, जल निर्मल आता ।
शरण पड़े जो तेरी, सो नर तर जाता ॥
॥ ओम जय गंगे माता..॥
पुत्र सगर के तारे, सब जग को ज्ञाता ।
कृपा दृष्टि तुम्हारी, त्रिभुवन सुख दाता ॥
॥ ओम जय गंगे माता..॥
एक ही बार जो तेरी, शरणागति आता ।
यम की त्रास मिटाकर, परम गति पाता ॥
॥ ओम जय गंगे माता..॥
आरती मात तुम्हारी, जो जन नित्य गाता ।
दास वही सहज में, मुक्ति को पाता ॥
॥ ओम जय गंगे माता..॥
ओम जय गंगे माता, श्री जय गंगे माता ।
जो नर तुमको ध्याता, मनवांछित फल पाता ॥
ओम जय गंगे माता, श्री जय गंगे माता ।

गंगा नदी हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है। इसे प्रदूषण मुक्त करना भी हमारी जिम्मेदारी है गंगा शुद्धिकरण अभियान के तहत इसमें डॉल्फिन मछलियां भी डाली गई हऐ इसके अलावा समय -समय पर शासन द्वारा सफाई का ध्यान भी रखा जाता रहा है` किंतु आगे जाकर कई शहरों का निकास का पानी नालों के रूप में समाहित होता है इस पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

माँ गंगा की छोटी धारा का नर्मदा नदी में समाहित होने का उदाहरण इस प्रकार भी मिलता है`इंदौर से मनावर 127 किमी की दूरी पर मनावर जिला धार के अंतर्गत मनावर से 25 किमी की दरी पर स्थित गांगली गांव स्थित है ये कालांतर में गंगा से गांगली हो गया` ये नर्मदा के तट पर स्थित है। यहाँ पवित्र कुंड विधमान है जिसमे निरंतर गंगा का जल प्रवाहित होता रहता है` इस जल की पुष्टि गंगा नदी के जल से की गई जिसको हूबहू जल का होना पाया गया। ये जल बहकर नर्मदा के जल में मध्य में इसे सातमात्रा के नाम से भी पुकारा जाने लगा यहाँ माँ गंगा और नर्मदा का मिलन होता है ` प्राचीन स्थान का पुराण( स्कंध पुराण के रेवाखंड और शिव पुराण) में लेख है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने होशंगाबाद जिले के सेमरी हरचंद गाँव में कथा वाचन के दौरान मनावर (गांगली -साततलाई ) का के नाम का उल्लेख किया था। यहाँ दशमी को भव्य मेला भी लगता है` गंगा दशहरे पर भारी भीड़ रहती है` ये स्थल सरदार सरोवर के डूब क्षेत्र में आने से जब पानी नहीं रहता तब दर्शन श्रद्धालुओं के लिए सुलभ होते है` यहाँ देश के सभी प्रांतो से गूगल मेप के जरिये स्थान खोज कर दर्शन का लाभ लेते है` यहाँ पहुंचने के दो रास्ते है ` एक सिंघाना गणपुर होकर एवं एक मनावर से पक्का डामर एवं सीमेंट रोड से सेमल्दा रोड़ पर वायल, पचखेड़ा होकर करोली फाटा आता है। वहाँ पर क्रांतिकारी टंटिया मामा की प्रतिमा से करोली फाटा से पिपलाज,के आगे से ग्राम बीजाबयड़ी से टर्न होकर मात्र 2 किमी की दूरी पर गांगली (साततलाई) में गंगा कुंड निर्मित है। दर्शनीय स्थल में माँ गंगा का माँ नर्मदा के जल में विलय होने के ये स्थान का स्नान एवं दर्शन लाभ अवश्य लेना चाहिए। - **संजय वर्मा दृष्टि**

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेर्ण्ड- 1,54,400 रवा- 1,54,200 चांदी-टंच- 2,58,800 पाट- 2,57,800।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com




## मंहगाई व नीट पेपर लीक को लेकर विरोध प्रदर्शन किया

**जगोटी।** नीट पेपर लीक को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने चौक बाजार जगोटी में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव, प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव अमनदीप सिंह गुर, महिदपुर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह डोडिया ने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि लाखों छात्र छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, केंद्र की मोदी सरकार के अब तक के कार्यकाल में लगभग 80 परीक्षाओं के पर्चे लीक होना दुर्भाग्यपूर्ण है, कांग्रेस युवाओं के हितों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। इस अवसर पर रवि जायसवाल, धनसिंह बापू, भरत मालवीय, नंदकिशोर बरखेड़ी, गोपाल सिंह डाबी, सुनील पंवार, महेश पांचाल, राहुल चौधरी, सितलैश्वर मालवीय, विक्रमसिंह महूडी, पुरुषोत्तम शर्मा, रजनीश तिवारी, सहित ग्राम महूडी, बरखेड़ी बाजार, खुरचनिया के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता





**महिदपुर रोड।** आबू नाथ महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन की कथा का वृतांत भागवत कथा प्रवक्ता पंडित दीपक उपाध्याय ने उपस्थित श्रद्धालुओं को विस्तार से सुनाया कथा के चौथे दिन भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारे के बीच नन्हे कृष्ण बने बालक को कथा पांडाल में लाया गया तो बड़ी संख्यां श्रद्धालुओं ने नन्हे कान्हा बने बालक को दुलारा। भागवत कथा प्रवक्ता पंडित उपाध्याय ने बच्चों को गोद में लेकर आशीर्वाद दिया। कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं मे श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की खुशियां बांटते हुए मिठाई का वितरण भी किया।

## पुराने विवाद में व्यापारी से मारपीट, कार सवार युवकों ने घेरा था, 5 आरोपी गिरफ्तार

**देवास।** देवास शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में व्यापारी के साथ मारपीट और अपहरण के प्रयास के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 12 मई को उत्तम मेगा मार्ट के सामने हुई थी, जहां कार सवार युवकों ने पुराने लेनदेन के विवाद को लेकर व्यापारी के साथ मारपीट की और उसे जबरन ले जाने का प्रयास किया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए भोपाल और देवास से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि फरार आरोपी राहुल पंवार की फरियादी से पुरानी रंजिश थी। इसी विवाद के चलते घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कार, एक बाइक, दो मोबाइल फोन, 5400 रुपए नकद और दो डंडे जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक मामले में शामिल फरार आरोपी राहुल पंवार की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की गई है।

## खेड़ावदा दंगल में विजय खेर पहलवान जीते



खाचरोद। ग्राम खेड़ावदा नरसिंहगढ़ में विराट कुश्ती कांटा दंगल का आयोजन हुआ। जिसमें पवन पुत्र व्यामशाला खाचरोद के उस्ताद डॉ. श्यामसिंह पहलवान के शिष्य कंचनखेड़ी के विजय खेर पहलवान ने नीमच के पहलवान को हराकर विजयी हुए। खेर पहलवान की इस जीत पर बजरंग व्यामशाला के उस्ताद कैलाश पोपण्डिया सचिन पोपण्डिया ओमवीरसिंह भदोरिया राकेश राठौर प्रकाश राठौर नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा तथा नगर वासीयों ने बधाई देकर शुभकामनाए दी।

## केंद्रीय मंत्री रक्षा निखिल ने बगलामुखी के दर्शन किए

**नलखेड़ा।** केंद्रीय राज्यमंत्री रक्षा निखिल खडसे बुधवार शाम आगर-मालवा जिले के मशहूर शक्तिपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचीं। उज्जैन से सड़क के रास्ते नलखेड़ा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। राज्यमंत्री खडसे ने मंदिर पहुंचकर मां बगलामुखी के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने मंदिर के पीछे बनी यज्ञशाला में पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच हवन और अनुष्ठान में हिस्सा लिया। उन्होंने इस दौरान देश की तरक्की और लोगों की सुख-समृद्धि के लिए दुआ मांगी।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं तोसिफ अहमद पुत्र श्री इकबाल अहमद, निवासी 52/2, खुदीराम बोस मार्ग, उज्जैन (म.प्र.), यह घोषित करता हूँ कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम हुमेद (HUMED) दर्ज हो गया है। मेरे पुत्र का सही नाम हुमैद अहमद (HUMAID AHMED) पुत्र श्री तोसिफ अहमद (TOSIF AHMED) है एवं अन्य शासकीय/अशासकीय दस्तावेजों, जैसे जन्म पत्रिका तथा 8वीं की मार्कशीट में भी हुमैद अहमद (HUMAID AHMED) नाम दर्ज है। अतः भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम व सरनेम से जाना-पहचाना जाएगा।

पुराना नाम- **(हुमेद) (HUMED)**
नया नाम- **(हुमैद अहमद) (HUMAID AHMED)**
पुत्र श्री तोसिफ अहमद (TOSIF AHMED)
**52/2, खुदीराम बोस मार्ग, लोहे का पुल, उज्जैन**

# विवाह वर्षगांठ पर चौपड़ा दंपति ने लिया अंग दान-देहदान का संकल्प, समाज के लिए प्रेरणादायक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

जिन महानुभावों में परोपकार की भावना कूट-कूट कर भरी होती है,यहां तक कि मृत्यु उपरांत भी किसी के काम आ सकने तक की तो उनकी विचारधारा समूचे जगत के लिए एक विशिष्टता लिए हुए होती है। ऐसे में यदि कोई दंपति अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर अपने अंगदान-देहदान का संकल्प ले तो बड़ा ही प्रेरणादाई,अनुकरणीय प्रसंग बन जाता है।

इस परोपकारी निर्णय में सहगामिनी की रही सक्रिय सहभागिता उसमें भी यदि जीवन संगिनी धर्मपत्नी की पहल हो और पति महाशय भी स्वीकार्यता से अपनी सहमति दें तो वह तो और भी सोने में सुहागा वाली बात।सुदीप के परिवार में बड़े पिताजी मानमल जी एवं पिताश्री पारसमल जी चौपड़ा के नेत्रदान हो चुके हैं।इसके साथ ही गूंजाजी की बड़ी मम्मी श्रीकांता मूणत जावरा के नेत्रदान भी 2024 में हुए हैं। संदीप गूंजाजी का विवाह 13 वर्ष पहले 20 मई 2013 को हुआ था।आपके पिताश्री के संस्कार रूढ़िवादिता से परे होकर आदर्शवादी जीवन से प्रेरणा पाकर आप दोनों ने यह निर्णय लिया।वे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता के रूप में सेवाएं देते रहे और प्रभारी प्राचार्य पद का भी निर्वहन किया। सुदीप चौपड़ा वार्ड नंबर 16 से नगर पालिका के सम्माननीय पार्षद हैं।




### सहधर्मिणी गूंजा का किया आभार व्यक्त

वैवाहिक वर्षगांठ पर सुदीप+गूंजा चौपड़ा ने यह गौरवशाली निर्णय लिया और गूंजा जी की संकल्पित भावना से प्रेरित होकर सुदीप भी हमकदम बन इस संकल्प में सहभागी बने।इस प्रेरणा के लिए उन्होंने गूंजाजी का आभार भी व्यक्त किया है।

### देहदान के बारे में विशिष्ट जानकारी

सामान्य मृत्यु के अगले ही पल हृदय, फेफड़े, यकृत,गुर्दा,छोटी आंत,हाथ और पेनक्रियाज खराब (डीकंपोज) हो जाते हैं।ब्रेनडेड (मस्तिष्क मृत्यु) वेंटिलेटर के साथ होने से इन अंगों का दान केंद्र सरकार द्वारा प्रमाणित चार डॉक्टरों के दल द्वारा विधिपूर्वक किया जाता है।ब्रेन डेड में यह सब अंग दान होते हैं।हृदय गति रुकने के बाद आंख (कार्निया), त्वचा, हार्ट वाल्व एवं हड्डियों का दान किया जा सकता है।वर्तमान में हमारे क्षेत्र में आंख, त्वचा दान हो पा रहा है। हार्ट वाल्व बैंक नवीन बैंक की दिशा में मुस्कान ग्रुप इंदौर और निजी चिकित्सालय की सहायता से प्रशासन की अनुमति प्राप्त करने की दिशा में प्रयासरत हैं। इसके सदस्य संदीपन आर्य एवं जीतू बगानी प्राण-प्रण एवं समर्पण भाव से लगे हुए हैं। स्टेट आर्गन टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर मध्यप्रदेश शासन अंग व देहदान के क्षेत्र में सलाहकार समिति के इन सदस्यों के प्रयास स्तुत्य हैं। विगत 10 दिन में इंदौर में आठ देहदान हुए।


### अंगदानी और देहदानियों को गॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मान

1 जुलाई 2025 से मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अंगदानियों और देहदानियों को गार्ड ऑफ ऑनर देने के आदेश जारी किए।इसमें जवाहर डोसी के प्रयास पहल भी बहुत काम आए।इस दंपति के अंगदान/देहदान प्रपत्र को भरने में भी इनका सक्रिय,सराहनीय योगदान काबिले तारीफ रहा।चौपड़ा दंपति द्वारा लिए गए इस बहुपयोगी निर्णय की नगर में भूरि-भूरि प्रशंसा और सराहना हो रही है।

### कॉलोनीवासियों ने कॉलोनाइजर पर लगाए धोखाधड़ी के आरोप

# मूलभूत सुविधाएं न मिलने पर कलेक्टर को ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा



आगर-मालवा में तिरुपति कॉलोनी और अरिहंत वैली कॉलोनी के निवासियों ने गुरुवार दोपहर कलेक्टर कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई को एक ज्ञापन सौंपा। निवासियों ने कॉलोनाइजर पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध न कराने और भ्रामक जानकारी देकर प्लॉट बेचने का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया है कि कॉलोनियों को टीएनसी और रेरा अप्रूव्ड बताकर प्लॉट बेचे गए थे। कॉलोनाइजर ने उस समय सड़क, बिजली, पानी, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, पार्क और सुरक्षा जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। इसके लिए विकास शुल्क भी लिया गया था, लेकिन लंबे समय बाद भी ये आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

निवासियों का कहना है कि सुविधाओं के अभाव में उन्हें प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रात में स्ट्रीट लाइट न होने से सुरक्षा संबंधी समस्याएं बनी रहती हैं, जबकि पानी और साफ-सफाई की व्यवस्था भी अपर्याप्त है।

निवासियों ने कॉलोनाइजर पर धोखाधड़ी और आर्थिक शोषण का आरोप लगाते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने और जल्द से जल्द सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग प्रशासन से की है। डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई ने निवासियों को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## अपहृत नाबालिग बालिका को ढूंढकर परिजनों को सौंपा, आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत थाना नरसिंहगढ़ पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को ढूंढकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला राजगढ़ में गुमशुदा एवं अपहृत नाबालिगों की शीघ्र ढूंढना सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए। उक्त निर्देशों के पालन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ श्रीमती मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ उपनिरीक्षक गुंजा सोलंकी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की। फरियादी ने थाना नरसिंहगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए संभावित स्थानों पर दबिश दी। तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया तथा सतत प्रयास किए। परिणामस्वरूप पुलिस ने नाबालिग बालिका को ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया तथा प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड कनक श्रृंगा कोलोनी ग्राम साहिब खेडी तहसील व जिला उज्जैन में 93. 025 वर्गमीटर का मेरे द्वारा पुष्यमित्र डेवलपर्स से खरीदा गया है तथा उसकी लंबाई 15.25 मीटर एवं चौडाई 6.10 मीटर है। कनक श्रृंगा कॉलोनी में उक्त भूखण्ड क्रमांक 58 की चतुर्सीमा पूर्व की ओर कॉलोनी का रास्ता पश्चिम की ओर प्लाट क्रमांक 33 व 32 उत्तर की ओर प्लाट क्रमांक 59 तथा दक्षिण की ओर प्लाट क्रमांक 57 स्थित है उक्त भूखण्ड पर सूचनाकर्ता के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति संस्था या बैक का किसी प्रकार का कोई ऋण-भार एवं स्वामित्व व आधिपत्य नहीं है सूचनाकर्ता को सूत्रों से जानकारी मिली है कि उक्त भूखण्ड को कोई व्यक्ति स्वयं का बताकर उसका सौदा करने का प्रयास कर रहा है इस संबंध में इस सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सावधान किया जाता है कि उक्त भूखण्ड पेटे कोई व्यक्ति-संस्था आदि कोई लेनदेन न करे अन्यथा संबंधित व्यक्ति तथा लेन-देन कर्ता के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधितों की होगी सूचना सर्वसधारण को जानकारी देने एवं सावधान करने के उद्देश्य से प्रकाशित करवाई जा रही है। सूचित हो इति दिनाक 22.05-2026

**प्रवीण मण्डलोई**
**मोबा. 9669868185**

## भूखण्ड निरस्ती की जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भूखण्ड क्रमांक 25, 31, 32, 34, 35, 36, 72, 73, 77, 78, 80, 81, 87, 88, 90, 91, 94, 95, 96, 97, 98, 100 व 149 के भूखण्ड धारक मोहम्मद इसमाईल नागोरी उर्फ राजा भाई को सूचित किया जाता हैं, कि आपने रोशन एन्क्लेव ग्राम धतरावदा तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. मे उक्त वर्णित भूखण्ड क्रय किये थे तथा आप भूखण्ड धारक की द्वितीय व तृतीय किश्त बाकी है जिसका भुगतान आपने मेरी फर्म "M/s Future Developers" के कर्यालय उज्जैन म.प्र. मे जमा नही कराया है। यदि आप भूखण्ड धारक ने उक्त भूखण्डो की द्वितीय व तृतीय किश्त 7 दिन के भीतर मेरी पक्षकार फर्म "M/s Future Developers" के कार्यालय मे जमा नही कराई गई तो मेरे पक्षकार फर्म द्वारा यह मान लिया गया है कि, उक्त भूखण्ड धारक उक्त भूखण्डो को क्रय करने मे इच्छुक नहीं है तथा मेरे पक्षकार फर्म द्वारा उक्त भूखण्डो का आवंटन निरस्त कर दिया जावेगा तथा अब कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था मेरे पक्षकार की बगैर सहमति के उक्त भूखण्ड के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई अन्तरण, क्रय, संव्यवहार न करे अन्यथा उसकी समस्त जिम्मेदारी क्रय व्यवहारकर्ता अन्तरणग्रहिता की होगी तथा इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के बाद किसी भी प्रकार का दावा व आपत्ति मान्य नहीं होगी। यह कि, यदि उक्त निहित अवधि में भी आप भूखण्ड धारक द्वारा उक्त वर्णित भूखण्डो की द्वितीय तथा तृतीय किश्त जमा नहीं करते है तो ऐसी स्थिति मे मेरी पक्षकार फर्म उक्त भूखण्डों को किसी अन्य व्यक्ति या संस्था को विक्रय करने के लिये स्वतंत्र रहेगी। सो सूचित हो । इति दिनांक- 22.05.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**कार्यालय-ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स,**
**देवास रोड़, उज्जैन**
**संपर्क-98272-64140**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार ने जिला व तहसील उज्जैन में बने ओम सांई ओम मल्टी फ्लैटेड टाऊनशिप में निर्मित अपार्टमेंट डायमंड बी की पहली मंजिल का आवासीय फ्लैट क्रमांक 101 का सौदा वर्तमान स्वामी श्री सुशील पिता भेरूलालजी शर्मा निवासी 4, मक्सी रोड, भारत पेट्रोल पम्प के पास पंवासा उज्जैन से किया है। किसी भी व्यक्ति, वारिसान, बैंक, वित्तीय संस्था या अन्य किसी भी पक्ष को उक्त वर्णित सम्पत्ति के संबंध में कोई आपत्ति, दावा, अधिकार, स्वत्व, हिस्सा, बंधक, दान किराया या किसी भी न्यायालय में कोई वाद लम्बित हो तो वे इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस के भीतर मय मूल दस्तावेजी साक्ष्य के मेरे कार्यालय में नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप से अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। यदि निधारित अवधि, के भीतर कोई वैध आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो यह पूर्ण रूप से मान लिया जाएगा कि उक्त सम्पत्ति पर किसी का कोई दावा या अधिकारी नहीं है। निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र अपने पक्ष में निष्पादित एवं पंजीकृत करा लेंगे और उसके बाद भविष्य में किसी भी व्यक्ति द्वारा की गई कोई आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी या मान्य नहीं होगा।

दिनांक :- 22/5/2026 स्थान- उज्जैन
**हर्ष गेहलोत (हायकोर्ट एडव्होकेट)**
**42, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग मालीपुरा, उज्जैन**
**मोबा.79743-88852**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मकान नम्बर पुराना 2/1582 व 1583 नया नगर पालिक निगम क्रमांक 37 व 38 का भाग वर्तमान नम्बर 37 व 38 मूल स्थित अहिल्याबाई मार्ग, उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 1600 वर्गफीट है, जो एक मंजिला टीन पोश का निर्मित होकर उसके पूर्व दिशा में मकान शाकेब मोहम्मद, मकान मोहम्मद युसुफ एवं मकान शकील मोहम्मद का, पश्चिम दिशा मे बन्द गली एवं मकान अय्युब खां काडीवाला का, उत्तर दिशा में मकान संजयजी का, दक्षिण दिशा में गली है को रशिदा बी पति जाकिर खान, निवासी वार्ड नम्बर 01, सांवेर तहसील सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि में उपरोक्त मकान का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।

अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो तथा किसी व्यक्ति को दान, हिबा की हुई हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति आदि के पास गिरवी रखे हो अथवा कोई न्यायालयीन वाद विचाराधिन हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति का अनुबंध पत्र अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 22-05-2026 स्थान - उज्जैन

**दिलीप कुमार जैन एडवोकेट**
**DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मोबाईल नम्बर: 94250 92749**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड के द्वारा प्रदत्त जानकारी, दस्तावेज व निदेर्शानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा सर्वे कमांक 1299/237/2, प.ह.न 7, वार्ड नम्बर 17, सिटी ब्यावरा, जिला राजगढ पिनकोड-465674 में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 0.058 हेक्टर है तथा जिसकी चतुर्सीमा-पूर्व में- सुभाष साहु का भुखण्ड, पश्चिम में रमेश की भूमि, उत्तर में बलदेव पिता नेक सिंह की भूमि, दक्षिण में विष्णु रमेश की भूमि, स्थित है। उक्त संपत्ति कमला बाई पति पुरूषोत्तम दास ने बलदेव पिता नेक सिंह से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 937 दिनांक 03/02/1996 को विधिवत रूप से क्रय की थी। कमला बाई पति पुरूषोत्तम दास की मृत्यु के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विष्णु प्रसाद अग्रवाल पिता पुरूषोत्तम दास, रमेश चन्द्र पिता पुरूषोत्तम दास, नंद किशोर पिता पुरूषोत्तमदास, राजेन्द्र कुमार उर्फ पिता राज कुमार पिता पुरूषोत्तम दास अग्रवाल, को उनके माता स्व. कमला बाई पति पुरुषोत्तम दास को उपरोक्त संपत्ति पर नामांतरण के आधार पर वैधानिक स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त हुआ है। उपरोक्त संपत्ति पर विष्णु प्रसाद अग्रवाल पिता पुरूषोत्तम दास, रमेश चन्द्र पिता पुरूषोत्तम दास, नंद किशोर पिता पुरूषोत्तमदास, राजेन्द्र कुमार उर्फ पिता राज कुमार पिता पुरूषोत्तम दास अग्रवाल, के द्वारा आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी तथा ऋण स्वीकृत किये जाने की दशा में उक्त सपंत्ति पर प्रथम ऋण भार आई सी आई सी आई बैंक लिमिटेड का रहेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो। इति दिनांक 22/05/2026

**नीरज सक्सेना (एडवोकेट)**
**ए-18, भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

## आवारा सांडों से घायल बछिया की हुई दर्दनाक मौत

**जीरापुर।** प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के छापी बांध क्षेत्र मे एक दर्दनाक मामला सामने आया, जिसने बेसहारा गौवंश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रतिदिन सुबह सैर करने जाने वाले नगरवासियों ने वहां एक छोटी बछिया को गंभीर रूप से घायल अवस्था में देखा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बछिया के आसपास आवारा सांड घूम रहे थे और उनके कारण वह बुरी तरह जख्मी हो गई थी। मौजूद लोगों ने सांडों को वहां से भगाने का प्रयास भी किया, लेकिन उचित उपचार और संरक्षण नहीं मिलने के कारण अगले दिन जब लोग दोबारा वहां पहुंचे तो बछिया मृत अवस्था में मिली। इस घटना ने क्षेत्र के लोगों को झकझोर कर रख दिया। नगरवासियों का कहना है कि सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर खुले घूम रहे आवारा सांड लगातार हादसों और ऐसी घटनाओं का कारण बन रहे हैं। कई बार गायों के पीछे दौड़ते सांड सड़क पर अचानक आ जाते हैं, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों की जान भी खतरे में पड़ जाती है। क्षेत्र में पहले भी छोटे-मोटे हादसे हो चुके हैं और समय रहते व्यवस्था नहीं हुई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि बेसहारा गौवंश के लिए सुरक्षित व्यवस्था, उपचार और आवारा सांडों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके।

## पुरानी परंपरा अनुसार तीर्थ यात्रा से लौटे परिवार का आत्मीय स्वागत

**जीरापुर।** भारतीय संस्कृति में प्राचीन समय से ही तीर्थ यात्रा कर लौटने वाले श्रद्धालुओं का परिवारजनों एवं नगरवासियों द्वारा सम्मान और स्वागत करने की परंपरा रही है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नगर में चारधाम यात्रा से सकुशल लौटे शिक्षक परिवार का आत्मीय स्वागत किया गया। जीरापुर निवासी राम शर्मा आराधना शर्मा, वंदना शर्मा, सीमा शर्मा एवं मीरा शर्मा 9 मई को केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री एवं गंगोत्री की पावन चारधाम यात्रा हेतु रवाना हुए थे। यात्रा पूर्ण कर 18 मई को परिवार सकुशल अपने नगर लौटा। नगर आगमन पर सर्वप्रथम भोलेनाथ मंदिर बोराजी के कुएं भंडावद रोड पर रुककर पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात घर पहुंचने पर परिवारजनों, इष्ट मित्रों एवं नगरवासियों ने फूल-मालाओं एवं जयकारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान धार्मिक एवं उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।

## पत्नी के मायके जाने पर युवक ने फांसी लगाई, 7 माह पहले हुई थी शादी

**देवास।** देवास जिले के नागदा गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बुधवार रात को हुई, जिसकी जानकारी गुरुवार सुबह परिजनों को मिली। शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया गया और फिर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान नागदा निवासी 22 वर्षीय रंजीत पिता चिरौंजीलाल के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह जब उसकी मां चाय देने कमरे में पहुंचीं, तो उन्होंने रंजीत को फंदे पर लटका पाया। सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। रंजीत डाकाच्या के पास एक कंपनी में कार्यरत था। लगभग सात माह पहले ही उसका विवाह लसुडिया परमार निवासी एक युवती से हुआ था। जानकारी के अनुसार, उसकी पत्नी दो-तीन दिन पहले ही अपने मायके गई थी।



### युवक ड्रग्स-गांजा खरीदने चुराते थे वाहन

## आगर में 5 चोरी की बाइक समेत 4 आरोपी पकड़ाए, गाड़ियों को गिरवी रखते थे



**आगर-मालवा।** पुलिस ने वाहन चुराने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से अलग-अलग जिलों से चोरी की गई 5 मोटरसाइकिलें मिली हैं। जिनकी कीमत करीब 3 लाख 40 हजार रुपए बताई जा रही है। वाहन चोरी का यह मामला 22 जनवरी 2026 को सामने आया था, जब ग्राम रोझानी के गुमानसिंह चौहान की बाइक सान्ड्याबेड़ी जोड़ के पास से चोरी हो गई थी। पुलिस ने इस शिकायत पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने सबसे पहले सोमवार को विनोद मालवीय को पकड़ा और रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसके बाद मंगलवार को गिरोह के बाकी सदस्य भी पकड़ में आ गए। पुलिस पूछताछ में पता चला कि ये आरोपी नशे के आदी हैं। अपनी नशे की लत और खर्चे पूरे करने के लिए ये सुनसान जगहों पर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाते थे। चोरी के बाद ये आरोपी बाइकों को दूसरे जिलों में गिरवी रख देते थे और उन पैसों से ड्रग्स-गांजा खरीदते थे। पुलिस ने इंदौर, शाजापुर और जोगपुरा जैसे इलाकों से ये गाड़ियां बरामद की हैं।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार 1- पुरूषोत्तम कुमार विष्णु पिता दयारामजी विष्णु, एवं श्रीमती संगीता विष्णु, निवासीगण 119, आर्य समाज मार्ग, बहादुरगंज उज्जैन ने श्री उदय सिंह पंवार पिता श्री सुरेश पंवार, निवासी 120, बहादुरगंज, आर्य समाज मार्ग, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 120, बहादुरगंज, आर्य समाज मार्ग, उज्जैन में है। उक्त मकान में से पूर्व दिशा का ओपन भाग (गलियारा) जिसका कुल क्षेत्रफल 1.80 वर्ग मीटर होकर उसकी चतुसीर्मा में पूर्व में सरकारी चौक, पश्चिम में क्रेता का मकान, उत्तर में :- मकान मुरली सिंधी का, दक्षिण में:- शेष भाग मकान विक्रेता का है। मेरे पक्षकार ने उक्त पैमाईश एवं चतुःसीर्मा के मध्य का भाग ओपन गलियारे को मय हवाई हक एवं तल भूमि के, क्रय करने का अनुबंध किया है तथा मेरे पक्षकार द्वारा श्री उदय सिंह पंवार पिता सुरेश पंवार को बयाना राशि भी अदा करदी गई है। उक्त मकान पर किसी बैंक निगम, व्यक्ति, फायनेंसर संस्था या अन्य किसी व्यक्ति का कोई ऋणभार या न्यायालयीन प्रकरण हो अथवा उक्त सम्पत्ति कहीं रहन, बय, दान आदि किसी प्रकार से अन्तरित की हुई हो अथवा उक्त सम्पत्ति किसी अन्य को विक्रय किये जाने का अनुबंध किया हुआ हो अथवा उक्त सम्पत्ति पर किसी प्रकार की वारिसान संबंधी बाधा हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन से 07 दिन के भीतर मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करे। अवधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार को किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी व मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय-पत्र अपने हित में निष्पादित करा लिया जावेगा। दिनांक 22-05-2026 स्थान उज्जैन।

**प्रमोद पाठक, एडव्होकेट**
**18, देवास गेट, उज्जैन**

# शाजारपुर में 1 करोड़ की लागत से बनेगी भव्य एवं आधुनिक गौशाला

## विधायक भीमावत ने किया भूमिपूजन, ग्राम कांजा 'बल्डी' में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ शिलान्यास

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

सनातन संस्कृति की मूल भावना को चरितार्थ करते हुए और गौवंश संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, शुक्रवार को शाजापुर में एक भव्य और सर्व-सुविधायुक्त गौशाला के निर्माण का श्रीगणेश हुआ। श्री गोपाल गौशाला न्यास (नई सड़क) द्वारा ग्राम कांजा स्थित बल्डी तालाब खेड़ा रोड पर प्रस्तावित इस आधुनिक गौशाला का भूमिपूजन प्रात: 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार व पूर्ण विधि-विधान के साथ संपन्न किया गया।

इस ऐतिहासिक प्रकल्प को साकार करने के लिए स्थानीय विधायक अरुण भीमावत ने 1 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की है। कार्यक्रम का शुभारंभ दो गौमाताओं की विशेष पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ हुआ। इस दौरान विधायक अरुण भीमावत ने मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि, गौ सेवा हमारी भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की आत्मा है। जहां गौ माता का सम्मान होता है, वहां सुख, समृद्धि और संस्कारों का वास होता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि गौशाला का निर्माण केवल गौवंश का संरक्षण नहीं है, बल्कि यह समाज में सेवा, संस्कार और मानवता को सशक्त करने का एक पवित्र माध्यम है। गौ सेवा से बढ़कर कोई पुण्य और गौ रक्षा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है।

**वरिष्ठजनों और समाजसेवियों से की मार्मिक अपील**-विधायक ने समाज के उन लोगों विशेषकर वरिष्ठजनों से गौ सेवा में आगे आने का आग्रह किया, जो अपने पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्वों से मुक्त होकर निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करना चाहते हैं। उन्होंने किसानों, समाजसेवियों, गौ भक्तों और क्षेत्रवासियों से गौशाला के निर्माण एवं सुचारु संचालन में बढ़-चढ़कर अपना सहयोग देने का आह्वान किया।




**परिसर में बनेगा तालाब, होगी मजबूत फेंसिंग**-गौशाला को आधुनिक और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष रूपरेखा तैयार की गई है। जानकारी के अनुसार, विशाल गौशाला परिसर में गौवंश की सुरक्षा के लिए मजबूत तार फेंसिंग की जाएगी।

इसके अलावा, गौवंश के लिए पेयजल व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से परिसर में एक तालाब का निर्माण भी प्रस्तावित है।

**प्रशासन और समाज के कई गणमान्य लोग रहे मौजूद**- इस शिलान्यास समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की कई हस्तियां शामिल हुईं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शाजापुर कलेक्टर ऋजु बाफना, पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत, एसडीएम मनीषा वास्कले, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, शाजापुर ग्रामीण अध्यक्ष हरिओम गोठी, कार्यक्रम के प्रमुख हेमेंद्र व्यास, गौशाला समिति के अध्यक्ष दिनेश नवाब, सचिन नागर और राजेंद्र भट्ट विशेष रूप से मौजूद रहे। इनके अलावा व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में स्थानीय गौ सेवक उपस्थित थे।

## कबाड़ से कमाल : प्लास्टिक बोतलों से बनाया ड्रिप सिस्टम

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में आयोजित समर कैंप 2026 के अंतर्गत महिला फिटनेस ग्रुप की छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन की दिशा में अनूठी पहल करते हुए अनुपयोगी प्लास्टिक बोतलों से पौधों के लिए ड्रिप सिंचाई प्रणाली तैयार की। कबाड़ से कमाल थीम पर आधारित यह नवाचार परिसर में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शुजालपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गतिविधि के दौरान छात्राओं ने प्लास्टिक कचरे को उपयोगी संसाधन में बदलते हुए जल बचत का संदेश दिया। तेज गर्मी में पौधों को लंबे समय तक नमी बनाए रखने की आवश्यकता को देखते हुए छात्राओं ने पुरानी प्लास्टिक बोतलों में छोटे-छोटे छिद्र कर उन्हें पौधों के समीप स्थापित किया। इस व्यवस्था से पानी धीरे-धीरे लगातार पौधों तक पहुंचता रहता है, जिससे पौधों को पर्याप्त नमी मिलती है और पानी की बर्बादी भी रुकती है।


### जाहिर सूचना

सुचित किया जाता है कि खसरा न.243/10, 243/16, 243/17, 243/20, 243/21 ग्राम कमलिया पर शुभ आँगन कॉलोनी विकसित की जा चुकी है जो की कमलिया बायपास रोड पर स्पार्कल स्कूल से कुछ ही दूरी पर स्थित हैं एततः कॉलोनी EWS एवं LIG, EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग), LIG ( निम्न आय वर्ग) के प्लाट उपलब्ध है इस हेतु इच्छुक क्रेता जो की EWS, LIG की केटेगरी में आते है अपने आवेदन के साथ आज दिनांक 21/05/2026 से 180 दिन के अन्दर अपना आवेदन आय का प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आधार कार्ड सहित जाकर कॉलोनी में अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर देवे । उक्त भूमि का क्षेत्रफल 26960 वर्ग मीटर है 7 कॉलोनी का विधिवत नक्शा पास कर डायवर्सन विकास अनुमति, रेरा रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है।

**संपर्क हेतु-शुभ आँगन कॉलोनी**
**कमलिया बायपास रोड शुजालपुर**
**मोबाइल न. 8827272207**
**रेरा नंबर- P-SJL-23-3878**

### जाहिर सूचना

सुचित किया जाता है कि खसरा न.343/1,343/2,344,345,346,347,348,349/1,349/2 ग्राम देहेंडी पर नानक बाग कॉलोनी विकसित की जा रही है जो की आष्टा रोड पर के अडानी प्लांट के सामने स्थित है एततः कॉलोनी EWS एवं LIG, EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग), LIG (निम्न आय वर्ग) के प्लाट उपलब्ध है इस हेतु इच्छुक क्रेता जो की EWS, LIG की केटेगरी में आते है अपने आवेदन के साथ आज दिनांक 21/05/2026 से 180 दिन के अन्दर अपना आवेदन आय का प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आधार कार्ड सहित जाकर कॉलोनी में अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर देवे । उक्त भूमि का क्षेत्रफल 29810 वर्ग मीटर है। कॉलोनी का विधिवत नक्शा पास कर डायवर्सन विकास अनुमति रेरा रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है।

**संपर्क हेतु- नानक बाग कॉलोनी**
**आष्टा रोड शुजालपुर**
**मोबाइल न. 8827272207**
**रेरा नंबर- P-SJL-24-4642**


## नेशनल हाईवे 52 पर लॉ कॉलेज के समीप पलटा ट्रक, टला बड़ा हादसा

**शाजापुर।** शहर के समीप नेशनल हाईवे 52 पर स्थित लॉ कॉलेज के सामने ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि या गंभीर चोट की सूचना नहीं है। घटना के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई, लेकिन एक बड़ा हादसा होने से टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण ट्रक सड़क किनारे पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 के पायलट किरण मौर्य और आरक्षक देवेंद्र ठाकुर की टीम फौरन मौके पर पहुंची। पुलिस जवानों ने स्थिति को संभालते हुए वहां मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थान पर किया और व्यवस्था बनाई। हादसे की वजह से हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, लेकिन पुलिस की तत्परता से वाहनों की आवाजाही को जल्द ही सुचारु कर दिया गया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज गति और चालक का वाहन से नियंत्रण खोना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है।

## डीपीसी कार्यालय के पीछे लगी भीषण आग

**शाजापुर।** भीषण गर्मी और तेज हवाओं के बीच लालघाटी स्थित जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) कार्यालय के पीछे अचानक आग भड़क उठी जिससे हड़कंप मच गया। गनीमत यह रही कि दमकल विभाग की मुस्तैदी से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया और विभाग के बेहद महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज जलकर खाक होने से बच गए। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे कार्यालय के पीछे स्थित खुले मैदान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। चिलचिलाती धूप और तेज हवाओं के कारण आग ने पल भर में विकराल रूप ले लिया और लपटें तेजी से कार्यालय की ओर बढ़ने लगीं। जिस स्थान पर आग लगी थी, उसके ठीक पास ही विभाग के कई महत्वपूर्ण रिकॉर्ड रखे हुए थे। आग को अपनी ओर बढ़ता देख वहां मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और वे तुरंत कार्यालय से बाहर निकल आए। कर्मचारियों ने तुरंत घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। खबर मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां बिना समय गंवाए मौके पर पहुंच गईं। दमकलकर्मियों ने भारी मशक्कत के बाद चारों तरफ से घेराबंदी कर आग को पूरी तरह से बुझा दिया। इस त्वरित कार्रवाई के चलते न केवल रिकॉर्ड जलने से बच गए, बल्कि एक बड़ा हादसा टल गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। फिलहाल, खुले मैदान में अचानक भड़की इस आग के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक तौर पर ऐसा प्रतीत होता है कि आग शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य चिंगारी की वजह से लगी होगी। प्रशासन द्वारा अब इस पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## प्रशिक्षण कार्यशाला में बनी अभियान की रूपरेखा

**गुना।** राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान, वैशाली नगर भोपाल में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दो दिवसीय राज्य स्तरीय सी.एम. सोशल इंटर्न प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के समापन सत्र में परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करना तथा उन्हें समाज उत्थान के कार्यों के लिए प्रशिक्षित करना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर आगामी 25 मई 2026 को गंगा दशहरा के अवसर पर मध्यप्रदेश की लगभग 10 हजार पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल गंगा कलश यात्राएँ आयोजित की जाएंगी। इस दौरान ग्रामों की प्राचीन जल संरचनाओं जैसे बावड़ी, कुएं, सरोवर एवं तालाबों की साफ-सफाई कर उनका पूजन किया जाएगा तथा वहां से कलश यात्राएँ निकाली जाएंगी।


### जाहिर सूचना

एतद सर्वसाधारण का सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार प्रवीण कुमार भावसार पिता विनोद कुमार भावसार, निवासी-एल. आई.जी. 315, पटेल नगर, उज्जैन म.प्र. के द्वारा सुरेन्द्रसिंह पंवार पिता भरतसिंह पंवार, निवासी-ग्राम मालीखेडी, तहसील घटिट्या जिला उज्जैन से एक भूमि सर्वे क्रमांक-99/2 रकबा 0.400 हे., एवं सर्वे नं. 168 रकबा 0.480 हे. कुल किता 2, कुल रकबा 0.880 हे. ग्राम मुंडाहेडा तहसील व जिला देवास पटवारी हल्का नं.1 की कृषि भूमि जो कि फ्रीहोल्ड राईटस की भूमि हैं। जो कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रय सौदा किया गया हैं। इस संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि अगर किसी भी व्यक्ति, संस्था को उक्त भूखण्ड के संबंध में कोई भी आपत्ति उज्र हो तो वह 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। यदि अनुबंधित भूखण्ड में किसी भी व्यक्ति का स्वत्व, हित या भार हो या किसी व्यक्ति को उक्त सौदे के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। 7 दिन की अवधि पूर्ण हो जाने के पश्चात अनुबंध पत्र के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। नहीं तो 07 दिवस पश्चात उक्त सौदा अनुसार मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त रजिस्ट्री किये जाने पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 22.05.2026

**अरविंदसिंह सेंगर हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय-106, एल.आई.जी. सेकण्ड, आगर रोड़, उज्जैन**
**मो. 98275-40139**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी भगवानदास चंदनानी पिता श्री चोइथराम चंदनानी निवासी-84, तिरूपति डिलाईट, उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 315/2 रकबा 0.1150 हैक्टर स्थित ग्राम चंदेसरी, तहसील व जिला उज्जैन में है, जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में-भूमि सर्वे क्रमांक 316, पश्चिम में-सड़क सरकारी, उत्तर में-अग्रेश अग्रवाल को विक्रय की जा रही भूमि बाद शेष भूमि, दक्षिण में-परमानंद आदि की भूमि है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय अनुबंध कर लिया है तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है। अत: उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 5 (पांच) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 22-05-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़**
**उज्जैन मो. 99260-68606**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने पुष्पराज व्यास पिता श्री ऋतुराज व्यास जाति ब्राह्मण निवासी 70 हरसिद्धि चौबिस खंबा मार्ग, उज्जैन म.प्र. के भूमि स्वामी स्वत्व का एक भूखंड जो राजस्व अभिलेख अनुसार भूखंड कमांक 111 जो कि कनकश्रृंगा रेसीडेंसी कॉलोनी, ग्राम साहिबखेड़ी तह. व जिला उज्जैन पर स्थित है। भूखंड का क्षेत्रफल 79.92 वर्गमीटर या जिसका साईज लंबाई 43 फीट व चौड़ाई 20 हैं यानि 860 वर्गफीट है। भूखंड की चर्तुसीमा पूर्व में कॉलोनी का रास्ता, पश्चिम में भूखंड क्रमांक 103, उत्तर भूखंड 112 व दक्षिण में भूखंड 110 हैं उक्त भूखंड मुख्य मार्ग से अंदर स्थित हैं उपरोक्त वर्णित भूखंड को कय करने का सौदा किया मेरे पक्षकार ने किया है। और विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदाकर दी है। यदि उक्त भूखंड पर किसी बैंक, वित्तीय संस्था, सौसायटी, शासकीय/अशासकीय संस्था अथवा व्यक्ति या साहूकार का कोई ऋण भार, बोझ, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त और प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदाचिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार या इस विक्रय पत्र में कोई आपत्ति हो तो वह जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में संपर्क कर प्रस्तुत करे। नियत समयावधि में कोई आपत्ति न किये जाने पर मेरा पक्षकार उक्त भूखंड का विक्रय पत्र अपने पक्ष में संपादित करवा लेगा। भविष्य में कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधककारक व मान्य नहीं होगी। सूचित हों

इति दिनांक-23/05/2026

**अमित शर्मा ( एडव्होकेट )**
**कार्यालय - रावल मार्केट, फीगंज उज्जैन**
**मोबा. 9826039089, 9009904321**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने सोहनलाल पिता श्री बालू जी, निवासी-पुरी खेडा, पोस्ट रूई तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 250 (स) रकबा 0.4000 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम सारोला प.ह.न. 00079 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन का क्रय किया है जिसकी चर्तु:सीमा में पूर्व में-सर्वे नम्बर 247 (स), पश्चिम नाला, उत्तर में सर्वे नम्बर 248 (स), दक्षिण में सर्वे नम्बर 249 (स) के मध्य स्थित है का मेरे पक्षकार ने सौदा कर सौदा राशि अदा कर स्वयं के हित में दस्तावेज सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया हैं तथा जाहिर सुचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में सोदा चिट्ठी के परिपालन मे शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से पन्द्राह दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो। दिनांक-22.05.2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी काम्पलेक्स**
**देवास रोड, उज्जैन**

### जाहिर-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम गुरला तहसील उन्हेल जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नंबर 622/1/2/1 रकबा 0.21 हे0 स्वामित्व, आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम गुरला तहसील उन्हेल में स्थित है उक्त सर्वे नंबर 622/1/2/1 रकबा 0.21 हे. सिध्दु पिता धुलाजी जाति बागरी निवासी ग्राम गुरला तहसील उन्हेल जिला उज्जैन म.प्र. से मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण हक हिस्सा मय तला व हवाई हक सहित कय करने का सौदा किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता को उसके वारिसानों के समक्ष बयाना भी अदाकर दिया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त आराजी का विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ईपंजीयन के माध्यम से उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों से निष्पादित किया जाना है यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि (संपत्ति) में किसी अन्य व्यक्ति संस्था, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक का कोई ऋण स्वत्व हो या अन्य कोई अधिकार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा सुचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत ईपंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेंगा व उसके पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक - 22.05.2026

**अजय मौर्य एडव्होकेट**
**उन्हेल तहसील उन्हेल जिला उज्जैन मो. 9893257210**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी श्रीमती लीला बोहरा पति श्री सिद्वार्थ बोहरा निवासी-26/1 द्रविड मार्ग क्षीरसागर उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 131 रकबा 0.1600 हैक्टर, सर्वे नंबर 132/1/1 रकबा 0.7116 हैक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 0.8716 हैक्टर स्थित ग्राम पिपलई, तहसील घटिया जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय अनुबंध कर लिया है तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है। अत: उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 5 (पांच) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 22-05-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर - डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स,**
**देवास रोड़ उज्जैन मो. 99260-68606**


## हाट बाजार स्थानांतरण के विरोध में व्यापारी और किसान लामबंद

**शुजालपुर।** शहर के मंडी में वर्षों से संचालित हो रहे साप्ताहिक हाट बाजार और सब्जी मंडी के स्थानांतरण के विरोध में व्यापारियों व किसानों ने प्रशासन के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। समस्त सब्जी व्यापारियों एवं किसानगणों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि हाट बाजार को उसके पुराने स्थान चौबे स्कूल के सामने ही यथावत रखा जाए। ज्ञापन में बताया गया कि चौबे स्कूल के सामने लगने वाला सब्जी बाजार वर्षों पुराना है, जहां आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से किसान अपनी ताजी सब्जियां लेकर आते हैं और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में खरीदारी करने पहुंचते हैं। यह बाजार न केवल व्यापारियों और किसानों की आजीविका का प्रमुख साधन है, बल्कि नगरवासियों की दैनिक जरूरतों से भी जुड़ा हुआ है।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर म.प्र.

क्रमांक/स्टोर/2026/ शाजापुर, दिनांक:- .05.2026

**// ई-निविदा आमंत्रण-सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क. | टेंडर क.जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य अमानत राशि (रूपये में) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_507558_1 14-05-2026 | कम्पयुटर सिस्टम, लेप्टाप, प्रिन्टर एवं सीसीटीवी एवं अन्य सामग्री क्रय करने बाबत। | 01. 15 दिन 02. 10.00 (लाख) | 01. 2,000 02. 10000 | 28.05.2026 05:30 PM |
| 2 | 2026_UAD_509844_1 22-05-2026 | निकाय में लगे कम्प्यूटर सिस्टम, प्रिन्टर के रखरखाव एवं मेन्टेन्स कार्य बाबत | 01. 365 दिन 02. 05.00 (लाख) | 01. 2000 02. 5000 | 05.06.2026 05:30 PM |
| 3 | 2026_UAD_509912_1 22-05-2026 | वर्ष 2026-27 हेतु विभिन्न कार्यक्रमों हेतु हार, फूल गुलदस्ते आदि क्रय करने बाबत | 01. 365 दिन 02. 2.00 (लाख) | 01. 1000 02. 2000 | 30.05.2026 05:30 PM |
| 4 | 2026_UAD_491166_1 22-05-2026 | वर्ष 2026-27 हेतु विभिन्न कार्यक्रमों हेतु शाल/साफा रिडीमेट साफा, डुपट्टा, रेनकोट, बरसाती एवं यूनिफार्म क्रय करने बाबत। | 01. 365 दिन 02. 3.00 (लाख) | 01. 2000 02. 3000 | 30.05.2026 05:30 PM |
| 5 | 2026_UAD_509915_1 22-05-2026 | वर्ष 2026-27 के लिये नगर पालिका के वाहनो को टायर, ट्यूप एवं बेटी क्रय करने बाबत। | 01. 365 दिन 02. 15.00 (लाख) | 01. 2000 02. 11,500 | 30.05.2026 05:30 PM |

प्रेम जैन, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद शाजापुर
प.संतोष जोशी, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद शाजापुर
सभापति, भुवनेश्वरी देवी - सतीश राठौर, सामान्य प्रशासन, नगर पालिका परिषद शाजापुर
भुपेन्द्र कुमार दीक्षित, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद शाजापुर

नोट:-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद शाजापुर**

### जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिलीप पाटीदार पिता श्री किशोरीलाल जी, आयु 57 वर्ष, व्यवसाय व्यापार, निवासी माधव नगर, मेन रोड़, नरवर जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भभवन म्युनिसिपल क्रमांक 115/1 का भाग हनुमान नाका अंदर भेरूमाली का बगीचा, उज्जैन है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 45.49 वर्गमीटर है। उक्त भवन के पूर्व में नारायण राव का मकान, पश्चिम में रास्ता, उत्तर में बदामबाई का मकान, दक्षिण में हीरापति का मकान है। उपरोक्त भवन को क्रय करने का अनुबन्ध-पत्र मेरे पक्षकार ने किया है, उक्त अनुबन्ध-पत्र के पालन में मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति का विक्रय-पत्र का निष्पादन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किस प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में संपर्क करे लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी।

इति दिनांक - 22.05.2026

**हेमन्त जायसवाल एडव्होकेट**
**कार्यालय- ऑफिस क्रमांक 2. विजयवर्गीय टॉवर,**
**अम्बेडकर प्रतीमा के पीछे, उज्जैन मो.9827348332**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने गिरधारी पिता भीमा कृषक ग्राम भूतिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व स्वत्व तथा आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 54 रकबा 1.84 हेक्टेयर में से रकबा 0.40 हैक्टेयर कुल किता 1 कुल रकबा 0.40 हेक्टेयर स्थित ग्राम भूतिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूमिस्वामी को शेष बयाना राशि एव तत्पश्चात शेष विद्वत्यधन राशि अदा कर उनसे अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय- पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, व्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि में किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायेगा सो सूचित हो।

इति दिनांक - 23/05/2026 स्थान उज्जैन

**अजय कुमावत एडवोकेट**
**कार्यालय-पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन**
**मो. 9993364312**

## निर्माणाधीन गोल्ड क्रश सीमेंट फैक्ट्री में मजदूर की मौत

**नीमच** । शहर के कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम सकराना स्थित एक निमार्णाधीन गोल्ड क्रश फैक्ट्री में कार्यरत मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान वंदना गोप पिता रूई दास गोप निवासी पुनीपदा, थाना सोनूवा, झारखंड के रूप में हुई है। वह पिछले 8-9 महीनों से फैक्ट्री में सिविल लाइन का कार्य कर रहा था। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह काम के दौरान अचानक वंदना गोप की तबीयत बिगड़ गई और उसे घबराहट व जी मचलाने की शिकायत होने लगी। दोपहर करीब ३ बजे उसकी हालत गंभीर हो गई और उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद फैक्ट्री प्रबंधन जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के झारखंड स्थित परिजनों को भी घटना की सुचना दे दी गई है।

## पीजी कॉलेज के 26 पूर्व छात्रों का सरकारी व बैंक सेवाओं में चयन

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के गणित विभाग के 26 पूर्व विद्यार्थियों का वर्ष 2025-26 में विभिन्न शासकीय और बैंकिंग सेवाओं में चयन हुआ है। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे और विभागाध्यक्ष प्रो. टी.के. झाला ने बताया कि चयनित छात्रों में रुचि जाट का चयन डिप्टी कलेक्टर और राहुल आंजना का सब-रजिस्ट्रार के पद पर हुआ है। इसके अलावा दीपक व चिराग का गुजरात ग्रामीण बैंक में असिस्टेंट मैनेजर; आयुष, राजवीर, कुलदीप सहित 14 छात्रों का मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक में; भूपेन्द्र, जितेन्द्र व अभिषेक का भारतीय रेल में; कपिल दास का ईएसआईसी में तथा बालाराम, विनोद, गजेंद्र व प्रिया का गणित विषय के सहायक प्राध्यापक के पद पर चयन हुआ है।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम**

**ई –निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे, निम्नलिखित कार्य हेतु **IREPS** पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते है। **निविदा क्रमांक** : EL/TRD/58/2026-27/07. दिनांक :20/05/2026, **कार्य का नाम** : सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत राजेन्द्र नगर स्टेशन पर स्टेबलिंग लाईन उपलब्ध कराने के संबंध में TRD कार्य। **अनुमानित लागत** : ₹95,73,913.50/–, **बयाना राशि** : ₹1,91,500/–, **समापन अवधि** : 18 महीने, **निविदा दस्तावेज की राशि** : शून्य, **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय** : 15/06/2026, 15:00 बजे तक, **ऑफर की वैधता** : खुलने की तारीख से 60 दिन, **वेबसाईट** : www.ireps.gov.in, **नोटिस बोर्ड** : वरिष्ठ मंडल विद्युत, इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने। **SNP-068**

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम**

**ई –निविदा सूचना**

संख्या : W/623/5/1/NIT. दिनांक : 20/05/2026, मंडल रेल प्रबंधक /मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम, निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई–निविदा के माध्यम से वेबसाईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है। **ई–टेंडरिंग** : RTM-2026-27-34, **कार्य का नाम** : RTM-DADN सेक्शन विभिन्न स्टेशनों पर (RTM, LMNR, DADN और IND को छोड़कर) वर्ष 2026–2029 के लिए तीन वर्षों तक पीने योग्य पानी की आपूर्ति। **अनुमानित मात्रा** : टेंडर के अनुसार, **अनुमानित लागत** : ₹1,04,44,124.25/–, **बयाना राशि** : ₹2,08,900/– **कार्य समापन अवधि** : 36 महीने। कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य, **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि** : 20/05/2026, **निविदा खुलने की तिथि** : 15/06/2026 • विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **SNP-069**

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे – रतलाम**

**ई –निविदा सूचना**

वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्य /कार्यों के लिए खुली ई–निविदा **GEM/2026/B/7558636.** के विरूद्ध **अंतिम तिथि** – 18/06/2026, 16:00 बजे (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है। बिडर केवल अंतिम तिथि एवं समय तक ही अपनी बिड जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरूद्ध मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफर को अनदेखा कर दिया जाएगा। यदि किसी कारण–वश निविदा खुलने की नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो संबंधित निविदायें अवकाश के अगले कार्य दिवस में नियत समय पर खोली जायेगी। **कार्य का नाम एंव स्थान** : एकीकृत सुरक्षा और निगरानी प्रणाली का एएमसी – आरडीएसओ / आईसीएफ/आरसीएफ दिशानिदेशों के अनुसार कोचिंग डिपो इंदौर और DADN में एलएचबी कोचों में स्थापित सीसीटीवी सिस्टम के लिए 12 महीनों की अवधि हेतु वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (AMC), स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार। **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹34,59,852.28/–, **बयाना राशि** : ₹69,200/–, **समापन अवधि** : एलओए जारी होने की तिथि से 1 वर्ष, **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी** : कार्यालय – वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, **निविदा जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय** : 18/06/2026, 16:00 बजे तक, **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की** : निविदाएं GEM, वेबसाईट पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध में कोई भी जानकारी वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, कार्यालय (प. रे.) से सभी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त की जा सकती है। **SNP-067**

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

# शिवना नदी का बदलेगा स्वरूप, सिंहस्थ मद से 13 करोड़ रुपये के सौंदर्यीकरण कार्यों को पीआईसी की हरी झंडी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

धार्मिक नगरी मंदसौर की जीवनदायिनी शिवना नदी के तट जल्द ही एक नए और भव्य रूप में नजर आएंगे। नगर पालिका की प्रेजीडेंट इन कौंसिल की बैठक में सिंहस्थ मद के अंतर्गत लगभग 13 करोड़ रु. की राशि से होने वाले शिवना सौंदर्यीकरण के विभिन्न निर्माण कार्यों को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई है।



नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने बताया कि सिंहस्थ मद के तहत नगर पालिका परिषद मंदसौर को प्राप्त हो रही 13 करोड़ रु. की इस राशि का उपयोग शिवना नदी के काश्तकार होटल के निचले तट से लेकर भगवान पशुपतिनाथ महादेव मंदिर की नई पुलिया तक के पूरे क्षेत्र को संवारने में किया जाएगा। इस वृहद कार्य योजना के तहत सड़क के किनारे एक मजबूत रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही, शिवना नदी के तट पर सड़क के समानांतर पहले से बनी दीवार की ऊंचाई को भी बढ़ाया जाएगा ताकि सुरक्षा और सुव्यवस्थित ढांचा सुनिश्चित हो सके। शिवना नदी के किनारों को पर्यटन और श्रद्धा के केंद्र के रूप में बेहद खूबसूरत बनाने के लिए यहाँ आधुनिक फाउंटेन (फव्वारे) लगाए जाएंगे और आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की जाएगी। यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के बैठने के लिए नदी तट पर सुंदर छतरियां (गाजीबो) भी तैयार की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, सड़क के दोनों किनारों पर न केवल सुंदर पौधे रोपे जाएंगे, बल्कि पूरी सड़क के किनारे वाले हिस्से को एक मनमोहक बगीचे के रूप में विकसित किया जाएगा। इस सौंदर्यीकरण परियोजना में शिवना नदी के मुख्य घाटों का भव्य निर्माण और पूरे क्षेत्र में व्यापक विद्युतीकरण का कार्य भी शामिल है, जिससे रात के समय यहाँ का नजारा अलौकिक दिखाई देगा।

बैठक में सभापतिगण निलेश जैन, निर्मला चंदवानी, दीपमाला मकवाना, रमेश ग्वाला, शांति फरक्या, कौशल्या बंधवार और सत्यनारायण भांभी, सीएमओ अनिता चकोटिया, उपयंत्री शाहिद मिर्जा, कर्मचारी अजय मारोठिया व राजेन्द्र नीमा ने भी उपस्थित थे।

## भाजपा के विचार को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ जिला प्रशिक्षण वर्ग की शुरूआत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

जेएमडी स्थित श्री कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा का विचार जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग आरंभ हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व में सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया गया, उसके बाद भाजपा के इतिहास को दशार्ने वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। परिसर में बनी रंगोली का भी अवलोकन किया गया ।

प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिला प्रशिक्षण प्रभारी नानालाल अटोलिया, विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डे, मथुरालाल डामर, महापौर प्रहलाद पटेल, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, जिला महामंत्री महेश सोनी, जयवंत कोठारी, प्रशिक्षण टोली के सदस्य क्रांति जोशी, अनुज शर्मा एवं विप्लव जैन मंचासीन रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की। आरंभ में पार्टी के पितृ पुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। राष्ट्र गीत के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने प्रशिक्षण वर्ग की प्रस्तावना रखी।

उन्होंने बताया कि जिले के सभी मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन हुए हैं। जिला प्रशिक्षण वर्ग में 190 पंजीयन किए गए और 170 से अधिक सदस्य उपस्थित हो गए हैं। उन्होंने जिला प्रशिक्षण वर्ग के विभिन्न चरणों की जानकारी देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से अनुशासन पालन की अपेक्षा की। प्रथम दिन प्रशिक्षण वर्ग के 7 सत्र हुए। प्रथम सत्र में वैचारिक अधिष्ठान विषय पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मदनलाल राठौड़ ने विचार रखे।



## देहदान को मिला सम्मान

**रतलाम।** देहदान का सम्मान पत्र पाकर पूरे परिवार को गर्व का अनुभव महसूस हो रहा है। डॉ लक्ष्मी नारायण पांडे मेडिकल कॉलेज के एथिकल कमेटी सदस्य गोविंद काकानी, डीन डॉ अनीता मुथा , शरीर संरचना विभाग अध्यक्ष राजेंद्र सिंगरौले एवं उनकी पूरी टीम द्वारा विगत दिवस श्रीमती सुमन पति सुभाष धारीवाल का देह परिवार वालों की सहमति से मिलने पर ससम्मान कॉलेज विभाग में रखा गया। सम्मान पत्र धारीवाल परिवार सदस्य सुनील, राजेंद्र, मनीष, निलेश, सौरभ, पराग, मधुबाला, संगीता धारीवाल, राजेश राठौर, इंजीनियर कांतिलाल टॉक ,इंजीनियर अनिल तिवारी की उपस्थिति में काकानी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव समाजसेवी गोविंद काकानी द्वारा जावरा घर पर जाकर दिया। कॉलेज परिवार ने धारीवाल परिवार के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री का पदार्फाश

# 3 अवैध देशी पिस्टल, दो कारतूस पिस्टल निर्माण सामग्री जप्त, 1 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

पुलिस महानिदेशक द्वारा अवैध हथियारों के विरूद्व कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये निदेशों के पालन में जिला पुलिस अधीक्षक नीमच श्री राजेश व्यास द्वारा अवैध हथियारों की धरपकड हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उक्त अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिह सिसोदिया एवं एसडीओपी श्रीमती निकीता सिंह के कुशल मार्ग दर्शन तथा थाना प्रभारी मनासा निरीक्षक निलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम मनासा द्वारा अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का पदार्फाश करते हुए 3 अवैध देशी पिस्टल, दो जिन्दा कारतूस सहित देशी पिस्टल बनाने का सामान जप्त कर 1 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। थाना मनासा को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दुगार्शंकर पिता नोंदराम सुतार निवासी ग्राम आंतरीमाता का एक देशी पिस्टल मय एक राउण्ड लेकर अपनी मोटर सायकिल सुजुकी मेक्स 100लाल रंग की क्र.एमपी 44 बी 7876 से अपने गांव से मनासा तरफ आ रहा है सुचना पर से पुलिस टीम द्वारा सारसी फंटे पर आरोपी दुगार्शंकर पिता नोंदराम सुतार निवासी ग्राम आंतरीमाता के कब्जे से एक देशी पिस्टल व एक राउण्ड जिंदा के जप्त किया गया।

## ठाकुर लोकेंद्र सिंह परिहार का निधन

नीमच। शहर के उपनगर नीमच सिटी सरदार मोहल्ला निवासी कल्याण सिंह परिहार के अनुज और दिलीप सिंह परिहार ( विधायक नीमच) भूपेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, संजय सिंह परिहार के बड़े भाई साहब श्री लोकेंद्र सिंह परिहार, (74) का निधन हो गया द्य पेशे से सेबानिवृत शिक्षक स्व परिहार ने सामाजिक कायों में भी अग्रणी भूमिका निभाई । श्री सिह वे अपने जीवन में देश के कई धार्मिक तीर्थ यात्रा भी सम्पन्न की। उनके निज निवास नीमचसिटी स्थित निवास से निकली अतिम यात्रा मे शहर के प्रबुद्धजनों, समाजजनों एवं इष्ट मित्रों ने भाग लिया द्य मुक्तिधाम पर आयोजित शोक सभा में क्षत्रिय राजपूत समाज के अध्यक्ष अभिमन्यूसिंह चौहान, आदिनाथ जिनालय अध्यक्ष प्रेमप्रकाश जैन,पत्रकार गणों, समाज सेवी ओमप्रकाश बंसल, नीलेश पाटीदार, सुरेन्द्रसिह शक्तावत,डॉ महिपालसिह चौहान, एड, सुरेश शर्मा, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, हेमंत हरित, मोहनलाल सैनी, बाबूलाल गौड, फतेश शर्मा, संजय प्रजापति, मनीष चौरसिया आदि उपस्थितजो ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। परिवार व नीमच सिटी क्षेत्र में शोक व्याप्त रहा ।



## युवक से परेशान युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**नीमच।** नीमच सिटी थाना क्षेत्र के बोरखेड़ी गांव में 22 वर्षीय युवती की जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में परिजनों ने एक युवक पर युवती को लंबे समय से परेशान करने के आरोप लगाते हूए निष्पक्ष जांच की मांग की । जानकारी के अनुसार मृतका रिया पिता गोर्वधन, जाति बांछड़ा, निवासी बोरखेडी है। परिजनों का आरोप है कि मनासा क्षेत्र का एक युवक युवती के संपर्क में था और लंबे समय से उसे परेशान कर रहा था। इसी मानसिक तनाव के चलते मंगलवार शाम को युवती ने गांव में घर से कुछ दूरी पर बने एक कुएं के पास जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की जानकारी कुछ देर बाद परिजनों और आसपास के लोगों को लगी। इसके बाद पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर युवती को जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी मे सामने आया की मृतका की मां और भाई दोनों नेत्रहीन हैं, जिसके कारण उन्हें घटना की तत्काल जानकारी नहीं मिलीं नीमच सिटी थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। वहीं परिजन युवती को परेशान करने के आरोपित युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ।

**पश्चिमी रेलवे ने विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़ाए**

| ट्रेन नंबर | प्रारंभिक और गंतव्य स्टेशन | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|
| 09085 | मुंबई सेंट्रल - इंदौर (सप्ताह में दो बार) | सोमवार-शुक्रवार | 27.07.2026 |
| 09086 | इंदौर - मुंबई सेंट्रल (सप्ताह में दो बार) | मंगलवार-शनिवार | 28.07.2026 |
| 09087 | मुम्बई सेन्ट्रल-अहमदाबाद (साप्ताहिक) | बुधवार | 29.07.2026 |
| 09088 | अहमदाबाद-मुम्बई सेन्ट्रल (साप्ताहिक) | गुरुवार | 30.07.2026 |

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं

उपर्युक्त ट्रेनों के बढ़ाए गए फेरों के लिए बुकिंग 23.05.2026 से सभी PRS काउंटरों पर और IRCTC की वेबसाइट पर शुरू होगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us & Follow us on:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ रखें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत झारडा**

**जनपद पंचायत महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**क्रमांक 36/2026/27** **दिनांक 21.05.2026**

**वाहन क्रय करने हेतु विज्ञप्ति**

ग्राम पंचायत जारडा को कचरा संग्रहण करने हेतु ट्रेक्टर ट्राली इलेक्ट्रानिक कचरा गाड़ी ट्रेक्टर पर लगने वाली जे.सी.बी. सिस्टम व सुपड़ी निम्न शर्तो के साथ इच्छुक वाहन विक्रेता दिनांक 29.05.2026 तक समय एक बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

* ट्रेक्टर ट्राली क्रय करने हेतु निविदा शर्ते
* इलेक्ट्रानिक कचरा गाड़ी क्रय करने हेतु निविदा शर्ते
* जे.सी.बी. सिस्टम ट्रेक्टर पर लगने वाला एवं सुपड़ी क्रय करने हेतु निविदा शर्तेः

1- इच्छुक निविदाकर्ता फार्म रुपये 100/- कार्यालय में जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। निविदा कार्यालय द्वारा जारी फार्म पर ही स्वीकार होगी। छाया प्रति मान्य नहीं होगी। निविदा फार्म शुल्क वापसी योग्य नहीं है।
2- ट्रेक्टर एवं कचरा गाड़ी क्रय करने हेतु कोई अग्रिम राशि नहीं दी जावेगी।
3- इच्छुक विक्रेता अपनी दरें दिनांक 29.05.2026 समय 1 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात प्राप्त निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जावेगा।
4-ट्रेक्टर क्रय के संबंध में अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
5- ट्रेक्टर क्रय करते समय उस पर जे.सी.बी. सिस्टम व सुपड़ी लगाने वाला होना चाहिये।
6- निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

सचिव — ग्राम पंचायत झारडा
सरपंच — ग्राम पंचायत झारडा

**कार्यालय नगरपालिका परिषद मंदसौर (म.प्र.)**

E-Mail :cmomandsaur@mpurban.gov.in
Phone : 07422-405964
ULB Code : 802211

क्रं.1848/स्टोर शाखा/2026 दिनांक 22-05-2026

**ई – टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना :–**

निकाय द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है। इच्छुक डीलर अपनी दरे समस्त करों सहित प्रस्तुत करे।


| क्र. | ऑन लाईन टेन्डर क्रमांक | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशी | निविदा प्रपत्र का मुल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UADD TENDER NO -508830-1 | वर्ष 2026 – 2027 में पर्यावरण एवं सौदंयकरण हेतु संलग्न सूची अनुसार पौधे क्रय हेतु प्रतिनग के मान से रेट्स प्रस्तुत करें। | 5 लाख | 10000.00 | 2000..00 |

उपरोक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र फॉर्म – सी पर आमंत्रित किया जाना है जिसका विस्तृत विवरण वेबसाईट http: mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

1 निविदा संबधित आवश्यक जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
2 निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मुख्य नगरपालिका अधिकारी के पास सुरक्षित रहेंगा।
3 ऑनलाईन दरें समस्त करों सहित देवे।
4 निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह केवल वेबसाईट पर ही प्रदर्शित होगा। उसके लिये पृथक से कोई विज्ञापन समाचार पत्रों में जारी नही किया जावेगा।
5 सर्शत निविदा मान्य नही की जावेगी।
6 समस्त निविदाकारों सुचित किया जाता है कि वह अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न कर निर्धारित समय सारणी अनुसार निविदा की ऑनलाईन प्रक्रिया पूर्ण करनें वेबसाईट में किसी प्रकार की असुवीधा के लिये विभाग उत्तरदायी नही होगी।

अध्यक्ष न.पा. परिषद मंदसौर | उपाध्यक्ष न.पा. परिषद मंदसौर | सभापति स्वास्थ्य समिति | मुख्य नगरपालिका अधिकारी न.पा. परिषद मंदसौर

## न्यूज कालम



## स्वच्छ भारत अभियान की धज्जियां उड़ाती ग्राम पंचायत कनघट्टी

**पिपलियामंडी।** ग्राम पंचायत कनघट्टी में बायपास रोड अंबेडकर सर्कल के पास का रोड जहां पर पिछले १ साल से कचरे का अंबार लगा हुआ है और बालाजी मंदिर के पीछे का दोनों साइड का रोड जहां लोग खुले में शौच कर रहे है दोनों तरफ मल गंदगी पड़ी रहती है ग्रामवासियों ने कई बार सरपंच को इस समस्या से अवगत करवाया हैं लेकिन किसी ने इस समस्या का हल नहीं किया। यह एक मुख्य मार्ग है जहां एक तरफ मंदसौर पिपलिया रोड, एक तरफ जीरन नीमच रोड दूसरी तरफ, थडा प्रतापगढ़ रोड है गांव से गुजरने वाले राहगीर भी इस कचरे और गंदगी को देखकर इस गांव के प्रति अस्वच्छता की छवि बनाते है और गांववासियों का कहना है कि इस कचरे के ढेर से कई प्रकार की बीमारियां फैलने का खतरा है एवं मच्छर भी पनप रहे है। इस भारी समस्या के समाधान हेतु रोहित शर्मा,किशोर टेलर, राजेश नागरिया,रितेश, चौहान,बलवंत सिंह देवड़ा,अजय नागरिया एवं सभी गांव के जागरूक नागरिकों ने इस समस्या को उजागर किया कर स्वच्छता ऐप के माध्यम से भी उच्च अधिकारियों को इसकी कार्यवाही करने हेतु निवेदन किया।

## कृति संस्था महिला प्रकोष्ठ की कवियत्री गोष्ठी आज

**नीमच।** शहर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था च्कृतिज्ञ के महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कवियत्री गोष्ठी में समस्त काव्य प्रेमियों का हार्दिक स्वागत किया गया है। सुरमई शाम में उत्कृष्ट कविताओं एवं साहित्यिक प्रस्तुतियों का आनंद लेने हेतु नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती आशा सांभर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विशेष कवियत्री गोष्ठी 23 मई रात्रि 8.30 बजे से उनके निवास 43, विकास नगर 14/3 (डॉ. वधवा के सामने) पर आयोजित की जाएगी। संस्था की उपाध्यक्ष श्रीमती निर्मला उपाध्याय ने बताया कि गोष्ठी में नीमच नगर की अनेक प्रतिभाशाली कवयित्रियाँ अपनी स्वरचित रचनाओं का पाठ करेंगी। संस्था के सचिव रघुनन्दन पाराशर ने नगर के साहित्य एवं कविता प्रेमियों से इस अभिनव एवं साहित्यिक आयोजन में सपरिवार उपस्थित रहने का आग्रह करते हुए कहा कि आपकी सहभागिता एवं उपस्थिति आयोजकों और रचनाकारों के उत्साह को दोगुना करेगी।

## गांजे की खेती और एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपी पकड़ाए

**मंदसौर।** जिले के शामगढ़ पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी विनोद कुमार मीना के निर्देशन में हुई पहली कार्रवाई में चंदवासा चौकी पुलिस ने ग्राम भुंडिया निवासी दिलीप सिंह (25) पिता नारायणसिंह के खेत पर दबिश दी। यहाँ संतरे के बगीचे के बीच अवैध रूप से उगाए गए 25 किलो वजनी कुल 384 हरे गांजे के पौधे जप्त किए गए, जिनकी कीमत 1.25 लाख रुपये है। आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। दूसरी कार्रवाई में शामगढ़ पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से मधुर कॉलोनी निवासी अंकित (22) पिता गोपाल विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 68 हजार रुपये मूल्य की 68 ग्राम एमडी ड्रग्स और 10 हजार रुपये का 5 किलो डोडाचूरा जप्त किया। पूछताछ में अंकित ने यह ड्रग्स राजस्थान के दुधालिया निवासी फरदीन खान पिता आजाद खान से लाना बताया, जिसे भी मामले में आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## माँ-बेटे के साथ मारपीट करने वाले दो सगे भाइयों को दो वर्ष का कारावास

**मंदसौर।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मंदसौर की न्यायाधीश श्रीमती रोहिणी तिवारी ने मां-बेटे के साथ मारपीट करने के मामले में दो सगे भाइयों सोनू जटिया और रवि जटिया निवासी इंदिरा कॉलोनी मंदसौर को दोषी पाते हुए 2-2 वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 8 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन मीडिया प्रभारी बलराम सोलंकी ने बताया कि 14 मार्च 2025 की रात आरोपियों ने फरियादिया पानीबाई के बेटे पवन को घर से बाहर बुलाकर गालियां दीं और लट्ठ से मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आई पानीबाई के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी। थाना वायडीनगर पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर चालान न्यायालय में पेश किया था, जहाँ दोष सिद्ध होने पर यह सजा सुनाई गई।

## आज डॉ. गोविन्द माहेश्वरी बिखेरेंगे भजनों की रसधार



**मंदसौर।** माहेश्वरी महिला मंडल, मंदसौर के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय च्श्री गोदा रंगनाथ विवाह महोत्सवज्ज के तहत आज २३ मई को रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन में भव्य धार्मिक कार्यक्रम होंगे। यह महोत्सव परम पूज्य श्री श्री 1008 श्री श्रीनिवासाचार्य स्वामीजी महाराज एवं बालक स्वामीजी श्री श्री 1008 श्री अनंताचार्य स्वामीजी महाराज के सानिध्य में आयोजित हो रहा है। मंडल की अध्यक्ष सोनल चौधरी ने बताया कि शनिवार को सुबह सहस्त्रधारा अभिषेक, पंचामृत पूजन, हल्दी एवं प्रणय लीला महोत्सव के बाद शाम 6.30 बजे श्रीवारी सवारी निकाली जाएगी। महोत्सव का मुख्य आकर्षण सायं 7.30 बजे आयोजित होने वाली भव्य भजन संध्या होगी, जिसमें कोटा के सुप्रसिद्ध भजन गायक डॉ. गोविन्द माहेश्वरी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर अन्नकूट भोग के दर्शन होंगे, साथ ही च्शिवांशीज पत्रिका का विमोचन और महिला मंडल का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

## स्व. खंडेलवाल स्मृति चिकित्सा शिविर संपन्न

**नीमच ।** शहर में विभिन्न सामाजिक संस्थाएं कई कार्यक्रम करती आ रही है जिसमें एक संस्था नगर समस्या एवं सुझाव ग्रुप द्वारा वरिष्ठ पत्रकार एवं मीसाबंदी स्व. गोपाल खण्डेलवाल की पुण्यतिथि पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर में 65 न्यूरोलॉजी एवं 60 यूरोलॉजी मरीजों सहित कुल 125 मरीजों ने विशेषज्ञों से स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त किया।



## विकास कार्यों व समस्याओं को लेकर विधायक ने ली बैठक

**जगोटी।** महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस ने बुधवार देर शाम पंचायत भवन जगोटी में जगोटी, बरखेड़ी बाजार, महूडी के पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ बैठक कर विभिन्न विकास कार्यों व समस्याओं को लेकर एक घंटे तक चर्चा की। गांवों में पेयजल आपूर्ति, सड़क मार्ग को लेकर विधायक बोस ने पीएचई एसडीओ सुषमा सिरोले, प्रधानमंत्री सड़क योजना के गुप्ता व लोनिवि के अधिकारियों से मोबाइल पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सरपंच राहुल मुकाती, गोपाल सिंह डाबी बरखेड़ी, अनंत शर्मा, रजनीश तिवारी, विक्रमसिंह महूडी, पुरूषोत्तम शर्मा, राहुल चौधरी, भरत मालवीय, नंदकिशोर बरखेड़ी, धनसिंह बापू, रवि जायसवाल, प्रहलाद ढुंडाले, शैलेंद्र सिंह डोडिया, मोहनलाल हेड़ा,सुभाष चौहान सितलैश्वर मालवीय, महेश पांचाल, गोपाल कासरोटिया, संदीप आंजना, सुनील पटेल, रणछोड़ पटेल , किशन डोरिया, कन्हैयालाल वाघेला महूडी आदि ने सुझाव रखे।

## जनगणना कार्य को लेकर बैठक आयोजित

**सुसनेर।** नगरीय क्षेत्र में जनगणना कार्य को लेकर जनगणना



चार्ज अधिकारी ओ.पी. नागर द्वारा सुपरवाइजर एवं फील्ड ट्रेनरों की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जनगणना निदेशालय भोपाल द्वारा ऑनलाइन वीसी के माध्यम से दिए गए निदेर्शों के परिपालन में संपन्न हुई। बैठक में जनगणना निदेशालय भोपाल द्वारा निर्धारित 17 बिंदुओं की जांच एवं सत्यापन संबंधी दिशा-निर्देश विस्तार से दिए गए। साथ ही मकान सूचीकरण कार्य को शत-प्रतिशत गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया। चार्ज अधिकारी नागर ने कहा कि जनगणना कार्य शासन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी एवं गंभीरता के साथ कार्य करें। बैठक में फील्ड ट्रेनर पुनीत शुक्ला, अनिल कुमार सोनी, विक्रम मालवीय, गिरिराज पाटीदार, नवीन जायसवाल, जनगणना लिपिक रामेश्वर माली तथा तकनीकी सहायक विजय बेगाना उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनगणना कार्य से जुड़ी तकनीकी व्यवस्थाओं एवं मैदानी कार्यों की भी समीक्षा की गई।

## चारधाम यात्रा से लौटे सोनी परिवार का स्वागत



**सुसनेर।** चारधाम यात्रा से लौटे नगर के शंकरलाल सोनी, उनकी पत्नी यशोदा सोनी एवं भांजी राजेश्वरी सोनी का परिवारजनों एवं समाजजनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के नगर आगमन पर बस स्टैंड से स्वागत जुलूस निकाला गया जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए उनके निवास तक पहुंचा। इस दौरान परिजनों एवं शुभचिंतकों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर उनका अभिनंदन किया। यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा के धार्मिक अनुभव साझा करते हुए इसे जीवन का सौभाग्यपूर्ण पल बताया।जुलूस में शामिल लोगों ने भगवान के जयकारे लगाए जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में समाज के कई लोग एवं परिचितजन उपस्थित रहे।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में मेडिकल स्टोर बंद, कानड़ में भी दिखा असर




**कानड़।** अवैध ऑनलाइन दवा बिक्री एवं होम डिलीवरी के विरोध में बुधवार को प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत कानड़ सहित जिलेभर में मेडिकल स्टोर्स बंद रहे। एक दिवसीय सांकेतिक बंद के कारण नगर में सभी मेडिकल दुकानें पूरे दिन बंद रहीं, जिससे दवा लेने पहुंचे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग मेडिकल स्टोर बंद मिलने पर निराश होकर लौटते नजर आए। हालांकि सरकारी अस्पतालों में निशुल्क दवा वितरण केंद्र खुले रहे और मरीजों को उपचार के बाद दवाएं उपलब्ध कराई गईं।मेडिकल संचालकों ने बताया कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से बिना वैध चिकित्सकीय परामर्श एवं ई-प्रिस्क्रिप्शन के दवाओं की बिक्री जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। साथ ही भारी छूट एवं प्रिडेटरी प्राइसिंग के कारण छोटे दवा व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।व्यापारियों का कहना है कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का स्पष्ट प्रावधान नहीं होने के बावजूद लंबे समय से ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री की जा रही है। इससे नकली एवं अवैध दवाओं के आम लोगों तक पहुंचने की आशंका बनी रहती है।इस दौरान व्यापारियों ने ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने, बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन दवा वितरण पर रोक लगाने तथा संबंधित अधिसूचनाओं को वापस लेने की मांग की। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आगे आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### आधार केन्द्र पर अवैध वसूली एवं अन्य स्थान पर केंद्र संचालन करने का मामला

# बच्चों के प्रथम बार बनने वाले आधार कार्ड होते है नि:शुल्क किंतु सेंटर संचालक वसूल रहे शुल्क

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

आधार केन्द्र पर अवैध वसूली एवं अन्य स्थान पर केंद्र संचालन करने का मामला सामने आया है। केंद्र संचालक संदीप राठौर द्वारा शहरी हाईवे पर स्थित जिला शिक्षा विभाग कार्यालय में केन्द्र खोलने की अनुमति ली और उनके द्वारा जनपद पंचायत शाजापुर में केन्द्र को संचालित किया जा रहा है। पहली बार आधार कार्ड बनने पर शासन के निदेर्शानुसार कोई राशि नहीं ली जाती है लेकिन संदीप राठौर के द्वारा संचालित आधार केन्द्र पर 150 रुपए की राशि वसूल की जा रही है। पहली बार आधार बनने पर केन्द्र संचालक को 100 रूपए की राशि का भुगतान सरकार के द्वारा किया जाता है, इसके बाद भी खुलेआम आधार कार्ड बनने पर अवैध वसूली की जा रही है। इस मामले में जिला ई गवर्नेंस प्रबंधक ने जांच करवाकर कार्रवाई किए जाने के आदेश दिए हैं।

शाजापुर निवासी मोहसिन मिर्जा अपने बेटे मेहनाज बेग का आधार कार्ड बनाने के लिए जनपद पंचायत में संचालित संदीप राठौर के आधार सेंटर पर पहुंचे, वहां बैठे कर्मचारी ने आधार कार्ड बनवाने के लिए 150 रुपए की मांग की। उनके द्वारा कर्मचारी को बताया गया पहली बार बच्चों के आधार कार्ड बनने पर कोई राशि नहीं ली जाती है,ये निशुल्क बनते हैं। यूनिक आइडेंटीफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा पहली बार आधार बनाएं जाने पर कोई शुल्क नहीं लिए जाने के निर्देश है, पहली बार बनने पर उसका भुगतान सरकार को करना होता है। उसके बाद भी कर्मचारी ने इनसे 150 रूपए की राशि वसूल की। मोहसिन मिर्जा ने इस पूरी घटना को खुफिया कैमरे में




भी कैद किया, जिसमें कर्मचारी 150 रूपए की मांग कर उनसे यह राशि वसूल कर रहा है।

### आधार केन्द्रों पर हो रही अवैध वसूली

जिले में संचालित अधिकांश आधार केन्द्रों पर संचालकों द्वारा अवैध वसूली की जा रही है। आधार कार्ड अप टू डेट, अंगुली का सत्यापन या नया आधार कार्ड हो इनके काम के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक राशि ली जा रही है। नया आधार बनने पर कोई राशि नहीं,डेमोग्राफिक मोबाइल फीडिंग के लिए 75 रुपए और बायोमैट्रिक अपडेट के लिए 125 रूपए का शुल्क सरकार द्वारा निर्धारित किया गया लेकिन किसी भी आधार पर इस संबंध कोई शुल्क सूची नहीं लगाई गई। केन्द्र संचालक अपनी मनमर्जी से नया आधार कार्ड बनाने के लिए 150 से 250 रूपए तक वसूल किए जा रहे हैं। जन्मतिथि परिवर्तन में नियमों का हवाला देकर मोटी रकम वसूल कर रहे हैं। पीड़ित मोहसिन मिर्जा ने बताया बेटे के आधार कार्ड बनाने के लिए जनपद पंचायत में स्थित संदीप राठौर के आधार केन्द्र पर गया था, वहां बैठे कर्मचारी ने 150 रूपए की मांग की। मेरे द्वारा बताया गया पहली बार आधार कार्ड निशुल्क बनता है लेकिन वह नहीं माना और 150 रूपए वसूल किए। इस पूरी घटना का वीडियो भी मेरे पास है।

इस मामले में जिला ई गवर्नेंस प्रबंधक बिरमसिंह सौंधिया ने बताया यह मामला संदीप राठौर के आधार सेंटर का है, यहां पर 150 रूपए नए आधार कार्ड बनाने पर लिए गए हैं। वीडियो भी सामने आया है। जांच करके आधार केन्द्र पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इस आधार केन्द्र को जिला शिक्षा विभाग में अनुमति दी गई थी लेकिन यह जनपद पंचायत में कैसे संचालित हो रहा है,इसकी भी जांच होगी।

## सूने मकान का ताला तोड़ कर नकदी व जेवरात चोरी

**हाईटेक कॉलोनी में फिर हुई वारदात**

**शुजालपुर।** शहर के फ्रीगंज क्षेत्र में चोरी के मामले लगातार बढ़ रहे है, शहर की सहगल हाईटेक कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी एवं जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय मकान मालिक परिवार सहित शादी समारोह में शामिल होने बाहर गया हुआ था। पुलिस ने फ रियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहगल हाईटेक कॉलोनी निवासी अजय पाटीदार पिता सत्यनारायण पाटीदार न्यायालय शुजालपुर में सहायक ग्रेड 3 के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 मई को सुबह करीब 9 बजे वे परिवार सहित ग्राम किलोदा थाना सलसलाई में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे। 14 मई को सुबह करीब 9.30 बजे पड़ोसी विजय वर्मा ने फ ोन कर घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। इस पर अजय पाटीदार दोपहर करीब 12 बजे घर पहुंचे, जहां मुख्य दरवाजे एवं कमरे की अलमारी का ताला टूटा मिला। कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी की जांच करने पर उसमें रखी सोने की अंगूठी, छोटे बच्चे की चांदी की एक जोड़ी पायल, चांदी की बिछिया एवं 8 हजार 300 रुपए नकद गायब मिले। फ रियादी के अनुसार अज्ञात चोर ताला तोड़कर सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दुर्घटना में मृतक के परिजनों व घायल को 1555 लाख की क्षतिपूर्ति

**शुजालपुर।** मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर ने सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों एवं घायल को कुल 15 लाख 55 हजार 528 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने बीमा कंपनी को आवेदन प्रस्तुति दिनांक से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित राशि अदा करने के निर्देश भी दिए हैं। मामले में मृतक की पत्नी भंवरीबाई कुशवाह एवं अन्य वारिसानों की ओर से तथा घायल की ओर से क्षतिपूर्ति दावा प्रस्तुत किया गया था।

### कांग्रेसजनों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि

# राजीव गांधी के आदर्शों पर चलकर ही देश का सच्चा विकास संभव





दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

आधुनिक भारत के स्वप्नद्रष्टा और देश में कंप्यूटर व संचार क्रांति की नींव रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि गुरुवार को शहर के महूपुरा वार्ड नंबर 05 में गरिमा के साथ मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर देश के विकास में उनके अद्वितीय योगदान को स्मरण किया और उनके बताए शांति व सद्भावना के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह ने कहा कि राजीव गांधी ने हमेशा एक मजबूत और तकनीकी रूप से उन्नत भारत का सपना देखा था। युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मतदान का अधिकार देना और पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ कर सत्ता का विकेंद्रीकरण करना उनकी दूरगामी सोच का ही परिणाम था। उन्होंने कहा कि आज के दौर में राजीव जी के आदर्शों और उनके द्वारा स्थापित किए गए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। उनके सर्वोच्च बलिदान को यह देश कभी भुला नहीं सकता। इस दौरान पूर्व विधायक प्रतिनिधि सरदार मूसा आजम खान ने कहा कि 21वीं सदी के भारत की जो मजबूत नींव राजीव जी ने रखी थी, उसी पर आज का आधुनिक भारत खड़ा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पूर्व प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय एकता, शांति और विकास के विजन को आत्मसात करें और समाज में सद्भाव बनाए रखें। कांग्रेसजनों ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पंडित आशुतोष शर्मा, मनोज गवली, सौरभ गवली, राजेश पारछे, मांगीलाल बंजारा, सत्या वात्रे, धर्मेंद्र प्रजापति, अंकित अम्बवतिया, अजीज मंसूरी, रेहान खान, रईस पठान, बालकृष्ण पटोंदा, साजिद कुरैशी, कासिम बाबा, एजाज पठान, अरबाज खान, रानू मिर्जा, शेख सूफियान, सद्दाम शाह सहित कांग्रेस नेता एवं स्थानीय नागरिक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**कानड़**

नगर में सारंगपुर रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की नितिन पालीवाल के के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्पमाला एवं पुष्प अर्पित कर राजीव गांधी को याद किया।इस अवसर पर अनुसूचित जाति कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरीशंकर सूर्यवंशी ने

उनके विचार रखेपुण्यतिथि के अवसर पर नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति गौरीशंकर सूर्यवंशी एवंकिसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नटवर सिंह राजपूत का पुष्प माला पहनाकर साफा बांधकर सम्मान किया गया।उपस्थित सभी कांग्रेस पदाधिकारी ने राजीव गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए।इस अवसर पर उपस्थित यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष पीयूष पालीवाल, अवतार सिंह गुर्जर सरपंच ,रमेश सौराष्ट्रीय महेश शर्मा,विकास शर्मा, बद्रीलाल मालवीय जनपद सदस्य अगर राजेंद्र सिंह राजपूत राधेश्याम मालवीय आदि उपस्थित थे।

# शिशु मंदिर में सप्त दिवसीय नवीन आचार्य शिक्षण वर्ग का शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तराना




ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला उज्जैन द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर तराना में सप्त दिवसीय नवीन आचार्य शिक्षण वर्ग का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों ने माँ सरस्वती कि प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर वर्ग ध्वज का अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। संपूर्ण वातावरण भारतीय संस्कृति, शिक्षा एवं संस्कारों की भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया।

वर्ग प्रशिक्षण कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. डाली गिरी गोस्वामी विद्या भारती ग्रामीण शिक्षा मालवा प्रांत सहसचिव,वर्ग संयोजक राजेंद्रसिह राजावत ,शिवनारायण कोदीवाल विद्यालय व्यवस्था प्रमुख, जिला प्रमुख राजपालसिंह पंवार ,वर्ग महाप्रबंधक दिनेश देवड़ा संकुल प्रमुख रूपाखेड़ी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में वर्ग का शुभारंभ हुआ। अतिथि परिचय तहसील प्रमुख अर्जुन पाटीदार ने करवाया।

अतिथियों का स्वागत मीना कोठारी , रतनलाल प्रजापत , कुलदिप चौरसिया ने किया। नवीन आचार्य वर्ग का उद्देश्य नवीन आचार्यों को शिक्षा के आधुनिक स्वरूप, शिक्षण कौशल एवं भारतीय संस्कृति आधारित शिक्षण पद्धति से परिचित कराना रहा।प्रशिक्षण सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसमें शिक्षा के उद्देश्य, नई शैक्षणिक संरचना 5+3+3+4, भारत केन्द्रित शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षण, कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा, डिजिटल शिक्षा एवं नीति के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे विषयों को विशेष रूप से शामिल किया गया। वक्ताओं ने बताया कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के केवल शैक्षणिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार, सृजनात्मकता एवं आत्मनिर्भरता के विकास पर भी विशेष बल देती है। नविन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला के प्रथम सत्र में डॉ. डाली गिरी गोस्वामी का वक्तव्य विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहा।

आपने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में कहा कि शिक्षक केवल पाठ पढ़ाने वाला नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का शिल्पकार होता है। एक शिक्षक अपने ज्ञान, संस्कार एवं मार्गदर्शन से विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने का कार्य करता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक एवं दूरगामी परिवर्तन लाने वाली नीति है। यह नीति विद्यार्थियों को केवल परीक्षा केंद्रित शिक्षा नहीं देती, बल्कि उन्हें व्यवहारिक ज्ञान, नैतिक मूल्यों एवं जीवनोपयोगी कौशलों से भी जोड़ती है। आपने मातृभाषा आधारित शिक्षण, कौशल विकास एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण को नई शिक्षा नीति की सबसे बड़ी विशेषताओं में बताया।अपने संबोधन में आपने यह भी कहा कि आज के समय में शिक्षक की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। शिक्षक यदि समर्पण, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ कार्य करे, तो विद्यार्थी भविष्य में आदर्श नागरिक बनकर समाज एवं राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। आपने नवीन आचार्यों से विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन एवं आत्मविश्वास विकसित करने का आह्वान किया।शिक्षण सत्र में पंचपदी का परिचय मोहित पंवार प्राचार्य तराना और आईसीटी में सर्वे हॉट, गूगल फॉर्म पर कार्य अशोक पाटीदार शिक्षण प्रभारी द्वारा लिया गया। अभिभावक सम्पर्क क्यों और कैसे विषय पर गट सह दिनेश देवड़ा संकुल प्रमुख रूपाखेड़ी, सुमेरसिंह चौहान संकुल प्रमुख निपानिया राजू द्वारा लिया गया। उद्घाटन समारोह का सफल संचालन अशोक पाटीदार संकुल प्रमुख सेदरी ने किया जानकारी प्रशिक्षण वर्ग प्रचार प्रसार प्रमुख शिवनारायण गुर्जर प्रधानाचार्य ने दी।



## काशी नगर में ट्रांसफार्मर में लगी आग, घंटों बिजली गुल रहने से लोग बेहाल

**शाजापुर।** स्थानीय काशी नगर क्षेत्र में बुधवार रात करीब 10.30 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां मुख्य मार्ग पर स्थित एक विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक चिंगारियां उठने के बाद भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरा ट्रांसफार्मर लपटों से घिर गया। मुख्य मार्ग पर आग की ऊंची लपटें देखकर इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। आग की भयावहता को देखते हुए स्थानीय निवासियों ने तत्परता दिखाई और तुरंत बिजली कंपनी को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही विभाग ने बिना देरी किए क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद कर दी, जिससे आग को और फैलने से रोका जा सका और बाद में आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि समय रहते बिजली काट दी गई, अन्यथा कोई गंभीर हादसा हो सकता था। आग बुझने के तुरंत बाद विद्युत कंपनी के कर्मचारी सुधार कार्य में जुट गए। क्षेत्रीय रहवासियों ने बताया कि इस मुख्य ट्रांसफार्मर पर क्षमता से कई गुना अधिक लोड है। ओवरलोडिंग के कारण ही आए दिन स्पार्किंग और आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। गौरतलब है कि शहर में यह कोई पहला मामला नहीं है, इसी सप्ताह सोमवार को विजयनगर क्षेत्र में भी डीपी जलने का मामला सामने आया था।

**घर के बाहर खड़ी बाइक मिनटों में गायब**

## मोटरसाइकिल चोरी की बढ़ती वारदातों से लोगों में दहशत



**कानड़।** नगर में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। गोंदी चौराहा सय्यद गली में हाजी सय्यद जाकिर अली ने अपनी मोटरसाइकिल एमपी 70 एम,सी, 8165 घर के बाहर खड़ी कर कुछ देर के लिए घर के अंदर गया, लेकिन जब वापस बाहर आए तो बाइक गायब मिली। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। हाजी सय्यद जाकिर अली ने आसपास तलाश की, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं लगा। बाद में क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, जिनमें संदिग्ध युवक बाइक ले जाते दिखाई दिए। घटना के बाद लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। नागरिकों का कहना है कि नगर में लगातार बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन चोर अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार चोर अब सुनसान ही नहीं, बल्कि आबादी वाले इलाकों को भी निशाना बना रहे हैं। दिनदहाड़े हो रही घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। कई वाहन मालिक अब अपनी बाइक घर के अंदर रखने को मजबूर हो गए हैं। व्यापारियों और रहवासियों ने पुलिस प्रशासन से नगर के प्रमुख चौराहों पर संदिग्ध लोगों पर निगरानी रख बगैर नम्बर की सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों के दस्तावेज की जांच की मांग कर नगर में खांकी का खोप बनाने की मांग की।

## संस्कार देने वाली संस्था के बाहर फैली गंदगी से नाराज विद्यालय प्रबंधन



**सुसनेर।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उ.मा.वि. सुसनेर द्वारा विद्यालय परिसर के बाहर फैली गंदगी, अवैध अतिक्रमण एवं असामाजिक गतिविधियों को लेकर नगर परिषद और पुलिस प्रशासन को शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है। संस्था प्रबंधन का कहना है कि लंबे समय से विद्यालय के दोनों मुख्य द्वारों के बाहर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय द्वारा नगर परिषद सुसनेर के सीएमओ को दिए गए आवेदन में बताया गया कि बस स्टैंड की ओर स्थित मुख्य द्वार के पास प्रतिदिन लोग खुले में पेशाब कर गंदगी फैला रहे हैं। वहीं विद्यालय गेट के समीप अवैध रूप से गुमटियां रखकर अतिक्रमण भी किया गया है। संस्था ने कहा कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार नगर परिषद को सूचना दी जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विद्यालय प्रबंधन ने मांग की है कि परिसर के आसपास नियमित साफ-सफाई कराई जाए तथा अवैध अतिक्रमण हटाकर विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इधर संस्था ने थाना सुसनेर में भी शिकायत दर्ज कराते हुए नगर के एक युवक पर अभद्र व्यवहार एवं धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 7:45 बजे विद्यालय के प्राचार्य एवं सेवक विद्यालय का ताला खोल रहे थे, तभी एक युवक को मुख्य द्वार की जाली के अंदर पेशाब करते हुए देखा गया। रोकने पर युवक कथित रूप से गाली-गलौज करने लगा और मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता कहते हुए पूरे सुसनेर नगर को हिलाने जैसी धमकी देने लगा। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि संस्था वर्षों से शिक्षा के साथ संस्कार देने का कार्य कर रही है, लेकिन विद्यालय परिसर के आसपास लगातार बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों से विद्यार्थियों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।



# बच्चों को रिश्तों की अहमियत कैसे सिखाएं?



आज का दौर तेज है, जिसमें गैजेट्स, सोशल मीडिया और वर्चुअल कनेक्शन की दुनिया शामिल है। इस दौर के बच्चे पढ़ाई और करियर पर तो फोकस कर रहे हैं, लेकिन रिश्तों की अहमियत उनसे कहीं दूर होती जा रही है। 'जेन अल्फा' बच्चे ज्यादा प्रैक्टिकल हो रहे हैं, वहीं अल्फा जेनेरेशन के बच्चे रिश्तों की मूल्यों को समझने में कच्चे हो सकते हैं। नए युग के बच्चों में भावनाओं की गहराई और रिश्तों का मूल्य पीछे छूट सकता है। ऐसे में माता-पिता और परिवार की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को न सिर्फ रिश्तों का महत्व समझाएं बल्कि उन्हें जीने का सलीका भी सिखाएं।

## परिवार के साथ समय बिताना सिखाएं


बच्चों को सिर्फ दोस्तों और सोशल मीडिया तक सीमित न होने दें। उन्हें बताएं कि दादा-दादी के साथ बैठना, भाई-बहनों के साथ खेलना और परिवार के साथ भोजन करना ही असली खुशी है। जब बच्चा बचपन से परिवार के साथ घुलमिलकर रहता है तो उसे अपने परिवार से स्नेह होता है और यही रिश्तों को उनके जीवन में अहम बनाने में मदद करता है

## त्यौहार और परंपराओं से जोड़ें




त्योहारों पर रिश्तेदारों से मिलना-जुलना, पूजा-पाठ या पारिवारिक समारोह बच्चों को टुगेदरनेस का असली मतलब सिखाते हैं। वह खास मौकों पर परिवार की मौजूदगी चाहते हैं। बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि जिंदगी सिर्फ मार्क्स या पैसे से नहीं बनती, बल्कि रिश्तों की गहराई से खूबसूरत होती है। उनके साथ कहानियां साझा करें जो रिश्तों की मिसाल पेश करती हों।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ





# बच्चे को ऐसे बनाएं संस्कारी

वो कहते हैं ना कि हर बच्चे का पहला स्कूल उसका घर ही होता है। बच्चा वही सीखता है, जो उसे घर में देखने को मिलता है। यही वजह है कि लोग अपने बच्चे के सामने काफी सोच-समझ के बोलते हैं। बच्चे के सामने कुछ काम करने से पहले भी कई बार सोचना पड़ता है। खासतौर पर बात करें बच्चे के माता-पिता की, तो हर बच्चा वो सब करता है, जो वो अपने माता-पिता को करते देखता है।

## रहें दयालु

अपने बच्चे के सामने कभी किसी से हावी न हों। बच्चों के सामने दूसरों पर दयालू रहें, ताकि आपके बच्चे में भी ये आदत आ सके। उन्हें सिखाएं कि अगर किसी से कोई गलती भी हो गई है तो उसे माफ करें। माफ करने वाला हमेशा बड़ा होता है। अपने बच्चे को लोगों की मदद करना भी सिखाएं।

## शेयरिंग है जरूरी

अपने बच्चे के सामने परिवार के लोगों के साथ चीजों को शेयर करें, ताकि उन्हें भी शेयरिंग की आदत लगे। अगर आप ही ऐसा नहीं करेंगे, तो इससे उनके ऊपर भी खराब असर पड़ सकता है। ऐसे में अपने बच्चे को शेयरिंग जरूर सिखाएं, जिससे उन्हें स्कूल जाकर किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

## भावनाओं को करें नियंत्रित

बच्चे को उनकी भावनाओं पर नियंत्रिण करना सिखाएं। इसका मतलब ये बिल्कुल नहीं है कि उन्हें हर चीज पर कंट्रोल करना सिखाएं। बस आपको अपने बच्चे को ये एहसास दिलाना है कि भावनाओं को प्रकट करने के लिए सही जगह देखना बेहद जरूरी होता है।

बच्चे के सामने हमेशा दूसरों की बात अच्छे से सुनें, ताकि उसे भी ऐसा करने की आदत पड़े। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो आपका बच्चा सिर्फ अपनी कहेगा लेकिन सुनेगा किसी की नहीं। ये आदत काफी खराब होती है।




### अपनी सबसे बड़ी जीत से शीर्ष दो में रहना तय

# गुजरात ने खत्म किया चेन्नई का खेल

**एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद**

पहले अहमदाबाद के आसमान में गुजरात के बल्लों से रनों का तूफान निकला, फिर गेंदबाजों ने ऐसी आंधी चलाई कि चेन्नई सुपर किंग्स की नाव बीच मंझधार में डूब गई। गिल, सुदर्शन और बटलर ने रन ऐसे बटोरे मानो मैदान उनका गुलाम बन गया हो। इसके बाद सिराज, रबाडा और राशिद ने गेंद से चेन्नई के सपनों को एक-एक कर उखाड़ फेंका।

89 रन की आईपीएल की अपनी विशाल जीत के साथ गुजरात टाइटंस ने शीर्ष दो की मंजिल पा ली और चेन्नई की कहानी पर पूर्ण विराम लगा दिया। हार के साथ चेन्नई की टीम ने शर्मनाक तरीके से अपना अभियान खत्म किया। गुजरात को शीर्ष दो में रहने के लिए चेन्नई को 150 रन तक रोकना था। पर उसने उसे 140 रन पर ढेर कर दिया। अब बेंगलुरु और हैदराबाद के मैच का परिणाम कुछ भी रहे। गुजरात की टीम का दूसरे स्थान पर ही रहेगी।

गुजरात ने सुदर्शन (84), गिल (64) और बटलर (नाबाद 57) की अर्धशतकीय पारियों से चार विकेट पर 229 रन बनाए। उसके बाद चेन्नई को 13.4 ओवर में समेट दिया। सिराज और रबाडा ने पावरप्ले में ही 58 रन पर उसके चार शीर्ष बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया था। इनमें से सिराज ने सैमसन और उर्विल को तो खाता भी नहीं खोलने दिया। सिराज (13) और रबाडा (17) की जोड़ी पावरप्ले में 30 विकेट ले चकी है। यह इस सत्र में सर्वाधिक हैं। दुबे ने चेन्नई के लिए सर्वाधिक 47 और मैथ्यू ने 24 रन बनाए। गुजरात के लिए सिराज, रबाडा व राशिद ने तीन-तीन विकेट चटकाए।

इससे पहले सुदर्शन, गिल और बटलर की विस्फोटक बल्लेबाजी के आगे चेन्नई के गेंदबाज पूरी तरह बेबस नजर आए। सुदर्शन ने कप्तान गिल के साथ पहले विकेट के लिए 125 और बटलर के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े। चेन्नई के अंशुल ने 56 रन लुटाकर सिर्फ एक विकेट लिया।



## सबसे तेज रिकॉर्ड 10 शतकीय साझेदारियां

गिल-साई ने दसवीं बार शतकीय साझेदारी कर टी-20 में सर्वाधिक बार ऐसा करने का विश्व रिकॉर्ड बराबर किया। उन्होंने 46वीं पारी में ऐसा कर सबसे तेज यह उपलब्धि पाई। इनके अलावा गेल-कोहली (63 पारियां), बाबर-रिजवान (75 पारियां), एबी-कोहली (77 पारियां) ने ही दस बार ऐसा किया है। साई-गिल ने लीग में 7वीं बार पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी निभाई जो रिकॉर्ड है।

**600+ रन बनाने वाली जोड़ी-** साई और गिल एक टीम की ऐसी पहली जोड़ी है जिन्होंने लगातार दो सत्र में 600 प्लस रन बनाए हैं। पिछले साल भी 600 से अधिक रन बनाए थे। अन्य जोडियां गेल-कोहली, एबी-कोहली,गायकवाड़-फॉफ और कोहली-फॉफ हैं। सुदर्शन ने लगातार पांचवीं बार 50 प्लस का कर आईपीएल का रिकॉर्ड बराबर किया। सुदर्शन अब विरन्देर सहवाग, जोस बटलर और डेविड वॉर्नर के क्लब के शामिल हो गए हैं जिन्होंने पांच बार सर्वाधिक 50 प्लस का स्कोर किया है।

# दस साल बाद मैनचेस्टर सिटी से जा रहे फुटबॉल के द्रोणाचार्य

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

साल 2016 में जब एक दुबला-पतला, कोट-पैंट पहने स्पेनिश शख्स इंग्लैंड की धरती पर उतरा था तो वहां के फुटबॉल पंडितों ने हंसते हुए कहा था-यह इंग्लैंड है बॉस! यहां सिर्फ शरीर की ताकत और लंबे हवाई शॉट चलते हैं। यह एक सीजन भी नहीं झेल पाएगा। आज दस साल बाद जब वही शख्स ह्यमैनचेस्टर सिटी के मैदान से विदा हो रहा है, तो पूरा इंग्लैंड सदमे में है। नाम है-पेप गार्डियोला।

आज यूरोप के कई बड़े कोच किसी न किसी रूप में गार्डियोला की ह्यपाठशालाह्व से निकले माने जाते हैं। मिकेल अटेर्टा, एन्जो मारेस्का और जाबी ओलोंसो जैसे नाम सीधे या परोक्ष रूप से उनके प्रभाव में तैयार हुए। यह ह्यजीनियसह्व मैनचेस्टर सिटी में एक दशक तक टिका रहा। इस दौरान उन्होंने क्लब को कुल 20 ट्रॉफियां जिताईं, जिनमें 6 प्रीमियर लीग, 3 एफए कप, 5 लीग कप के साथ चैंपियंस लीग, यूईएफए सुपर कप और क्लब वर्ल्ड कप शामिल हैं। जब गार्डियोला 2016 में इंग्लैंड पहुंचे थे, तब वहां की फुटबॉल संस्कृति अलग थी। तेज खेल, लंबी गेंदें, शारीरिक ताकत और सीधे हमले प्रीमियर लीग की पहचान माने जाते थे। ऐसे में कई लोगों का मानना था कि उनका ह्यपजेशन-बेस्डह्व (गेंद को अपने पास रखने पर आधारित) खेल इंग्लिश फुटबॉल के मिजाज से मेल नहीं खाता। गैरी नेविल और जेमी कैराघेर पूर्व दिग्गजों ने सवाल उठाए थे कि बिना शारीरिक ताकत, आक्रामकता और लंबे पास के इंग्लैंड के कड़ी सर्दियों के महीनों में लीग नहीं जीती जा सकती।

## सचिन, श्रीशंकर, कुजूर पर निगाहें

**रांची।** भालाफेंक खिलाड़ी सचिन यादव, लंबी कूद के मुरली श्रीशंकर, फरार्टा धावक अनिमेष कुजूर, रिले धावक विशाल टीके और डेकाथलन के तेजस्विन शंकर शुक्रवार से शुरू होने सीनियर फेडरेशन कप में आकर्षण का केंद्र होंगे। चार दिवसीय टूनार्मेंट से देश के शीर्ष ट्रैक और फील्ड सितारे राष्ट्रमंडल खेलों में जगह पाने के लिए चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने की कोशिश करेंगे। टूनार्मेंट इसलिए अहम है क्योंकि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर एसआरवाय जीन टेस्ट कराएगा ताकि जैविक रूप से महिला प्रतियोगी ही महिला वर्ग में उतर सकें।

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें
7974817308, 9516848052

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### बिना हेलमेट बुलेट चलाते दिखे विधायक हार्डिया, यह बिंदास अंदाज आया चर्चा में

**इंदौर।** विधायक और पूर्व मंत्री महेंद्र हार्डिया एक बार फिर अपने अलग अंदाज को लेकर चर्चा में आ गए हैं। शहर की सड़कों पर उनका एक ऐसा बिंदास लुक देखने को मिला, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। पूर्व मंत्री महेंद्र हार्डिया रॉयल एनफील्ड बुलेट चलाते नजर आए। खास बात यह रही कि इस दौरान उन्होंने हेलमेट नहीं पहन रखा था। इतना ही नहीं, वे अपने पारंपरिक खादी परिधान की जगह टी-शर्ट और कैपरी में दिखाई दिए। विधायक का यह अंदाज अब शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि इस पूरे मामले ने ट्रैफिक नियमों और वीआईपी कल्चर को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर में ट्रैफिक पुलिस आम लोगों पर बिना हेलमेट वाहन चलाने को लेकर लगातार चालानी कार्रवाई कर रही है, लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा खुलेआम नियमों की अनदेखी किए जाने पर लोग सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब कानून बनाने वाले ही नियमों का पालन नहीं करेंगे, तो आम जनता को क्या संदेश जाएगा। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या ट्रैफिक पुलिस आम नागरिकों की तरह पूर्व मंत्री पर भी कार्रवाई करेगी या मामला रसूख के चलते ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

### युवती से मिलने पहुंचे युवक ने किया हंगामा मिलने से इनकार पर घर में की तोड़फोड़

**इंदौर।** हीरानगर इलाके में एक युवती के दोस्त द्वारा घर में तोड़फोड़ और धमकी देने का मामला सामने आया है। युवती के ट्रेवल्स व्यवसायी पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपे गए हैं। फिलहाल आरोपी की तलाश की जा रही है। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक अभिनंदन नगर स्थित ए-स्कीम गार्डन निवासी शिबु जार्ज की शिकायत पर गुरुवार को पुलिस ने कल्पना नगर निवासी आदर्श पुत्र ललित सोनी के खिलाफ घर में तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आदर्श पेशे से गाड़ी सीजिंग का काम करता है और वह शिबु जार्ज की बेटी का दोस्त है। वह युवती से मिलने उसके घर पहुंचा था, लेकिन युवती ने उससे मिलने से इनकार कर दिया। इससे नाराज होकर आरोपी ने घर की खिड़कियों के कांच तोड़ दिए और धमकी देकर वहां से चला गया। पुलिस ने आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम रवाना की गई है।

### दो दोस्तों को ट्रक ने मारी टक्कर हादसे में एक युवक की मौत

**इंदौर।** खुडैल इलाके में बाइक से जा रहे दो दोस्तों को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। खुडैल पुलिस के मुताबिक पालदा निवासी 19 वर्षीय रामकिशन पुत्र नानकराम अपने दोस्त परम के साथ बाइक से जा रहा था। तभी सात मील क्षेत्र के पास उनकी बाइक को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल एनर्जी अस्पताल ले जाया गया। यहां से डॉक्टरों ने रामकिशन को एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के जीजा अनिल ने बताया कि रामकिशन जामनिया खुर्द क्षेत्र में अपने दोस्त के साथ एक साइट पर काम करता था। परिवार में उसका एक बड़ा भाई है। परिवार मूल रूप से हरदा जिले के सोनतलाई का रहने वाला है और पिछले करीब तीन साल से इंदौर में रह रहा है। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### इंदौर में बन रही हिंदी फिल्म अपनापन और नई सोच की कहानी लेकर आएगी

**इंदौर।** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग कैरियर, सफलता और आधुनिक जीवनशैली की दौड़ में इतने व्यस्त हो गए हैं कि रिश्तों की गर्माहट और परिवार के लिए समय धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। ऐसे समय में दर्शकों को वही कहानियां सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं, जिनमें उन्हें अपने जीवन और परिवार की झलक दिखाई दे। इन्हीं भावनाओं और रिश्तों के बदलते समीकरणों को संवेदनशील तरीके से पर्दे पर उतारने जा रही है आगामी हिंदी फिल्म बैलेंस। गुरुवार को फिल्म की टीम ने मीडिया से बातचीत कर फिल्म की कहानी, उद्देश्य और निर्माण से जुड़ी कई खास जानकारियां साझा कीं। इंदौर के लेखक-निर्देशक प्रवेश व्यास द्वारा निर्देशित फिल्म बैलेंस एक मध्यमवर्गीय परिवार की भावनात्मक कहानी है। फिल्म में पिता और बेटे के रिश्ते को बेहद सरल, संवेदनशील और वास्तविक अंदाज में प्रस्तुत किया गया है। कहानी आधुनिक जीवनशैली और भारतीय पारिवारिक मूल्यों के बीच पैदा हो रहे टकराव को दिखाती है। साथ ही यह रिश्तों में संवाद, समझदारी और अपनत्व की अहमियत को भी उजागर करती है। फिल्म की एक खास बात यह भी है कि इसमें इंदौर और आसपास के कई स्थानीय कलाकारों को अभिनय का अवसर दिया गया है। इससे शहर की उभरती प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का मंच मिलेगा। फिल्म की शूटिंग भी इंदौर के विभिन्न हिस्सों में की जा रही है, जिससे शहर की संस्कृति, पारिवारिक माहौल और स्थानीय जीवनशैली की झलक दर्शकों को बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। फिल्म की निर्माता रुचिता मेहता व्यास ने बताया कि बैलेंस सिर्फ मनोरंजन तक सीमित फिल्म नहीं है, बल्कि यह रिश्तों को समझने और उन्हें सहेजने का संदेश भी देती है। उन्होंने कहा कि फिल्म में परिवार, प्यार, समझदारी और बदलते समय के बीच तालमेल को बेहद सहज और वास्तविक तरीके से दिखाया गया है, जिससे हर आयु वर्ग का दर्शक खुद को कहानी से जोड़ पाएगा।

### 12 राज्यों की 26 राज्यसभा सीटों पर 18 जून को मतदान होगा

**इंदौर।** भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान शुक्रवार को कर दिया है। 12 राज्यों की 26 राज्यसभा सीटों पर 18 जून को मतदान होगा। इनमें मध्य प्रदेश की तीन सीटें शामिल हैं। मध्य प्रदेश से राज्यसभा के तीन सदस्यों का कार्यकाल 21 जून को खत्म हो रहा है। इनमें कांग्रेस के दिग्विजय सिंह जबकि बीजेपी से केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन और डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी शामिल हैं। कांग्रेस से दिग्विजय सिंह इस बार चुनाव लड़ने से मना कर चुके हैं। उनकी सीट पर पूर्व सीएम कमलनाथ, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, कमलेश्वर पटेल, अरुण यादव, सज्जन सिंह वर्मा के नाम रेस में हैं। वहीं, बीजेपी कुरियन को दोबारा उच्च सदन भेज सकती है। सुमेर सिंह की सीट पर भी किसी और आदिवासी चेहरे को उतारा जा सकता है। कांग्रेस के लिए मुश्किल यह है कि दतिया विधायक राजेंद्र भारती की विधानसभा सदस्यता जा चुकी है। विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा राज्यसभा चुनाव में मतदान नहीं कर पाएंगे। बीना विधायक निर्मला सप्रे बीजेपी और कांग्रेस के बीच झूल रही हैं। ऐसे में वो किस दल के पक्ष में मतदान करेंगी, फिलहाल निश्चित नहीं है।

### कुओं का कायाकल्प करेंगी बैंकें, नगर निगम ने सौंपी जल संवर्धन की जिम्मेदारी

**इंदौर।** इंदौर के पारंपरिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने की दिशा में नगर निगम ने एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शहर के खस्ताहाल और बदहाल हो चुके कुओं को नया जीवन देने और उनके संपूर्ण कायाकल्प के लिए नगर निगम प्रशासन ने छह प्रमुख बैंकों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इस नई योजना के तहत प्रत्येक चिन्हित बैंक को शहर के 25 से 30 कुओं को संवारने का जिम्मा उठाना होगा। बैंकों को न केवल इन कुओं की साफ-सफाई और मरम्मत करानी होगी, बल्कि उनका गहरीकरण कराने के साथ-साथ नगर निगम द्वारा तय किए गए अन्य सभी आवश्यक कार्य भी पूरे कराने होंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी नगर निगम ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी यानी सीएसआर फंड के माध्यम से विभिन्न निजी कंपनियों और बैंकों के सहयोग से शहर के कई ऐतिहासिक तालाबों को संवारने का काम बड़े पैमाने पर किया था। इस वृहद अभियान की पृष्ठभूमि में नगर निगम की विशेष टीमों द्वारा पिछले दिनों शहर के सभी वार्डों और क्षेत्रों में स्थित कुओं का एक विस्तृत सर्वे किया गया था। इस सर्वे के आधार पर निगम ने एक व्यापक सूची तैयार की थी। इसके बाद शुरूआती चरण में निगम ने अपने संसाधनों से कुछ प्रमुख कुओं को संवारने का काम शुरू भी किया था, लेकिन कई स्थानों पर कुओं के आसपास के हिस्सों में अवैध निर्माण और अतिक्रमण होने के कारण काम समय पर शुरू नहीं हो सका था।

### इंदौर में सड़क चौड़ीकरण के लिए निगम की कार्रवाई, छावनी क्षेत्र से हटाया जा रहा अतिक्रमण

# जेसीबी-पोकलेन तोड़ रही मकानों का बाधक हिस्सा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



इंदौर के छावनी क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण को लेकर शुक्रवार सुबह नगर निगम का अमला भारी पुलिस बल के साथ मैदान में उतर गया। निगम द्वारा बाधक मकानों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर जेसीबी और पोकलेन मशीनों की मदद से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस प्रशासन की टीम भी मौजूद रही।

सुबह से ही निगम का रिमूवल अमला क्षेत्र में तैनात हो गया था। इसके बाद सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे मकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई। कई मकानों और निर्माणों को मशीनों की मदद से हटाया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक यह कार्रवाई दोपहर तक जारी रह सकती है। नगर निगम ने कार्रवाई से पहले क्षेत्र के निवासियों को नोटिस देकर जानकारी दे दी थी। इसके बाद शुक्रवार को तय योजना के तहत कार्रवाई शुरू की गई। बताया जा रहा है कि सड़क को पहले 80 फीट चौड़ा किया जाना प्रस्तावित था, लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के बाद फिलहाल इसे 60 फीट तक चौड़ा करने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि सड़क चौड़ीकरण को लेकर कुछ दिन पहले महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे थे। उन्होंने स्थानीय रहवासियों से चर्चा कर सड़क की स्थिति का जायजा लिया था। फिलहाल नगर निगम की कार्रवाई लगातार जारी है।

#### महापौर ने कहा- अतिक्रमण हटाने का पर्याप्त समय दिया गया

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि शहर के विकास और मास्टर प्लान की दृष्टि से ये सड़कें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। लोगों को पर्याप्त समय और नोटिस देने के बाद भी सड़क के बीच बने अवैध निर्माण और बाधाओं को नहीं हटाया गया, जिसके चलते प्रशासन द्वारा अब उन्हें हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। मास्टर प्लान की सड़कों का समय पर निर्माण सुनिश्चित करना नगर निगम की जिम्मेदारी है और इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। इंदौर नगर निगम की टीम ने गुरुवार को लक्ष्मीबाई प्रतिमा से जिंसी चौराहे तक मास्टर प्लान की सड़क बनाने में बाधक 16 मकानों के अवैध हिस्से को हटाया, इसमें 5 जेसीबी और 5 पोकलेन मशीन लगाई गई थीं।

## भोजशाला में 700 साल बाद नमाज नहीं, सिर्फ पूजा

### मुस्लिम समाज ने काली पट्टी बांधकर दुकानें भी बंद रखीं, 2 हजार पुलिसकर्मी तैनात

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच द्वारा बीती 15 मई को भोजशाला को मंदिर घोषित किए जाने के बाद आज पहला शुक्रवार है। आज भोज उत्सव समिति ने परिसर में विशेष प्रतिमा स्थापित की है। जिसके दर्शन और पूजन के लिए लोग सुबह से ही पहुंच रहे हैं।

इधर, हाईकोर्ट के फैसले से निराश मुस्लिम पक्ष गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। आदेश को एकतरफा बताते हुए काजी मोइनुद्दीन ने गुरुवार रात करीब 8.30 बजे विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दाखिल की है। सदर अब्दुल समद ने कहा- कमाल मौला मस्जिद में 700 साल से जुमे की नमाज अदा होती रही है। इस परंपरा को प्रभावित किए जाने से समाज में दुख है, लेकिन लड़ाई पूरी तरह संवैधानिक और कानूनी दायरे में ही लड़ी जाएगी। शहर काजी वकार सादिक ने कहा- जब सुप्रीम कोर्ट से राहत और स्टे मिलेगा, तब मुस्लिम समाज सम्मान के साथ पहले की तरह नमाज अदा करेगा। उन्होंने प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि सभी समुदाय शांति और सौहार्द बनाए रखें। शहर हमारा अपना है, इसलिए अमन और भाईचारे को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। दोपहर एक बजे पूजन-हवन के लिए भोजशाला परिसर के बाहर ज्योति मंदिर पर हिंदू संगठन के सदस्य इकट्ठा होने लगे। अधिकारियों ने इन्हें हटाने की कोशिश की तो हल्की बहस हो हुई। प्रशासन ने श्रद्धालुओं को ज्योति मंदिर से करीब 50 कदम दूर जाने के लिए कहा। इसके बाद लोग निर्धारित जगह पर इकट्ठा हुए। भोजशाला आंदोलन में जान गंवाने वाले कार सेवकों के परिजन का सम्मान किया गया। अमृता सावन ने कहा- मैं पहली बार शुक्रवार को यहां आई हूं। खुशी है कि अब पूरे साल यहां मां सरस्वती की पूजा कर सकेंगे। भोज उत्सव समिति के संरक्षक अशोक जैन ने कहा- हम शोभायात्रा भी निकालने वाले थे, जिसे किसी वजह से रद्द कर दिया गया है। वहीं, शहर काजी वकार सादिक ने कहा कि मुस्लिम समाज न्यायपालिका का सम्मान करता है और अब सुप्रीम कोर्ट से न्याय की उम्मीद है। इससे पहले मुस्लिम पक्ष ने भी भोजशाला में नमाज अदा करने की घोषणा की थी, जिसे गुरुवार देर शाम टाल दिया गया।

#### 8 विशेष सुरक्षा कंपनियां भी लगाई

- धार में करीब दो हजार अधिकारी और जवान तैनात हैं। पुलिस की एक खास टीम सोशल मीडिया पर भी निगरानी रख रही है। कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने नागरिकों से शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। गुरुवार को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के नेतृत्व में पैदल फ्लैग मार्च भी निकाला गया था।
- एडिशनल एसपी विजय डावर ने कहा- 8 विशेष सुरक्षा कंपनियां भी लगाई गई हैं। इनमें रैपिड एक्शन फोर्स, पैरामिलिट्री फोर्स, एसडीईएफ, स्पेशल टास्क फोर्स, घुड़सवार पुलिस शामिल हैं। जिला प्रशासन द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

## ढाबों पर लगा लकड़ी का ढेर



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

रेल लाइन के लिए चोरल से बड़वाह तक करीब ढाई लाख पेड़ों की कटाई की जाना है। इंदौर की शुद्ध हवा के लिए चोरल रेंज का एक-एक पेड़ कीमती है। इसके बावजूद यहां जंगलों में तीन बीट में घावटी (निशान) लगाकर पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। हाल ही में उमठ, बेका, रसकुंडिया, नयापुरा में अवैध कटाई के प्रमाण मिले हैं।

दरअसल, गर्मी में जंगल सूख गए हैं, इसका फायदा उठाकर कटाई की जा रही है। सिमरोल से चोरल के बीच 20 से अधिक छोटे-बड़े ढाबे संचालित हो रहे हैं। कमर्शियल गैस की किल्लत होने से ढाबे वाले जंगल की लकड़ी का उपयोग कर रहे हैं। हर ढाबे में लकड़ियों का ढेर लगा है। अब तक वन विभाग ने किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है।

जिन बीटों में अवैध कटाई हो रही है, वहां अकसर तेंदुओं की मूवमेंट होती है। शाम होते ही चिकारा, नीलगाय, जंगली खरगोश जैसे कई जानवर घूमते दिख जाते हैं। ऐसे में जंगल कटने से वन्यजीवन भी प्रभावित होता है। 500 से अधिक पेड़ इन बीटों में हाल ही में काटे जा चुके हैं। डीएफओ लाल सुधाकर सिंह का कहना है कि जिन बीटों में जंगल कटा है, उनकी जांच कराई जाएगी। नुकसानी होने पर बीट गार्ड, रेंजर पर कार्रवाई की जाएगी।

### महिला के पेट से निकली फुटबॉल के आकार की गांठ

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में डॉक्टरों ने एक जटिल और दुर्लभ चिकित्सा सर्जरी कर महिला के पेट से फुटबॉल के आकार की बड़ी गांठ निकालकर नया जीवन दिया। कुछ दिनों बाद पेट में तेज दर्द और अत्यधिक रक्तस्राव की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंची थी। जांच में पता चला कि उसके पेट में करीब आठ माह की गर्भावस्था जितनी बड़ी फाइब्रॉइड गांठ डेवलप हो चुकी है।

मामला ज्योति मौर्य (45) निवासी इंदौर का है। उनका यह केस इसलिए और अधिक जटिल हो गया क्योंकि महिला ज्योति मौर्य (45) करीब चार महीने पहले गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्या से भी गुजर चुकी थी। दरअसल जनवरी में महिला बीएलओ ड्यूटी के दौरान बेहोश होकर गिर गई थी। मां शकुंतला के मुताबिक, जब यह घटना हुई थी तो उसके बाद उसकी हालत को लेकर यह सवाल उठने लगे थे कि वह ड्यूटी नहीं करने के लिए बहाने बना रही है। फिर उसे केयर सीएचएल हॉस्पिटल दिखाया गया। यहां जांच में उसके ब्रेन में कई स्थानों पर वीनस हेमोरैजिक इन्फार्क्ट पाए गए थे। इस दौरान न्यूरोलॉजॉजिस्ट डॉ. मनोरंजन बरनवाल की निगरानी में मरीज का इलाज किया गया था।

### महिला अधिकारी को वीडियो से ब्लैकमेल करने वाला गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

एक महिला अधिकारी को एक कथित पत्रकार ने बहाने से 5 हजार रुपए दिए। रुपए लेने के वीडियो को दिखाकर महिला से 2 लाख वसूलने चाहे। महिला ने क्राइम ब्रांच को शिकायत की तो टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश त्रिपाठी ने बताया, अधिकारी महिला की रिपोर्ट पर आरोपी अजित (52) चौरसिया निवासी देवास नाका के खिलाफ धमकाकर वसूली का केस दर्ज किया है। आरोपी सोशल कांट्रेक्टर बनकर साथी के साथ पहुंचा था।






















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com